आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी 11:55 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 19 जून 2025
वर्ष 3, अंक 299, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ईरान बोला- कभी नहीं करेंगे आत्मसमर्पण 14

कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ 12

# भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल, इससे आंखें न मूंदें : मोदी

## जी-7 सम्मेलन : आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की बात उठाई

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 नेताओं से कहा कि भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल बन गया है और इस चुनौती से आंखें मूंदना मानवता के साथ विश्वासघात होगा। उन्होंने सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग की।

यहां जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ हमला प्रत्येक भारतीय की आत्मा, पहचान और गरिमा पर सीधा हमला था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी देश को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसे इसकी कीमत चुकानी चाहिए। आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, तथा उन्होंने सवाल किया कि क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जाना चाहिए। मोदी मंगलवार को ऊर्जा सुरक्षा पर जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा, आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखने वाले सभी देशों के विरोध में खड़ा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा, वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और हमारी नीतियां अत्यंत स्पष्ट होनी चाहिए - जो भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है, उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसकी कीमत चुकानी चाहिए। मोदी ने कहा कि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। एक तरफ हम अपनी प्राथमिकता के आधार पर हर तरह के प्रतिबंध लगाने में जल्दबाजी करते हैं। दूसरी तरफ, जो देश खुले तौर पर आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। मोदी ने कुछ प्रश्न भी पूछे। उन्होंने पूछा, क्या हम वाकई आतंकवाद से निपटने के लिए गंभीर हैं? क्या हम आतंक का सही मतलब तभी समझ पाएंगे जब वह हमारे दरवाज़े पर दस्तक देगा?

उन्होंने पूछा, क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जा सकता है? क्या वैश्विक संस्थाओं पर विश्वसनीयता खोने का खतरा है? आतंक से निपटने के लिए निर्णायक वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया।

### मेलोनी ने मोदी के साथ तस्वीर की साझा

**कनाडा।** जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। मेलोनी ने मोदी के साथ एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की और कहा कि भारत और इटली गहरी दोस्ती से जुड़े हैं। मेलोनी ने पीएम मोदी को बेस्ट बताते हुए उनकी तरह बनने की इच्छा जताई।



कनाडा में जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी से साथ सेल्फी लेतीं इटली की पीएम मेलोनी।

### भारत-कनाडा उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमत, संबंधों में स्थिरता होगी बहाल

**नई दिल्ली/कनाडा।** प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा में उनके समकक्ष मार्क कार्नी ने भारत-कनाडा संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए रचनात्मक कदम उठाने पर सहमति जताई है, जिसमें दोनों देशों की राजधानियों में उच्चायुक्तों की जल्द बहाली शामिल है, जो तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के उनके इरादे का संकेत है। मोदी और कार्नी ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें संबंधों को फिर से बहाल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद से द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गये थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय तथा कार्य-स्तरीय संवाद को फिर से शुरू करने के महत्व को भी रेखांकित किया।

# ट्रंप को दो टूक, मध्यस्थता स्वीकार नहीं पाकिस्तान के अनुरोध पर रोका था युद्ध

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति का दावा किया खारिज, दोनों नेताओं में फोन पर 35 मिनट हुई बात

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

- कहा- भारत आतंकवाद को छद्म युद्ध नहीं बल्कि युद्ध के ही रूप में देखता है
- कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को मोदी ने नकारा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष रोकने में मध्यस्थता की भूमिका निभाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को खारिज करते हुए उन्हें बताया कि भारत और पाकिस्तान ने बिना किसी मध्यस्थता के अपनी सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद पिछले महीने सैन्य कार्रवाई रोकी थी।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि ट्रंप के साथ मंगलवार को फोन पर करीब 35 मिनट तक हुई बातचीत में मोदी ने साफ तौर पर कहा कि भारत मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता है और न कभी स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद के अनुरोध पर सैन्य कार्रवाई रोकने पर भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बातचीत शुरू हुई थी। मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद को छद्म युद्ध के रूप में नहीं, बल्कि एक युद्ध के ही रूप में देखता है और भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की सबसे पहले घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने 10 मई को की थी। इसके बाद से ट्रंप दावा करते आ रहे हैं कि उन्होंने संघर्ष रोकने पर सहमत न होने पर दोनों देशों के साथ व्यापार रोकने की धमकी देकर संघर्ष विराम समझौते में मध्यस्थता की। मोदी ने पूर्व प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। मोदी और ट्रंप का जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात का कार्यक्रम था लेकिन ट्रंप के शिखर सम्मेलन से समय से पहले विदा लेने से यह बैठक नहीं हो पाई। दोनों नेताओं ने फोन पर बातचीत की, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई के बीच हुए सैन्य संघर्ष पर प्रमुखता से बात की गई। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से बताया कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते या भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका द्वारा मध्यस्थता के किसी प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं हुई। मोदी-ट्रंप बातचीत की अहम बातें साझा करते हुए उन्होंने बताया, सैन्य कार्रवाई रोकने पर चर्चा भारत और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के मौजूदा संचार चैनलों के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से हुई और इसे पाकिस्तान के अनुरोध पर किया गया।



प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप। (फाइल)

### ट्रंप को दी जानकारी पाकिस्तानी हमले को लेकर जेडी वेंस का आया था फोन

विदेश सचिव के अनुसार मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को बताया कि भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली, सटीक तथा तनाव को और बढ़ावा नहीं देने वाली थी। मिसरी ने कहा, 9 मई की रात को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया था। वेंस ने बताया था कि पाकिस्तान भारत पर एक बड़ा हमला कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें साफ-साफ कहा था कि अगर ऐसा कोई हमला होता है तो भारत और कड़ा जवाब देगा। मोदी ने फोन पर बातचीत में कहा, भारत ने 9-10 मई की रात को पाकिस्तान के हमले का कड़ा जवाब दिया, जिससे पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा, उनके हवाई अड्डों को निष्क्रिय कर दिया गया।

### ट्रंप ने क्वाड सम्मेलन में भारत आने का मोदी का निमंत्रण स्वीकारा

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को अगले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का न्यौता दिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने न्यौता स्वीकार कर लिया और कहा कि वह भारत आने के लिए उत्सुक हैं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए छह मई की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इन हमलों के कारण चार दिन तक सैन्य संघर्ष हुआ, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुआ। भारत का कहना है कि उसकी कड़ी प्रतिक्रिया के कारण ही पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए अनुरोध करना पड़ा।

## संभल हिंसा मामले में 1100 पेज का आरोप पत्र दाखिल

# सांसद बर्क व जामा मस्जिद सदर सहित 23 पर चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी

**अमृत विचार:** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले को लेकर दर्ज एक और मुकदमे में पुलिस ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क के साथ ही जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 23 लोगों के खिलाफ 1100 पेज की चार्जशीट अदालत में दाखिल की है। बड़ी बात यह है कि इस मुकदमे में नामजद आरोपी सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को क्लीन चिट दे दी गई है।

संभल में 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। पथराव फायरिंग व आगजनी की घटनाओं में चार लोगों की मौत हुई थी। पुलिस प्रशासनिक अमले के 29 लोग पथराव व गोली लगने से घायल हुए थे।

पुलिस की तरफ से कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। सरथल पुलिस चौकी प्रभारी दीपक राठी ने अपराध संख्या 335 के तहत सांसद जियाउर्रहमान बर्क व सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को नामजद करने के साथ ही 700- 800 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मुकदमे में चौकी प्रभारी ने 24 नवंबर की हिंसा का जिक्र करने के साथ ही 22 नवंबर को सांसद जियाउर्रहमान बर्क द्वारा जामा मस्जिद पर नमाज अदा करने के बाद बिना प्रशासनिक अनुमति भीड़ इकट्ठी कर राजनीतिक लाभ लेने के लिए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और भीड़ को उग्र करने का भी आरोप लगाया था। विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल पर भी आरोप था कि उन्होंने यह कह कर भीड़ को उकसाया कि जियाउर्रहमान बर्क हमारे साथ हैं। हम लोग भी तुम्हारे साथ हैं, हम तुम्हारा कुछ नहीं होने देंगे, अपने मंसूबों को पूरा करो। इसी वजह से भीड़ उग्र हुई और हिंसा हो गई।



सांसद जियाउर्रहमान बर्क।

- 12 में से 11 मुकदमों में पुलिस ने दाखिल कर दी चार्जशीट, विधायक पुत्र को दी क्लीन चिट
- जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 92 लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका जेल

### सीओ अनुज पर की गई थी फायरिंग

इस मुकदमे में 24 नवंबर को भीड़ द्वारा अदालत के आदेश पर हो रही सर्वे की कार्रवाई में बाधा डालने, पुलिस पर पत्थरबाजी करने, तोड़फोड़ के साथ ही पुलिस व अन्य लोगों के वाहनों को आग के हवाले कर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप भी थे। उपद्रवियों द्वारा सीओ अनुज कुमार चौधरी पर जान से मारने की नीयत से फायर करने की बात भी कही गई थी। कहा गया था कि सीओ के दाहिने पैर में गोली लगी। जांच में पता चला कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने दूर रहकर लोगों को हिंसा के लिए उकसाया।

# प्रदेश में मानसून ने किया प्रवेश, भारी बारिश की चेतावनी

- मानसून ने सोनभद्र से ली एंट्री, फिलहाल 30 से अधिक जिलों में सक्रिय रहेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में रहने वालों को अब भारी बारिश को लेकर तैयार हो जाना चाहिए। प्रदेश में मानसून बुधवार को प्रवेश कर गया है। मानसून ने सोनभद्र एंट्री से ली है इसके बाद वाराणसी बारिश से सराबोर होगा। इस बीच मिर्जापुर समेत तराई के कुल 15 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी कर दी है। वहीं, पूर्वी उप्र. के 22 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका भी जतायी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ चुका है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, मानसून के आने से सबसे पहले सोनभद्र, गाजीपुर और वाराणसी जैसे पूर्वी जिलों में बारिश शुरू हो चुकी है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने दो लो-प्रेशर सिस्टम शीघ्र ही एक साथ मिल सकते हैं जिससे मानसून और अधिक सक्रिय हो जाएगा। यह मानसूनी दौर पूर्वी उप्र. से शुरू होकर तराई, मध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र तक पहुंचेगा और अगले चार से पांच दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। चार साल बाद समय पर मानसून उत्तर प्रदेश में आया है, जो झमाझम बारिश कराएगा। अभी 30 से अधिक जिलों में मानसून सक्रिय रहेगा, कुछ दिन में लखनऊ समेत पूरे प्रदेश को घेर लेगा।



### इन जिलों में होगी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती सहित कई इलाकों में भारी वर्षा की संभावना है। इसके साथ ही 19-20 जून को प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

### यहां ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने प्रयागराज, आजमगढ़, मऊ, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच समेत कुल 22 जिलों के लिए बिजली गिरने और तेज बादल गरजने की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी और प्रयागराज जैसे क्षेत्रों में तेज रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है।

# पुलिया से टकरा आग का गोला बनी कार, 5 जिंदा जले

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)

- बदायूं से दिल्ली जाते समय जहांगीराबाद और अनूपशहर के बीच हुआ हादसा
- एक युवती गंभीर रूप से झुलसी, अस्पताल में चल रहा इलाज

**अमृत विचार :** दिल्ली जाते समय बुलंदशहर जिले में चलती कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराकर खंती में जा गिरी और उसमें आग लग गई। कार सवारों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। इस हादसे में कार सवार बच्चे समेत पांच की जलकर मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से झुलस गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकलकर्मियों की मदद से आग बुझाकर सभी को बाहर निकाला। झुलसी युवती का इलाज चल रहा है।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव चमरपुरा निवासी तनजील अहमद उर्फ लल्ला (30) पुत्र तनवीर अहमद दिल्ली में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करते थे। वह अपने परिवार के साथ दिल्ली के मालवीय नगर में रहते थे। 16 जून को तनजील अहमद के चाचा अलीम के निकाह में शामिल होने 15 जून को परिवार के साथ दिल्ली से आए थे। बुधवार सुबह 4 बजे कार से अपनी पत्नी निदा (25), बहन मोमिना (30) व उनके पति गांव खैरपुर खल्ली निवासी जुबैर (30) पुत्र औसाद अली, दो साल के बेटे जैनुल, अविवाहित बहन गुलनाज उर्फ गुल्लो के साथ दिल्ली के लिए निकले थे। बुलंदशहर में जहांगीराबाद से अनूपशहर के बीच जानीपुर तिराहे पर कार अनियंत्रित हो गई और पुलिया से टकराकर पास के खंती में जा गिरी। हादसा देखकर आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे। कार में पीछे की सीट पर बैठी गुलनाज को शीशा तोड़कर निकाला, लेकिन अचानक कार में आग लग गई। तेज लपटें उठने लगीं। लोग दूर भाग गए, जिसके चलते अन्य कार सवार बाहर नहीं निकाले जा सके और कार में ही जिंदा जल गए।

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन कार की तेज लपटों की वजह से किसी ने पास जाने की जहमत नहीं उठाई। दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग बुझाई। कार सवारों को बाहर निकाला गया। तंजीर अहमद, निदा, गुड्डो, जुबैर अली, जैनुल के शव पूरी तरह से जल गए थे। पुलिस ने उनकी परिजनों को सूचना दी।



# आम से भरा वाहन डिवाइडर से टकराकर पलटा, 4 की मौत

आगरा , एजेंसी

- आगरा में हुआ भीषण सड़क हादसा, एक की हालत गंभीर

आगरा में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बुधवार की सुबह आम से भरा एक लोडर वाहन फ्लाईओवर पर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। सहायक पुलिस आयुक्त हेमंत कुमार के अनुसार, दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में हुई।

अधिकारी ने बताया कि फिरोजाबाद से आम लेकर जा रहा लोडर वाहन फ्लाईओवर पर चढ़ते समय नियंत्रण खो बैठा और डिवाइडर से जा टकराया। वाहन किनारे से फिसला और ऊंचाई से नीचे गिर गया। फ्लाईओवर के नीचे तीन लोग - राजेश (65), रामेश्वर (60) और हरिबाबू (63) सुबह की सैर के बाद बैठे थे, वाहन उनके ऊपर गिर गया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।



# मतदाताओं को अब 15 दिनों के भीतर मिलेंगे पहचान पत्र

**नई दिल्ली/ लखनऊ।** निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता पहचान पत्र अब 15 दिनों के भीतर मतदाताओं तक पहुंचा दिए जाएंगे, इनमें नया नामांकन या मौजूदा मतदाता के किसी विवरण में बदलाव शामिल है।

यह पहल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ईसीआई द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है। नई प्रणाली में ईआरओ द्वारा एपिक बनाने से लेकर डाक विभाग के माध्यम से मतदाता को एपिक की डिलीवरी तक प्रत्येक चरण की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी।

इस कवायद में मतदाताओं को प्रत्येक चरण पर एसएमएस के माध्यम से सूचनाएं प्राप्त होंगी, जिससे उन्हें उनके मतदाता पहचान पत्र की स्थिति के बारे में जानकारी मिलती रहेगी। इस उद्देश्य के लिए ईसीआई ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीआईनेट प्लेटफ़ॉर्म पर एक समर्पित आईटी मॉड्यूल पेश किया है।


# 3000 रुपये में एक साल के लिए फास्टैग पास

## निजी गाड़ियां 200 बार टोल क्रॉस कर सकेंगी, सरकार 15 अगस्त से वार्षिक पास करेगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार निजी वाहनों के लिए फास्टैग आधारित वार्षिक पास पेश करेगी, जिसकी कीमत 3,000 रुपये होगी। उन्होंने कहा कि यह 15 अगस्त से प्रभावी होगा जिससे राजमार्गों पर बिना किसी परेशानी के यात्रा करना संभव हो पाएगा।

गडकरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि यह पास चालू होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा के लिए (जो भी पहले हो) वैध होगा। इसे खास तौर पर गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए तैयार किया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि वार्षिक पास से देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध एवं लागत प्रभावी यात्रा संभव हो सकेगी। इसके लिए एक लिंक जल्द ही राजमार्ग यात्रा एप के साथ-साथ एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।



### एनएच व राज्य हाईवे में अंतर

जो हाईवे या सड़क एक राज्य से दूसरे राज्य को जोड़ते हैं, वो नेशनल हाईवे कहलाते हैं। इनके माइलस्टोन पर पीले रंग की पट्टी लगी होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क भारत के हर प्रमुख शहर को जोड़ती है। चाहे बंदरगाह, राज्यों की राजधानी हो। जो सड़क राज्य के एक जिले को दूसरे जिले से जोड़े उसे राज्य हाईवे कहते हैं। इनके माइलस्टोन पर हरे रंग की पट्टी होती है। अधिकतर दो लेन में होते हैं।

### लंबे समय से चली आ रही चिंताएं होंगी दूर



गडकरी ने कहा कि यह नीति किमी के दायरे में स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करती है और एकल, किफायती लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सरल बनाती है। प्रतीक्षा समय, भीड़भाड़ कम करके तथा टोल प्लाजा पर विवादों को न्यूनतम करके इस वार्षिक पास का उद्देश्य लाखों निजी वाहन मालिकों को तीव्र एवं सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करना है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में एमबीए छात्र की मौत


**कानपुर।** चकेरी फ्लाईओवर पर बाइक सवार एमबीए छात्र को तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हैलट ले जाते समय रास्ते में छात्र ने दम तोड़ दिया। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। केडीए कालोनी देहली सुजानपुर निवासी सर्वेश कुमार उत्तम का 23 वर्षीय बेटा हर्षित रूमा स्थित एक कालेज से एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। परिवार में मां पूजन व छोटा भाई आयूष है। चचेरे भाई अमित ने बताया कि पूरा परिवार मंगलवार शाम को अयोध्या से लौटा और नर्वल स्थित दलपतपुर गांव पहुंचा। वहां कुछ घंटे रहने के बाद हर्षित बाइक लेकर सुजानपुर वाले घर जा रहा था। रास्ते में चकेरी फ्लाईओवर पर किसी तेज गति चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने उसे कांशीराम भिजवाया। जहां से हैलट रेफर किया गया था लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### डंपर के पहियों के नीचे आकर हेल्पर की मौत

**कानपुर।** पनकी कूड़ा प्लांट में डंपर के पहियों में फंसी गिट्टी निकालते समय हेल्पर की उसी के पहियों के नीचे दबकर मौत हो गई। खड़े डंपर में पोकलैंड की टक्कर लग गई, जिससे ढलान पर होने के कारण डंपर चल पड़ा और हेल्पर पहियों के नीचे आ गया। नैरैयाखेड़ा निवासी फिरोज का 22 वर्षीय बेटा अफरोज पनकी कूड़ा प्लांट में लगे डंपर पर हेल्पर था। मंगलवार शाम को वह डंपर के पिछले पहियों में फंसी गिट्टी निकाल रहा था। इसी बीच पीछे से आए पोकलैंड की डंपर में टक्कर लग गई। डंपर ढलान पर खड़ा होने के कारण आगे बढ़ गया और पहियों के नीचे आने से अफरोज की मौत हो गई।

### हजरत दादा मियां का उर्स 21 व 22 जून को

**कानपुर।** अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले प्रसिद्ध सूफी बुजुर्ग हजरत सैयद शाह गुलाम रसूल रसूलनुमा उर्फ दादा मियां का उर्स मुबारक 21 व 22 जून को दादा मियां चौराहा स्थित खानकाह हजरत दादा मियां में होगा। बुधवार को खानकाह के सज्जादानशीन एवं मुतवल्ली सैयद अबुल बरकात नजमी ने पत्रकारों को बताया कि 21 जून को रात 8 बजे नातिया मुशायरा एवं जलसा होगा जिसमें उलेमा समाज सुधार पर अपने विचार रखेंगे। 22 जून को भोर में फजिर की नमाज के बाद कुरानख्वानी होगी जबकि सुबह 10 बजे उलेमा तकरीर करेंगे। सुबह 11 बजे कुलशरीफ होगा जिसकी सरपरस्ती प्रोफेसर अबुल हसनात हक्की फरमायेंगे।


सैयद अबुल बरकात।

### रेलवे लाइन के किनारे होम ट्यूटर का मिला शव

**कानपुर।** सेन पश्चिम पारा में पारा चौकी के पास रेलवे लाइन के किनारे होम ट्यूटर का शव मिला। उसकी बाइक समीप ही खड़ी मिली। पालपुर साढ़ निवासी प्रेम कुमार यादव का 18 वर्षीय बेटा नितिन सिंह घर-घर जाकर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था। परिवार में मां शीला, बड़ा भाई राघवेंद्र व बहन करिश्मा है। राघवेंद्र ने बताया कि मंगलवार रात को वह घर नहीं लौटा तो उसकी तलाश की, लेकिन कोई खबर नहीं मिली। पौन घंटे बाद नितिन के मोबाइल से पुलिस का फोन आया, तब वह लोग पारा क्षेत्र में रेलवे लाइन के पास पहुंचे। नितिन के सिर में गंभीर चोट थी और दोनों पैर कटे थे।


नितिन

# गंगा में सीवर बहाने पर डीएम का नोटिस

## जिलाधिकारी ने बैठक में जताई नाराजगी, जलनिगम ग्रामीण और केआरएमपीएल को दिया नोटिस

**अमृत विचार इंपैक्ट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा नदी में गिर रहे नालों और एसटीपी से होने वाले ओवरफ्लो को लेकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एक्शन लिया है। अमृत विचार में मामले के उजागर के बाद बुधवार को नवीन सभागार में बैठक के दौरान उन्होंने एसटीपी के कार्य में लापरवाही बरत रहे जलनिगम ग्रामीण व कंपनी केआरएमपीएल को नोटिस देने के निर्देश दिये। यूपीपीसीबी के अधिकारियों से कहा कि दोनों को नोटिस देने के साथ ही एक कॉपी हमें भी उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही उन्होंने जलनिगम ग्रामीण को गंगा नदी के अनटेप्ड नालों कि टैपिंग का कार्य 15 अगस्त तक शुरू करने के निर्देश दिए। कहा कि टैपिंग की कार्य योजना क्षेत्रीय अधिकारी यूपीपीसीबी को उपलब्ध कराएं।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में मासिक बैठक हुई। इसमें जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की विभाग-वार समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों से कहा की समस्त ब्लॉक में अटल वन बनाने हेतु स्थान का चिन्हाकन किया जाए जिसमें कम से कम 1000 पौधरोपण किया जा सकें। उन्होंने विभागों से कहा कि वृक्षारोपण की लक्ष्य के अनुसार कार्य योजना बनाएं। पनकी में नगर निगम द्वारा संचालित सॉलिड वेस्ट प्लांट में एकत्र लीगेसी वेस्ट के निस्तारण की कार्ययोजना नगर निगम से मांगी। उन्होंने बैठक में कहा कि जाजमऊ स्थित 130,43 एमएलडी एसटीपी और 36 एमएलडी सीईटीपी (वर्तमान में एसटीपी) से संबद्ध संयुक्त सीवेज पंपिंग स्टेशन से ओवरफ्लो होकर गंगा में जा रहा है। बताया गया कि बिजली न होने की दशा में यह ओवरफ्लो हो रहा है। इसपर उन्होंने जल निगम ग्रामीण एवं कार्यदाई संस्था केआरएमपीएल को नोटिस देने के निर्देश क्षेत्रीय अधिकारी यूपीपीसीबी को दिए। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय अधिकारी यूपीपीसीबी से कहा कि छबीलेपुरवा कैंटोनमेंट बोर्ड क्षेत्र में बिना राज्य बोर्ड की सहमति से ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र का संचालन हो रहा है। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी छावनी परिषद से बात करने के निर्देश दिए। बैठक में बर्रा कैनाल, सीटीआई नहर में सॉलिड वेस्ट के निस्तारण पर भी उन्होंने रोष जाहिर किया। नगर निगम के अधिकारियों को एक सप्ताह में कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ दीक्षा जैन, वनाधिकारी दिव्या, क्षेत्रीय अधिकारी यूपीपीसीबी अजीत कुमार सुमन, अतुल निगम, आशुतोष पांडे, सूर्य प्रकाश आदि रहे।


गंगा में धड़ल्ले से जाता नाले का पानी। अमृत विचार


बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश। अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने बैठक कर अधिकारियों को चेताया, नालों को टेप करने का मांगा प्रस्ताव
- यूपीपीसीबी से कहा नोटिस देने के साथ एक कॉपी मुझे भी दें, अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा










# सबमर्सिबल पंप लगने की खुशी में फायरिंग

**अजब-गजब**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पूर्व फौजी ने प्लाट में सबमर्सिबल पंप लगवाने की खुशी का इजहार दबंग स्टाइल में किया। मुंह में सिगरेट लगाकर खुलेआम तमंचे से फायरिंग की। इसका वीडियो वायरल होने पर चकेरी पुलिस ने आरोपी पूर्व फौजी को जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है।

सोशल मीडिया पर मंगलवार रात खुलेआम हवाई फायरिंग का एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वायरल वीडियो चकेरी पुलिस तक पहुंचा तो उसकी जांच पड़ताल की गई। वीडियो में दिख रहा व्यक्ति मुंह में सिगरेट लगाकर धुंआ उड़ाते हुए खुलेआम तमंचे से फायर करता नजर आया। वह गाली-गलौज भी कर रहा है। पुलिस ने जांच की तो वीडियो सनिगवां इलाके का निकला। इस पर पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी गांधीग्राम निवासी सुरेंद्र सिंह है, जो पूर्व फौजी है और उसी ने फायरिंग की है। पुलिस के अनुसार फायरिंग करते समय किसी ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। चकेरी पुलिस के अनुसार आरोपी ने हाल में ही सनिगवां इलाके में अपना प्लाट बनवाया है। उसी प्लाट पर मंगलवार को सबमर्सिबल लगवाया था। उसकी खुशी में ही उसने शराब पी और बाद में सड़क पर घूम-घूमकर सिगरेट पीते हुए फायरिंग की है। आरोपी को जेल भेजा गया है।


नशे में उपद्रव करता सुरेंद्र सिंह।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- पूर्व फौजी ने तमंचे से खुलेआम की फायरिंग वीडियो वायरल
- चकेरी पुलिस ने भेजा जेल, तमंचा व कारतूस बरामद किया

# मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक की मौत

कानपुर। सचेंडी में धरमंगलपुर निवासी 23 वर्षीय युवक शुभम उर्फ राजू की मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत हो गई। जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

पिता राम नरेश पासवान ने बताया कि राजू बिस्कुट फैक्ट्री में नौकरी करता था। चार माह पहले 16 फरवरी को ही उसकी शादी हुई थी। बुधवार सुबह उसकी पत्नी रागिनी ने उसे तेल व शक्कर लगाने के लिए बाजार भेजा था। वहां से लौटने के बाद वह शौच के लिए निकला था। घर से करीब एक किमी दूर रेलवे लाइन के किनारे उसका शव पड़ा मिला। शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।

# सीवर व दूषित जलापूर्ति पर मेट्रो आफिस घेरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जूही गढ़ा में टूटी व चोक सीवर लाइन के चलते दक्षिण के करीब एक दर्जन वार्डों में सीवर भराव है। इसके साथ ही दूषित जलापूर्ति हो रही है। इसके विरोध में बुधवार को 5 वार्डों के पार्षदों ने मेट्रो की कार्यदायी संस्था के कार्यालय में धरना दे दिया। पार्षदों ने कहा कि सीवर लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण करीब 12 लाख की आबादी दूषित पेयजल व सीवर भराव की समस्या से बीते एक माह से जूझ रही है। करीब 8 घंटे तक धरना देने के बाद कार्यदायी संस्था ने मरम्मत कार्य कराए जाने का आश्वासन दिया, लेकिन देर रात तक काम शुरू नहीं हो सका।

जूही गढ़ा और बंबुरहिया में मेट्रो निर्माण कार्य करने वाली सेम इंडिया की ओर से 280 मीटर लंबी 10 फीट गहरी अंडरग्राउंड सीवर लाइन डाली गई थी। सीवर लाइन लीकेज होने के कारण 26 मई को 20 फीट चौड़ी व 10 फीट गहरी सड़क धंस गई थी। जिससे सीवर लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। करीब 25 दिन से भी अधिक समय से सीवर लाइन क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। जिस कारण जूही गढ़ा, बंबुरहिया, गोविंद नगर, गोविंद नगर कच्ची बस्ती, बर्रा-2, लाल कालोनी समेत एक दर्जन वार्डों में सीवर भराव व दूषित पेयजल की समस्या बनी हुई। वार्ड- 48 के पार्षद नीरज चड्ढा ने बताया कि समस्या से साउथ जोन की करीब 12 लाख की आबादी प्रभावित हो रही है। कई बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारी सीवर लाइन दुरुस्त करने का काम नहीं कर रहे है। जिसके बाद पार्षद नीरज चड्ढा समेत वार्ड-84 के पार्षद अमित जायसवाल, पार्षद सुधीर यादव, राकेश निषाद, सुनील कनौजिया सेम इंडिया के कार्यालय शिकायत करने पहुंचे। काम के प्रति अधिकारियों की टालमटोल से आक्रोशित होकर पार्षद धरने पर बैठ गए। हंगामा होते देख कंपनी अधिकारियों ने मरम्मत कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। पार्षद पति सुनील कनौजिया ने बताया कि करीब 8 घंटे धरने पर बैठने के बावजूद अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक सीवर लाइन की मरम्मत नहीं जाती, तब धरना जारी रहेगा।


मेट्रो की कार्यदायी संस्था के कार्यालय में धरना देते पार्षद। अमृत विचार

- 5 वार्डों के पार्षदों ने मेट्रो की कार्यदायी संस्था के कार्यालय में धरना दिया

## सार-संक्षेप


फजलगंज में पौधरोपण किया गया। अमृत विचार

### औषधीय पौधों के बताएं गुण

**कानपुर।** सूक्ष्म लघु मध्यम विकास कार्यालय फजलगंज में बुधवार को पौधरोपण और सामूहिक सफाई अभियान चलाया गया। विशिष्ट अतिथि कुंवर शशांक ने लोगों को पौधरोपण का महत्व समझाया। कार्यक्रम में डॉ भक्ति विजय शुक्ला, सहायक निदेशक प्रभारी सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र ने लोगों को औषधीय पौधों और उसके लाभ बताए। सीएसजेएमयू के इन्क्यूबेशन सेंटर महाप्रबंधक अनिल त्रिपाठी ने वृक्षारोपण और योग के प्रति जागरूक होने की सीख दी। विष्णु वर्मा, संयुक्त निदेशक प्रभारी, सहायक निदेशक एसके पांडेय, सहायक निदेशक अमित बाजपेयी, सहायक निदेशक नीरज, सहायक निदेशक के पी शील मौजूद रहे।

### फल दुकानदार समेत दो ने फांसी लगा दी जान

**कानपुर।** बिठूर में फल दुकानदार व फीलखाना क्षेत्र में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फंदे से शव लटका देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। बिठूर के टिकरा निवासी फूलचंद्र कठेरिया के 25 वर्षीय बेटे सुमेंद्र की क्षेत्र में ही फल की दुकान थी। वह तीन भाइयों में छोटा था। परिवार में मां शिवकांती, बड़ा भाई सूरज व सुजीत हैं। सुजीत के अनुसार मंगलवार रात सुमेंद्र दुकान से आया और दूसरे खंड पर बने कमरे में आराम करने चला गया। रात में जब भाइयों ने खाने के समय मां से पूछा तो बताया कि उसने खाना नहीं खाया है। इस पर सूरज ने अपनी पत्नी रानी को उसे खाने के लिए बुलाने भेजा। रानी जब कमरे में उसे बुलाने पहुंची तो फंदे से शव लटका देखकर चीख पड़ी। परिजनों के अनुसार सुमेंद्र ने आत्महत्या क्यों की इसका कारण स्पष्ट नहीं है। वहीं फीलखाना के कमला टॉवर निवासी 27 वर्षीय स्वाती कश्यप के माता-पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है। तीन बहनों में छोटी स्वाती बड़ी बहन ममता के साथ रहती थी और नयागंज में साड़ी की दुकान पर नौकरी करती थी। परिजनों ने बताया कि स्वाती दुकान से रात करीब साढ़े नौ बजे आई थी। इसके बाद घरवालों के साथ बैठकर बातें करती रही। खाना खाकर कमरे में सोने चली गई। रात करीब 2 बजे के बाद उसने टिनशेड के नीचे एंगल पर दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली। सुबह जब वह देर तक सोकर नहीं आई तो उसके जीजा बबलू कमरे में गए तो फंदे से शव लटका देखा।

# नर्वल-साढ़ तक 16 किमी चौड़ी रोड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नर्वल से साढ़ तक 16 किलोमीटर तक का मार्ग फोरलेन होना है, जिसके संबंध में लोक निर्माण विभाग ने अपने स्तर से तैयारी शुरू कर दी है। चौड़ीकरण में 100 किसानों की जमीन बाधा बन रही है, जिनको लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने चिन्हित कर लिया है। उनसे अब विभाग के अधिकारी भूमि अधिग्रहण के संबंध में वार्ता करेंगे और मुआवजा उपलब्ध कराने के बाद जमीन को अपने कब्जे में लेकर कार्य शुरू करेंगे।

डिफेंस कॉरिडोर तक बेहतर पहुंच प्रदान करने के लिए सरसौल के नर्वल मोड़ से साढ़ चौराहे तक 15.650 किलोमीटर तक चौड़ी होगी है। इस परियोजना के लिए पहले लगभग 207.54 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया था। बाद में लोक निर्माण विभाग ने संशोधित प्रस्ताव बनाकर भेजा था। यह सड़क डिफेंस कॉरिडोर को राष्ट्रीय राजमार्ग-2 से जोड़ेगी और क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी। इसको शासन से स्वीकृति मिल गई है, जिसकी लागत दो अरब 41 करोड़ 30 लाख 19 हजार रुपये है। इन रुपये से सड़क को फोरलेन किया जाएगा और इसके साथ ही फोरलेन में आ रही जमीन के काश्तकारों की भूमि अधिग्रहण कर उनको मुआवजा भी लोक निर्माण विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप कुमार के मुताबिक 16 किलोमीटर तक फोरलेन बनाने की संस्तुति शासन से मिल गई है, विभाग ने फोरलेन के बीच आ रही जमीन को चिन्हित कर लिया है, भूमिअधिग्रहण के संबंध में उस क्षेत्र में कैंप लगाए जाएंगे।



- 04 लेन सड़क बनाएगा लोक निर्माण विभाग
- 100 किसानों की जमीन का होगा अधिग्रहण
- 02 अरब 41 करोड़ 30 लाख 19 हजार रुपये लागत

# आईआईटी कानपुर में 23 को दीक्षांत, बंटेंगी उपाधियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में 23 जून को दीक्षांत समारोह में मेधावियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। दीक्षांत समारोह में आरबीआई (रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया) के गवर्नर संजय मल्होत्रा के शामिल होकर युवाओं को उपाधियां प्रदान करने की संभावना है। समारोह में पहले चरण में स्नातक और परास्नातक के युवाओं को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। पहले चरण का कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक और दूसरा चरण लेक्चर हॉल में दोपहर 2:30 बजे से शाम 6:30 बजे के बीच होगा। पहले चरण में आरबीआई के गवर्नर के साथ बोर्ड ऑफ गवर्नेंस के चेयरमैन और संस्थान के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल मेधावियों को पदक देंगे। समारोह में छात्रों को क्रीम रंग का नेहरू स्टाइल वाला कुर्ता और सफेद पायजामा और छात्राओं को क्रीम रंग का कुर्ता और सफेद रंग की चूड़ीदार या लैगिंग्स पहनना अनिवार्य किया गया है। छात्राओं के लिए क्रीम रंग की साड़ी भी विकल्प है। आईआईटी में दीक्षांत समारोह की तैयारी अंतिम चरण में हैं। सभी विभाग की फैकल्टी ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की सूची पदक के लिए तैयार कर ली है।

**समस्या** — नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन, कहा-पार्किंग न होने से कारोबार पर असर पड़ रहा

# बाजारों में पार्किंग न होने से घट रहे ग्राहक, कारोबार मंदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बाजारों में पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों पर बुधवार को व्यापारी नगर आयुक्त से मिले। व्यापारियों ने बाजारों में पार्किंग न होने का मुद्दा उठाया। पदाधिकारी कृपाशंकर त्रिवेदी ने कहा कि पार्किंग की समस्या से इससे कारोबार पर सीधा असर पड़ रहा है। नगर निगम की ओर से पूर्व में शहर की कई बाजारों में पार्किंग के लिए सर्वे हुआ था पर इसके आगे कुछ नहीं हुआ।

कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त बढ़े हुए गृहकर के बिलों के विषय पर भी चर्चा की। नगर आयुक्त से व्यापारियों ने किहा कि शहर में कामर्शियल व आवासीय भवनो पर नगर निगम द्वारा अत्याधिक गृहकर बढ़ा कर भेजा जा रहा है। जलकर व सीवरकर में कई गुना बढ़ोतरी हो गयी है। उसमे अधिभार बहुत ज्यादा है, इसको माफ किये जाने का भी विषय उठाया। व्यापारियों की ओर से चुन्नीगंज कन्वेंशन सेंटर का नाम पूर्व सांसद व व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे श्याम बिहारी मिश्रा के नाम पर करने की भी मांग उठाई गई। कानपुर उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष सुनील बजाज व युवा अध्यक्ष सत्यप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने नामांतरण शुल्क का भी विषय उठाया। कहा गया कि पूरे प्रदेश मे एकसमान नामांतरण शुल्क का शासनादेश जारी होने के बावजूद इसका फायदा शहरवासियो को प्राप्त नही हो पा रहा है। व्यापारियों की ओर से यह भी कहा गया कि अहमदाबाद, इंदौर की तर्ज पर फूड पार्क विकसित किया जायें एवं उसमे शहर के व्यापारियो को प्राथमिकता दी जाये। ज्ञापन देने वालों में सत्य प्रकाश जायसवाल, राहुल दीक्षित, अमित दोसर, रोमी सिंह, रामजी शुक्ला, मनीष बाजपेई, सचिन शुक्ला, रमाशंकर अग्रहरि, गीता गुप्ता, अंकित मिश्रा, ऋतिक, हिमांशु वैश्य सहित अन्य मौजूद रहे।


नगर आयुक्त को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

# पैसेंजर ट्रेनों में भी एसी कोच लगाएंगे

**कानपुर।** कानपुर से लखनऊ, बांदा, रायबरेली, प्रयागराज, इटावा, चित्रकूट, फतेहपुर समेत अन्य रूटों पर चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों में एसी कोच लगाने की तैयारी चल रही है। भारतीय रेल ने फिलहाल 200 पैसेंजर ट्रेनों में ये सुविधा देने की तैयारी की है।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह का कहना है कि रेलवे ने पैसेंजर ट्रेनों में एसी कोच लगाने की योजना बनाई है। उत्तर मध्य जोन की पैसेंजर ट्रेनों में एसी कोच लगाने के दिशा निर्देश दिये जाएंगे तो कानपुर से भी चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों में एसी कोच लगेंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचना मैने अपना नाम FOOL CHANDRA से बदलकर FOOL CHAND CHAUHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- GOVERDHAN ADD-VIJAY NAGAR DIST-BALRAMPUR (U.P)

**सूचना**
सर्वविदित हो कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम Tanveer ahmad तनवीर अहमद दर्ज है व पासपोर्ट में tanvir Ahmad तनवीर अहमद है जो कि गलत है। मुझे पासपोर्ट में भी Tanveer Ahamd के नाम से जाना जाए। तनवीर अहमद पुत्र नजीर अहमद नि0 माधौपुर थाना फखरपुर, कैसरगंज बहराइच

**Notice**
I have lost my Original sale deed dated 06.06.2003 executed by Smt. Rajeshwari Nigam wife of Late Sarvdaman Nigam in favor of (1) Sri Ikrar Ahmad & (2) Sri Ishtiyak Ahmad sons of Sri Ikakh Ahmad vide book No. 1, Jild No. 1472 on pages 1 to 26 at Sl. No.5935 dated 06.06.2003 duly registered at the office of Sub Registrar-V, Lucknow in respect house no.360/68, (old No.369/144 Ka) admeasuring 1600 sq. fts. Le 148.698 mtrs only.

**सूचना**
मैं घनश्याम पुत्र शिवनंदन निवासी ग्राम व पोस्ट मंकराव, तहसील मौदहा, जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश अपने पुत्र रामचंद्र और पुत्रवधू चंद्ररेखा को चाल चलन और झगड़ालू स्वभाव के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, आज के बाद इनके द्वारा नैतिक या अनैतिक कार्यो से मेरा और मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं है। उपरोक्त द्वारा किये गये नैतिक अनैतिक कार्यो के लिए वे दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**
सूचित है कि बचपन में मुझे लोग आदिम नाम से पुकारते थे। मेरा वास्तविक नाम अमित है। आधार कार्ड और पेन कार्ड में भी मेरा नाम अमित ही दर्ज है। अमित और आदिम दोनों नाम एक ही हैं। परंतु अब मुझे अब आदिम के बजाय अमित नाम से ही जाना जाये। अमित पुत्र छोटे निवासी छिपैटी शहर व जिला इटावा

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

**आज का मौसम**

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा रहने की संभावना है।

| 32.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:04 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# 2013 की अधिग्रहण नीति के तहत किसानों को मुआवजा

## मंधना औद्योगिक क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण विवाद सुलझने की उम्मीद बढ़ी, किसानों को बढ़ा हुआ मुआवजा देने में आ रही बाधाओं के बारे में मंथन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंधना औद्योगिक क्षेत्र और आवास विकास परिषद की आवासीय योजना संख्या चार की स्थापना में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए बुधवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में विधान परिषद की प्रतिनिहित विधायन समिति की उप समिति की बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष अरुण पाठक ने किसानों से उनकी मांगों के बारे में जानकारी ली। आवास विकास परिषद, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के अधिकारियों से किसानों की मांग के अनुरूप बढ़ा हुआ मुआवजा देने में आ रही बाधाओं के बारे में जाना।

पाठक ने कहा कि यूपीसीडा जिन्हें मुआवजा दे चुका है उन्हें 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के तहत मुआवजा दे, जिनकी भूमि को अवार्ड नहीं किया गया है उन्हें और जिन्होंने मुआवजा नहीं उठाया है उन्हें भी वर्तमान सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिया जाए। इसके लिए विस्तृत प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाए। किसानों ने कहा कि उनका हित सुरक्षित किया जाए। जिन्हें पूर्व में मुआवजा मिल चुका है उन्हें भी वर्तमान सर्किल रेट पर चार गुना मुआवजा मिलेगा तो अच्छा रहेगा। क्योंकि उस समय बहुत ही कम दर पर मुआवजा मिला था। अरुण पाठक ने किसानों से कहा कि औद्योगिक क्षेत्र बसेगा तो निश्चित रूप से लोगों को रोजगार मिलेगा और क्षेत्र का विकास भी बड़ी तेजी के साथ होगा। किसानों ने कहा कि हम भी चाहते हैं कि परियोजना मूर्त रूप ले। प्राधिकरण और हम किसान सबका हित सुरक्षित रहे।




बैठक में मौजूद एमएलसी अरुण पाठक, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी। किसानों ने भी अपनी बात रखी। अमृत विचार

### समाधान के लिए समिति गठित

- यूपीसीडा अधिकारियों ने बताया कि किसानों से सीधे संवाद स्थापित करने और व्यावहारिक समाधान निकालने के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति क्षेत्र के किसानों की समस्याएं सुनेगी और उचित मुआवजे, पुनर्वास एवं अन्य मांगों पर ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। बैठक में जब 15 वर्षों से लंबित मामलों की प्रगति पर सवाल किया गया, तो संबंधित अधिकारी संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके।

### भौंती बाईपास बनना था उसका क्या हुआ

- मंधना के ब्लाक प्रमुख दिनेश अवस्थी ने कहा कि यूपीसीडा ने 2007 में सर्वे किया कि भौंती बाईपास बनाने जा रहे हैं लेकिन कोई बाईपास नहीं बनाया और बाद में पता चला कि भूमि अधिग्रहीत कर ली गई। मुआवजा भी नहीं दिया। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि वर्ष 2009 से 2017 के बीच मंधना में अधिग्रहीत की गई लगभग 900 एकड़ भूमि से संबंधित मुआवजा व पुनर्वास के मामलों का निस्तारण योगी सरकार की प्राथमिकता में है। एमएलसी अरुण पाठक ने बताया कि इस विषय में लखनऊ में यूपीसीडा के एसीईओ, आवास आयुक्त और विभागीय अधिकारियों के साथ पूर्व में बैठक हो चुकी है, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मंधना में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना और आवास विकास परिषद की आवासीय योजना के भूमि विवाद को और लंबा न खींचा जाए।

### क्या बोले किसान



हम किसान चाहते हैं कि परियोजना मूर्त रूप ले ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। इसके साथ ही किसानों का हित भी सुरक्षित हो उनके साथ अन्याय न हो।

– सूर्य कुमार तिवारी, किसान नेता



कुछ किसानों की भूमि अधिग्रहीत कर ली गई। एवार्ड भी नहीं किया गया और कोई मुआवजा भी नहीं दिया गया। सरकार अब 4 गूना मुआवजा दे।

– प्रेम कुमार वाजपेयी, किसान राम नगर



यूपीसीडा ने उस भूमि को अधिग्रहीत किया जहां भवन निर्माण हो रहा था। 4 गुना मुआवजा आज के सर्किल रेट के अनुसार हर हाल में मिलना चाहिए।

– राकेश कुमार शुक्ला, किसान मंधना रोड



धोखे से जमीनों को अधिग्रहीत कर ली गई। शासन प्रशासन इसका जल्द ही समाधान करे, 16 वर्षों से ये मामला लंबित है। किसानों को हर हाल में वर्तमान दर पर चार गुना मुआवजा मिले।

– केके कुमार किसान, मंधना

### एक नजर

#### नाली जाम और फुटपाथ क्षतिग्रस्त करने पर जुर्माना

**कानपुर।** नगर निगम ने अशोक नगर में सरिया डालकर नाली का मार्ग रोकने और फुटपाथ को क्षतिग्रस्त करने पर जुर्माना लगाया है। नगर निगम अधिशाषी अभियन्ता जोन 4 ने बताया कि जोन भ्रमण के दौरान पाया गया कि अशोक नगर के 111/329 में सतीश चंद्र तिवारी द्वारा सरिया डालकर नाली का मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया। जिससे जल निकासी बाधित हो रही है। रेन वाटर पाइप का पानी नाली के स्थान पर सीधा ऊपर से गिरने के कारण फुटपाथ भी क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे नगर निगम की सम्पत्ति को क्षति पहुंची है। नोटिस देते हुये मकान मालिक पर 50,000 का अर्थदण्ड लगाया।

#### होम ट्यूटर ने छात्रा का अश्लील वीडियो बनाया

**कानपुर।** बाबूपुरवा में रहने वाली छात्रा ने होम ट्यूटर पर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। छात्रा के पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्रा के पिता ने बताया कि उनकी बेटी कक्षा नौ की छात्रा है। जिसे इलाके का युसुफ ट्यूशन पढ़ाने के लिए घर आता था। इस दौरान उसने बेटी को डरा-धमकाकर उससे कई बार अश्लील हरकत की। आरोपी ने अपने मोबाइल से अश्लील वीडियो व फोटो भी खींची। इसके बाद वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देकर वह बेटी से मनमानी करने लगा। बेटी ने शिक्षक की हरकतों के बारे में बताया तो उसकी ट्यूशन बंद करा दी। इससे नाराज आरोपी ने सोमवार सुबह कोचिंग जाते समय छात्रा को रोककर साथ चलने का दबाव बनाया और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। बेटी ने शोर मचाया तो लोगों को आता देखकर आरोपी भाग निकला। बाबूपुरवा इंस्पेक्टर अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# ट्रैक्टर का 76 हजार का चालान और नंबर बाइक का पड़ा था

अंधेरगर्दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीएम और अन्य अफसरों के सामने एमएलसी ने आरटीओ अफसरों को फटकारा
- कहा, कानपुर देहात हाईवे पर मेरे सामने 10 मिनट में 10 बिना नंबर के ट्रक गुजरे
- आरटीओ 80,000 रुपये महीने किराये के मकान में रहते, इतना तो उनका वेतन भी नहीं

**अमृत विचार।** विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक ने उच्चस्तरीय बैठक में जिलाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं किसानों के सामने संभागीय परिवहन विभाग की पोल खोल डाली जिससे हड़कंप मच गया। बिठूर से आए किसान अंकित परमार ने बैठक में शिकायत की कि उसके ट्रैक्टर का चालान आरटीओ प्रवर्तन दल ने 76 हजार रुपये से अधिक का कर दिया है लेकिन चालान पर ट्रैक्टर के बजाय एक बाइक का नंबर पड़ा है। इस पर एमएलसी ने वहां मौजूद एआरटीओ प्रशासन, एआरटीओ प्रवर्तन के सामने धज्जियां उड़ा डालीं। एमएलसी ने माइक से यहां तक कह दिया कि आरटीओ 80,000 रुपये महीने किराये के मकान में रहते हैं, इतना तो वेतन भी उनका नहीं है।

बुधवार को विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित सभागार में बैठक हुई जिसमें जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, केडीए वीसी, आरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार समेत कई आला अफसर मौजूद थे।

पीड़ित बिठूर के किसान अंकित परमार ने बताया कि उसके घर का निर्माण हो रहा है। ट्रैक्टर से सीमेंट लेकर आ रहे थे कि रास्ते में आरटीओ प्रवर्तन की टीम ने उनके ट्रैक्टर को पकड़ लिया और 76 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया। किसान ने कहा कि चालान पर उसके ट्रैक्टर के बजाय एक बाइक का नंबर पड़ा है। इस पर एमएलसी ने आरटीओ से जवाब मांगा और कहा कि आप किसी का घर नहीं बनने दोगे। उन्होंने निलंबित किए गए आरआई अजीत सिंह का हवाला देते हुए आरटीओ की टीम से कहा कि अजीत सिंह को भी आपने नहीं पकड़ा बल्कि लखनऊ से वह पकड़ा गया।

एमएलसी यहीं नहीं रुके, उन्होंने कानपुर देहात के एआरटीओ की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि मैंने हाईवे पर कानपुर देहात में 10 मिनट में 10 ट्रक देखे जिनमें नंबर प्लेट पर कोई वस्तु लगाकर मिटाई गई थी, किसी भी ट्रक का नंबर स्पष्ट नहीं था। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा से एक भी चालान क्यों नहीं हो रहा है, क्या आरटीओ की टीम ने वहां जाकर देखने की जहमत की। एमएलसी ने पूछा कि दो महीने में कितने चालान आपने किए हैं, बताइए?

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# टीएसएच में पीयूष चावला देंगे प्रशिक्षण



क्रिकेटर पीयूष चावला।

**कानपुर।** आर्यनगर स्थित द स्पोर्ट्स हब में 19 जून से शुरू होने वाले सात दिवसीय समर क्रिकेट कैंप में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व गेंदबाज पीयूष चावला खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण देंगे।

इस शिविर में आर्थिक रूप से कमजोर 75 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निशुल्क प्रोफेशनल ट्रेनिंग दी जाएगी। सुबह के सत्र में खिलाड़ी पीयूष चावला के साथ कोचिंग प्राप्त करेंगे, जबकि शाम के सत्र में द स्पोर्ट्स हब के रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण मिलेगा। कैंप में चार दिन टीएसएच के मुख्य कोच शशिकांत खांडेकर, पूर्व रणजी खिलाड़ी मो. आमिर खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करेंगे।



हरी झंडी दिखाकर ई-रिक्शा को रवाना करतीं महापौर व अधिकारी। अमृत विचार

# ई-रिक्शा चालकों को मिला क्यूआर कोड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम में मंडलायुक्त और महापौर ने चालकों को दिये क्यू आर कोड

**अमृत विचार।** शहर में ई-रिक्शा-ऑटो मैनेजमेंट योजना को प्रयोगात्मक रूप से लागू कर दिया गया। बुधवार को नगर निगम में मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन ने योजना की शुरुआत करते हुये ई-रिक्शा चालकों को रूट निर्धारित क्यूआर कोड वितरित किया। शहर के यातायात को नियन्त्रित करने के लिये नगर निगम और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से चालकों को बताये गये रूट के विकल्प के आधार पर क्यूआर कोड-यूनिक आई.डी सहित देकर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अब निर्धारित 40 रूटों पर ही ई-रिक्शा का संचालन किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि पुलिस विभाग और कानपुर नगर निगम द्वारा ई-रिक्शा और ई-ऑटो की पहचान की जाए और क्यूआर कोड के साथ क्षेत्रीय परिवहन विभाग के डाटा से लिंक किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम कानपुर द्वारा तैयार की गयी मोबाइल ऐप व वेब पोर्टल से डाटा को इन्टीग्रेट किया गया है। क्यूआर कोड को ई-रिक्शा पर चिपकाकर रजिस्टर्ड ड्राईवर के माध्यम से ही संचालित कर सकेंगे। नगर निगम मुख्यालय के भूमितल पर स्थित नागरिक सुविधा केन्द्र में स्थित विन्डो पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ई-रिक्शा स्वामी अपना मूल आधार कार्ड दिखा कर कराये गये रजिस्ट्रेशन के आधार पर क्यूआर कोड ले सकेगा। जिसके लिये उसे 120 रुपये प्रति क्यूआर कोड जमा करना होगा। कार्यक्रम में डीसीपी ट्रैफिक रविंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त प्रथम मो. आवेश, यातायात निरीक्षक व आईटी मैनेजर देवेंद्र सब्बरवाल आदि रहे।

गड़बड़ी

एक व्यक्ति ने आरोप लगाकर सीएमओ की शासन में की है शिकायत

# चिकित्सा सामग्री तय से अधिक रेट में खरीदी गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी के बीच खींचतान चल रही है, ऐसे में एक शख्स ने विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शासन से शिकायत की है। यह शख्स वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी क्रय समिति का सदस्य बताया जा रहा है।

आरोप है कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामग्री ( सैनेटाइजर, फलकोन ट्यूब 50 एमएल विथ एक्सपयरी डेथ गूड क्वालिटी) का क्रय न्यूनतम 9 लाख रेट दिखाकर किया गया है, जबकि इसका वास्तविक दाम आधे से भी कम है। इसकी शिकायत वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी ने 17 फरवरी को अपने पत्र द्वारा की। इसके अलावा आरोप है कि मलेरिया की जांच किट 10 रुपये की जगह 200 रुपये में खरीदी गई, जिससे राजकीय धन का दुरुपयोग कमीशन प्राप्त करने के लिए किया गया। शिकायतकर्ता ने यह भी पत्र में दर्शाया है कि प्रपत्रों की जांच कर सत्यापित भी किया जा सकता है। इधर, फाइलेरिया रोगी को दी जाने वाली किट की जगह किट की सामग्री को नियमविरुद्ध अलग-अलग खरीदा गया, जिससे राजकीय धन का दुरुपयोग कमीशन प्राप्त करने के एवज में किया गया। नेत्र यूनिट में चश्मा / फ्रेम/लेंस आदि भी कूटरचित प्रपत्रों के आधार पर क्रय किया गया।

### सीएमओ ने 18, 19 व 21 मार्च को दिए तीन कंपनी को आर्डर

- आरोप है कि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा लगभग 1 करोड़ 60 लाख तक के ऑर्डर सीधे क्रय एल-1 के माध्यम से केवल तीन फर्म को 13 से 22 मार्च तक परचेस ऑर्डर दिए गए। इसपर शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि किसी भी फर्म को एक दिन में इतने आर्डर दिया जाना, उस फर्म को अनुचित वित्तीय लाभ दिया जाने का स्पष्ट रूप से संकेत है। क्रय की गई/प्राप्त सामग्री भी मानक से बहुत ही कम गुणवत्ता (अत्यंत घटिया) की है। क्या जेम पोर्टल पर और कोई फर्म उपलब्ध नहीं थी ?

### यह भी आरोप लगाया गया है

- आरोप है कि मेडिकल रिंबर्समेंट की आई विभागीय फाइलों पर 20 फीसदी कमीशन लेकर ही भुगतान की स्वीकृति दी जाती है। जबकि अन्य विभागों की मेडिकल रिंबर्समेंट की फाइलों पर 5 फीसदी कमीशन लेकर फाइलें सम्बंधित विभाग को वापस की जाती है। शिकायतकर्ता की मांग है कि सीएमओ पर सख्त कार्यवाही की जाए।

# सीएसजेएमयू में शुरू होगी योग क्लीनिक, मुफ्त इलाज

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में गुरुवार को योग केंद्र की शुरुआत होगी। इस योग केंद्र में आम लोगों का निशुल्क उपचार किया जाएगा। केंद्र में तनाव, अनिद्रा, मधुमेह सहित अन्य समस्या का समाधान योगाचार्य करेंगे। कुलपति प्रो विनय पाठक गुरुवार को इस योग केंद्र की शुरुआत करेंगे। इस क्लीनिक में सोमवार से शनिवार तक सुबह 7:30 बजे से लेकर 10 तक निशुल्क चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। संचालक डॉ रामकिशोर ने बताया कि इस निशुल्क योग क्लीनिक में तनाव, अनिद्रा, मधुमेह, बीपी, कमर दर्द सर्वाइकल, स्पॉन्डिलाइटिस, अस्थमा, सर्वाइकल आदि बीमारियों का इलाज किया जाएगा।

# गोविंदपुरी होते हुए दौरई से समस्तीपुर के लिए ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गर्मी की छुट्टियों में रेलवे ने दौरई से गोविंदपुरी (कानपुर) होते हुए समस्तीपुर तक विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि इस ट्रेन में सेकंड एसी 2, थर्ड एसी 2, स्लीपर 10, जनरल 4 व पार्सलयान 2 कोच होंगे।

गाड़ी संख्या 09617 दौरई से 20 जून एवं 27 जून शुक्रवार को रात 8.45 बजे रवाना होगी। अजमेर रात 9 बजे, किशनगढ़ रात 9.27 बजे, जयपुर रात 11 बजे, भरतपुर रात 1.58 बजे, ईदगाह आगरा रात 3 बजे, टूंडला बोर 4.05 बजे, इटावा सुबह 5.28 बजे, गोविंदपुरी सुबह 7.35 बजे, प्रयागराज 10.35 बजे, मिर्जापुर दोपहर 12.10 बजे, बक्सर सायं 4.26 बजे, हाजीपुर रात 8.27 बजे, समस्तीपुर शनिवार को रात 11.15 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09618 समस्तीपुर से 22 जून व 29 जून रविवार को रात 1 बजे रवाना होगी। आरा सुबह 5.18 बजे, पं. दीन दयाल उपाध्यक्ष जंक्शन सुबह 10.20 बजे, मिर्जापुर दोपहर 12.18 बजे, गोविंदपुरी (कानपुर) सायं 6.20 बजे, इटावा रात 8.35 बजे, टूंडला रात 9.50 बजे, ईदगाह आगरा रात 10.40 बजे, भरतपुर रात 11.25 बजे, जयपुर रात 3.10 बजे, दौरई सोमवार की सुबह 6.15 बजे पहुंचेगी।

### एटीएम में कैश जमा करने वाला कंपनी का कर्मचारी भी था शामिल, तीन शातिर गिरफ्तार

# कैश रिसाइक्लिंग मशीन से 1.39 करोड़ उड़ाने वाले दबोचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कैश रिसाइक्लिंग मशीन (सीआरएम) से 1.39 करोड़ रुपये उड़ाने वाले तीन शातिरों को किदवईनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर गिरोह का खुलासा किया है। आरोपियों में एक एटीएम में कैश जमा करने वाली कंपनी का कस्टोडियन था। जिसके पास एटीएम खोलने की चाबी रहती थी और आसानी से रुपये पार कर लेते थे। एटीएम से पैसे उड़ाने में कोयलानगर के तीन भाइयों के नाम भी सामने आए हैं, पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बुधवार को गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि सभी पर गैंगस्टर लगेगा और संपत्ति जब्त होगी। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने एक करोड़, 38 लाख, 91 हजार 500 रुपये हड़पे हैं। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि कैश जमा करने वाली कंपनी का आरोपी कस्टोडियन दीपक एमसीए है। इसके अलावा विपिन दीक्षित बीएससी और सुधांशु बीकॉम है।



पुलिस हिरासत में पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

- तीन सगे भाई फरार, एक आरोपी सीएमएस कंपनी के टेक्निकल विभाग में करता था नौकरी

डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि बैंकों में लगे एटीएम को संचालित करने और उनमें कैश डालने वाली कंपनी हिटाची पेमेंट सर्विसेज के फ्रॉड एंड रिस्क विभाग के असिस्टेंट मैनेजर घनश्याम ओमर ने सीआरएम से रुपये निकलने की रिपोर्ट किदवईनगर थाने में दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि किदवईनगर जी-ब्लॉक में बैंक ऑफ बड़ौदा की सीआरएम से बीती 21 मार्च से 24 अप्रैल तक 1.38 करोड़ रुपये चोरी हुए हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि कुछ शातिर मशीन की ट्रे में रुपये डालने के बाद नीचे चाभी लगाकर रुपये निकाल लेते हैं। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच शुरू की। पड़ताल में सामने आया कि फुटेज में दिखा एक युवक का हुलिया हिटाची कंपनी में ही काम करने वाला बिठूर के मकसूदाबाद का दीपक जायसवाल जैसा लगा। पुलिस उस तक पहुंची और कड़ाई से पूछताछ की तो पूरे मामले की परत खुलती गई।

#### ऐसे हड़पते थे रुपये

- डीसीपी के अनुसार दीपक ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि सीओडी कालोनी कोयलानगर के रहने वाले सुधांशू, देवकीनगर यशोदानगर का विपिन दीक्षित के साथ मिलकर एटीएम में सेंधमारी करता था। कंपनी में कस्टोडियन होने के नाते उसके पास कई बैंकों के एटीएम में रुपये भरने की जिम्मेदारी थी। एटीएम खोलने की चाबी भी उसके पास हर समय रहती थी। सुधांशू व विपिन से मुलाकात के बाद उसने सीएमआर मशीनों को निशाना बनाने की योजना बनाई। वह मशीन से जैसे ही रुपये जमा करते, खाते में क्रेडिट का मोबाइल पर मैसेज आता। उसके बाद जब तक रुपया एटीएम में लगी सबसे नीचे की ट्रे में जाता, उससे पहले ही चाबी लगाकर बीच वाली ट्रे से निकाल लेते। इस तरह उसने कई एटीएम को निशाना बनाया और करोड़ों रुपये निकाले।

#### कोयलानगर के तीन सगे भाई हैं मास्टरमाइंड

पुलिस के अनुसार दीपक ने बताया कि हिटाची कंपनी में नौकरी से पहले वह एटीएम में कैश जमा करने वाली कंपनी सीएमएस में काम करता था। जहां कोयलानगर के तीन सगे भाई अंकित, मनीष व आशीष त्रिपाठी टेक्निकल विभाग में काम करते थे। तीनों सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी के बेटे हैं और अंकित व मनीष ने ही सीआरएम से रकम उड़ाने का प्लान तैयार किया। उसके बाद शहर के कई एटीएम से रुपये निकाले गए। ट्रे हटाने का काम तीनों भाई ही करते थे। पुलिस के अनुसार तीनों फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

#### पत्नियां भी आरोपी बनेंगी

डीसीपी के अनुसार मास्टरमाइंड भाइयों ने बैंक से जो रकम हड़पी है, उसे अपनी पत्नियों के खाते में भी ट्रांसफर किया है। उनकी पत्नियों को भी मामले में आरोपी बनाया जाएगा। इसके साथ 15 अन्य कार्ड धारकों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जिनके एटीएम शातिरों ने एकत्र किए थे। इसके लिए बैंक के मुंबई स्थित मुख्यालय से संपर्क किया है। यह 15 कार्ड वही हैं, जिनके माध्यम से फ्राड किया गया है। कार्ड धारकों को भी आरोपी बनाया जाएगा।

#### क्या है सीआरएम

सीआरएम एटीएम को कैश रिसाइकिलिंग मशीन कहा जाता है। इस एटीएम के माध्यम से जमा व निकासी दोनों की जा सकती है। इस मशीन से दोनों काम आसानी से होते हैं, जिससे काफी सहूलियत मिलती है।

## रेस लगा रही बीएमडब्ल्यू टीएसएच में घुसी

**कानपुर।** कर्नलगंज में मंगलवार रात बीएमडब्ल्यू और एसयूवी में रेस लगा रहे कार सवार बृजेंद्र स्वरूप पार्क में जा घुसे। बीएमडब्ल्यू अनियंत्रित होकर टीएसएच की बाउंड्री में जा घुसी। टक्कर भीषण थी, जिससे कार के चारों एयरबैग खुल गए। आसपास के लोगों ने बताया कि अगर वह लोग न हटते तो जान चली जाती।

मंगलवार रात जलसंस्थान के सामने बेनाझाबर रोड पर बीएमडब्ल्यू और एसयूवी कार सवारों ने तेज रफ्तार में रेस लगाई। इस दौरान दोनों कारों सवार युवक बृजेंद्र स्वरूप पार्क के अंदर घुस गए। रेस लगाने में करीब 100 की रफ्तार से अनियंत्रित हुई बीएमडब्ल्यू सीधे टीएसएच की बाउंड्री में जा घुसी जबकि एसयूवी कार सवार भाग निकले। हादसे में बीएमडब्ल्यू कार के चार एयरबैग खुलने पर उसमें सवार दोनों युवकों की जान बच गई। पकड़े जाने के डर से युवक कार छोड़कर भाग निकले। ईदगाह कालोनी निवासी कुनाल चौधरी ने बताया कि टीएसएच के पास बने मंदिर में दर्शन के बाद वह दोस्तों के साथ खड़े थे, तभी रेस लगाते हुए दोनों कार सवार आए। बीएमडब्ल्यू कार के बाउंड्री में टकराते हुए वह लोग जान बचाकर भाग खड़े हुए वरना वह भी चपेट में आ जाते।

# अल्पसंख्यकों को आईएएस पीसीएस बनाएगी सरकार

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई एवं मुस्लिम मेधावी छात्र-छात्राओं को मुफ्त कोचिंग
- उर्दू अकादमी की ओर से शुरू की जाएगी कोचिंग, 5 जुलाई तक भरें फार्म

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि उनकी सरकार चाहती है कि मदरसा के बच्चों के एक हाथ कुरआन और दूसरे हाथ में लैपटाप हो। इसी को अमलीजामा पहनाने का काम सरकार ने शुरू कर दिया है। अल्पसंख्यक समुदाय को आईएएस-पीसीएस बनाने के लिए यूपी सरकार निःशुल्क कोचिंग देने जा रही है। पहले यह कोचिंग जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधीन होती थी, लेकिन अब यह उर्दू अकादमी के अधीन है।

उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के नियंत्रणाधीन उर्दू आईएएस स्टडी सेंटर में अल्पसंख्यक (मुस्लिम, सिख, बौद्ध, इसाई, पारसी व जैन समुदाय के होनहार छात्र/छात्राओं को सिविल सवर्सेज (आईएएस-पीसीएस) के प्री एवं मेन्स की परीक्षा की तैयारी कराने के उद्देश्य से इस संस्थान में विभिन्न विषयों की कोचिंग दी जाती है। कोचिंग उर्दू, हिंदी, अंग्रेजी भाषाओं में दी जाएगी। सिविल सर्विसेज 2025-26 की कोचिंग के लिए उम्मीदवारों का चयन प्रवेश परीक्षा द्वारा किया जाएगा। परीक्षा के तीन केंद्र लखनऊ, दिल्ली, प्रयागराज बनाए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होन के लिए ऑनलाइन फार्म भरना होगा।

#### जरूरी जानकारी

- फार्म भरने की अंतिम तिथि 5 जुलाई
- प्रवेश परीक्षा की तिथि 13 जुलाई
- परीक्षा परिणाम 21 जुलाई

काउंसिलिंग 30-31 जुलाई

- कोचिंग क्लास 1 अगस्त

#### ये मिलेंगी मुफ्त सुविधाएं

- चयनित उम्मीदवारों को सेंटर पर नि:शुल्क कोचिंग, हास्टल, खाना, लाइब्रेरी, कैंपस वाईफाई सुविधा उपलब्ध रहेगी। विस्तुत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन भरकर 500 रुपये फीस ऑनलाइन (इंडियन ओवरसीज बैंक) में जमा करें।

मोबाइल नंबर 9450450-484, 92086-88770 पर संपर्क करें।

# चंद्रा हॉस्पिटल का लाइसेंस किया निरस्त, तीन अन्य को नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्यानपुर स्थित चंद्रा हॉस्पिटल में सील आईसीयू खोलकर युवक का इलाज करने पर उसकी मौत हो गई थी, मामले में स्वास्थ्य विभाग ने हॉस्पिटल का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। सीएमओ की ओर से संचालक के खिलाफ आगे की कार्रवाई के लिए पत्र भी भेजा गया है। वहीं, बुधवार को नोडल अधिकारी ने तीन अस्पतालों का निरीक्षण किया, तीनों अस्पतालों में कमियां मिलने पर उनको नोटिस थमाया।

कानपुर देहात के पलिया बांसखेड़ा गांव निवासी रामदास के बेटे अमन कुमार (23) को पेट दर्द के कारण कल्याणपुर स्थित चंद्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आठ जून को भर्ती कराने के लिए पहले दस हजार रुपये जमा कराए। इसके बाद हॉस्पिटल में 25 हजार की दवाएं मंगा ली गई थीं। अचानक से उसे सील आईसीयू में भर्ती किया और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने हॉस्पिटल में हंगामा किया और संचालकों के खिलाफ कल्यानपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई। नोटिस देने के बाद भी हॉस्पिटल प्रशासन द्वारा उत्तर नहीं मिलने पर डॉ.रमित रस्तोगी ने चंद्रा हॉस्पिटल का लाइसेंस निरस्त कर दिया और नवीनीकरण आवेदन भी खारिज कर दिया है। डॉ.रस्तोगी के मुताबिक कमिश्नरेट पुलिस को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है।

- सील आईसीयू खोलकर युवक का इलाज करने में हुई थी मौत



अस्पताल में सील लगाते एसीएमओ डॉ.रमित रस्तोगी।

**इन अस्पतालों में भी कमियां**

यशोदा नगर स्थित सुधा हॉस्पिटल में बुधवार को नोडल अधिकारी डॉ.रमित रस्तोगी गर्भपात कराए जाने की शिकायत पर पहुंचे, उनको यहां पर डॉक्टर अनुपस्थित मिले। कल्यानपुर पुराना शिवली रोड स्थित पुष्पांजलि हॉस्पिटल का लाइसेंस अपडेट नहीं होने पर नोडल अधिकारी ने यहां का ओटी सील कर दिया। जबकि कल्यानपुर के ही जीडी हॉस्पिटल में भी नोडल अधिकारी को कमियां मिलीं। नोटिस देकर जवाब मांगा गया है।

# 21 को पट बंद, जगन्नाथ प्रभु का बदला जाएगा भोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जगन्नाथ मंदिर बिरजी भगत मंदिर व उमा जगदीश मंदिर ने किया ऐलान
- जगन्नाथ मंदिर बाईजी के पट 11 को ही हो गए थे बंद, 25 को हवन होगा

**अमृत विचार।** शहर में निकलने वाली प्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारी तेज हो गई है। रविवार को प्रभु जगन्नाथ मंदिर बिरजी भगत व उमा जगदीश मंदिर के पट बंद किए जाने का ऐलान कर दिया। दोनो ही मंदिरों के पट 21 जून को बंद होंगे। उधर तीसरे मंदिर प्रभु जगन्नाथ मंदिर बाईजी के पट पहले ही 11 जून को बंद हो चुके हैं। पट बंद होने के बाद प्रभु का भोग भी बदल जाएगा। उन्हें अन्न के स्थान पर औषधीय भोजन का भोग लगाया जाएगा।

रथ यात्रा से पहले मान्यता के तहत प्रभु के दर्शन पट बंद कर रोक दिए जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दौरान प्रभु बीमार हो जाते हैं। पट बंद होने के साथ ही प्रभु का विशेष भोग व चिकित्सा भी की जाती है। इस दौरान प्रभु को औषधीय पदार्थ व सूखा मेवा, सोंठ के लड्डू व काढ़ा का भोग लगाया जाता है। प्रभु के विश्राम में खलल न पड़े इसलिए उनके दर्शन भी पट बंद कर रोक दिए जाते हैं। प्रभु जल्द स्वस्थ्य हो सकें इसके लिए उन्हें रोजाना औषधीय स्नान भी कराया जाता है। पनकी मंदिर के महंत कृष्णदास ने बताया कि जगन्नाथ मंदिर बाईजी के पटों को 11 जून को बंद कर दिया गया है। इसी तरह प्रभु जगन्नाथ मंदिर से जुड़े ज्ञानेंद्र विश्नोई ने बताया कि जगन्नाथ मंदिर बिरजी भगत व उमा जगदीश मंदिर के पटों को 21 को बंद कर विशेष विधान प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



सीएसजेएमयू में पौधरोपण करते अधिकारी। अमृत विचार

# विश्वविद्यालय में चंदन वाटिका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में चंदन वाटिका की स्थापना की गई। स्कूल ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर एवं सुभाषिनी शिवहरे फाउंडेशन की ओर से हुए आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक व प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी मौजूद रहे। डॉ वंदना पाठक ने कहा कि चंदन में विद्यमान औषधीय गुण त्वचा रोगों, बुखार और अन्य बीमारियों के लिए उपचार के रूप में कार्य करते हैं। प्रति कुलपति ने कहा कि चंदन वाटिका विश्वविद्यालय में स्थित अमृत सरोवर के नजदीक स्थित है। रोपित किए गए पौधों में 25 पौधे सफेद चंदन और 25 लाल चंदन के हैं। कार्यक्रम में संपत्ति अधिकारी डॉ प्रवीण भाई पटेल, डॉ. हिमांशु त्रिवेदी तथा विभाग के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## जुगाड़ का अविष्कार है खतरनाक



मोटर साइकिल को ट्रॉली बनाकर यातायात कानून का धड़ल्ले से उल्लंघन कर रहे हैं। क्षमता से अधिक खतरनाक सरिया लादकर राहगीरों की जान को खतरे में डाल दिया है। यातायात पुलिस ने सड़क से गुजरते ऐसे वाहनों से अपनी आंखें बंद कर रखी हैं। ● फोटो – मनोज तिवारी।

## 74वां संशोधन लागू हो, महापौर ने उठाया मुद्दा

**कानपुर।** 74वां संशोधन लागू होने की वजह से मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र के शहर आगे बढ़ते जा रहे हैं जबकि कानपुर पिछड़ रहा है। जब स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग की बारी आती है तो सभी प्रदेश के शहर को समान आधार से ही रैंकिंग में जोड़ा जाता है। इस वजह से हम नीचे आते हैं। यह मुद्दा पंचकुला में हुई आल इंडिया मेयर एग्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक महापौर प्रमिला पांडेय ने उठाया है। महापौर ने कहा कि जहां 74वां संशोधन लागू है उन शहरों की स्वच्छता रैंकिग अलग की जाए जब कि हमारे जैसे शहरों की रैंकिंग अलग जारी की जाए।

# चेनपुलिंग में 1300 यात्री गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मनचाहे जगह पर उतरने के चक्कर में पिछले तीन महीने में 1300 से अधिक यात्रियों को चेन पुलिंग करने के मामले में जीआरपी और आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। जिसमें कानपुर व आसपास के 206 यात्री शामिल हैं। ऐसे लोगों को जेल भेजने के साथ ही जुर्माना भी वसूला गया है।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि कानपुर से प्रयागराज समेत विभिन्न रूटों पर चेकिंग करके 15 जून तक अनावश्यक चेन पुलिंग करने वाले 1397 लोगों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई। अप्रैल 2025 में चेन पुलिंग करने वाले 413 लोगों को, मई 2025 में 665 लोगों को एवं जून 2025 में 319 लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में चेन पुलिंग करने वाले होशियार हो जाएं क्योंकि रेलवे ने ऐसे लोगों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया है। जो भी चेनपुलिंग करने में पकड़ा जाएगा, उसपर जुर्माना लगाना के अतिरिक्त उसे जेल भी भेजा जाएगा। चेनपुलिंग से ट्रेन भी अपने निर्धारित समय से लेट हो जाती है।

#### रेलवे चला रहा ये अभियान

- कानपुर सेंट्रल स्टेशन के उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह ने बताया कि रेलवे अपने यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न अभियान चला रहा है। आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे अभियान में 'आपरेशन समय पालन, आपरेशन नन्हें फरिश्ते, आपरेशन अमानत, मिशन जीवन रक्षक, मिशन रेल सुरक्षा, मिशन यात्री सुरक्षा, महिला सुरक्षा, मिशन सेवा, आपरेशन सतर्क, आपरेशन नार्कोस, आपरेशन मातृशक्ति, आपरेशन संरक्षा, आपरेशन आहट, आपरेशन व्यवस्था, आपरेशन जनादेश, आपरेशन सहयोग, आपरेशन दूसरा, आपरेशन विलेप, आपरेशन रेल प्रहरी, आपरेशन साथी, आपरेशन डिग्निटी शामिल हैं।

- आरपीएफ, जीआरपी ने तीन महीने चलाया अभियान

## सार-संक्षेप

### नाग वासुकी भगवान का किया महाभिषेक

**कानपुर।** धूनी ध्यान केंद्र शकुंतला शक्तिपीठ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आचार्य अमरेश मिश्र व डॉ. सुनीता मिश्रा ने झारखंड स्थित नाग वासुकी भगवान भोलेनाथ दिव्य शिवलिंग पर दूध, दही, शहद व शक्कर पंचामृत से महाभिषेक किया। नागलोक के राजा भगवान वासुकी शिव के साथ एक हजार मंत्रों से गुलाब के पुष्प अर्पित कर सर्वे भवंतु की कामना की। इसके बाद रांची के पास आदि शक्ति माता छिन्न मस्ता के चरणों में डाली भेंट कर एक हजार किशमिश का भोग लगाया। इसके बाद अहमदाबाद हादसे में मृतकों के मोक्ष और शान्ति की प्रार्थना की।



पूजा करते डॉ. अमरेश, डॉ. सुनीता।



कार्यशाला में मौजूद स्टाफ। अमृत विचार

### नियमित योग से शरीर रहता निरोग

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में कार्यशाला आयोजित हुई। योग, रोग निवारण के वैज्ञानिक अनुसंधान और निष्कर्ष विषय पर हुई कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पीडी राही, जिला प्रभारी, मुख्य प्रशिक्षक, पतंजलि योग समिति शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बताया कि वह 85 वर्ष की उम्र के हैं, इस उम्र तक उन्होंने कोई भी दवा का सेवन नहीं किया। यह नियमित योग का परिणाम है। उन्होंने वात, पित्त, कफ और नाड़ियों के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने लोगो को दैनिक दिनचर्या का भी तरीका बताया। कार्यक्रम में डॉ प्रदीप कुमार सिंह भदौरिया ने योग के विभिन्न कालों की विस्तृत जानकारी दी। हार्टफुलनेस संस्था के जिला प्रभारी डॉ पंकज गुप्ता ने ध्यान के बारे में वैज्ञानिक शोधों के माध्यम से ध्यान से नकारात्मक विचारों से बचने की उपाय बताएं। उन्होंने कहा नकारात्मक विचार हमारे मन मस्तिष्क और शरीर को विभिन्न व्याधियों से ग्रस्त कर देते हैं।

**समस्या** नगर विकास मंत्री और प्रमुख सचिव ने केडीए और नगर निगम की जमीन के मुद्दे पर की बैठक

# नगर निगम की जमीन पर केडीए की मनमानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम और केडीए के बीच चला आ रहा जमीन का विवाद बुधवार को शासन स्तर पर सुना गया। इस दौरान नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने जमीनों को लेकर नगर विकास मंत्री और प्रमुख सचिव के सामने अपना पक्ष रखा। पार्षद वेलफेयर के पदाधिकारियों ने भी जमीनों पर केडीए की मनमानी का आरोप लगाया। नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने शासन स्तर पर सम्बन्धित प्रकरणों का निर्णय लिये जाने आश्वासन दिया।

नगर निगम मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में सम्भव पोर्टल पर दर्ज प्रकरण की वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक हुई। इसमें नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा एवं प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात से नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने नगर निगम के प्रकरण पर अपना पक्ष रखा। पार्षद वेलफेयर एसासिएशन के पदाधिकारियों को भी इस बैठक में जुड़ने को कहा गया था जिसपर उन्होंने मंत्री को पूर्व में दिये तीन पत्रों पर अपनी बात रखी। एसोसिएशन के संरक्षक अमित पाण्डेय और अध्यक्ष नवीन पण्डित ने बैठक में कहा कि कानपुर नगर निगम एवं केडीए के विवाद आयुक्त कानपुर मण्डल को भेजे जाते हैं। क्योंकि आयुक्त कानपुर मण्डल कानपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष हैं। इसलिये उनके द्वारा कानपुर विकास प्राधिकरण के पक्ष में निर्णय लिया जाता है। इसलिये किसी अन्य अधिकारी को कानपुर नगर निगम एवं कानपुर विकास प्राधिकरण के विवादों पर नियुक्त किया जाए।

- वीडियो कांफ्रेंसिंग से सुनीं समस्याएं, पार्षद वेलफेयर ने भी समस्याओं से कराया अवगत

#### मनमानी कर जमीनों पर लाई जा रही परियोजना

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि जाजमऊ में नगर निगम की सीवेज फार्म की 1200 एकड़ भूमि है। फिर भी केडीए ने अपनी बोर्ड बैठक में दो परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। बताया कि यह भूमि सीवेज फार्म है और हाई कोर्ट इलाहाबाद के पारित आदेश में भूमि का प्रयोग बदला नहीं जा सकता है। पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुये कहा कि केडीए मनमानी करते हुए परियोजनाओं का लागू करा रहा है। स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट में भी भूमि सम्बन्धी विवाद आये थे। केडीए को ग्राम समाज एवं इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट की भूमि का अधिकार दे दिया गया है, ये व्यवस्था सिर्फ कानपुर में है, अन्य 16 नगर निगमों में नहीं।

# बच्चे नहीं, बिजली नहीं पंखा डुला रहे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बच्चों का अवकाश बढ़ाए जाने के बावजूद शिक्षकों को स्कूल आने के आदेश के खिलाफ शिक्षक मुखर हैं। शिकायत शिक्षक संगठनों ने मुख्यमंत्री से भी की है।

15 जून के बाद बढ़ती गर्मी के चलते बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में 15 दिन का अवकाश बच्चों के लिए बढ़ा दिया गया। शिक्षकों को स्कूलों में ऑनलाइन कार्य व नए सत्र के लिए तैयारी करने के लिए बुलाया गया। शिक्षकों का कहना है कि यह आदेश परेशान करने वाला है। ज्यादातर स्कूलों में ऑनलाइन आंकड़े भरे जाने का काम पूरा हो चुका है। नए सत्र की योजना वे लोग घरों में भी बना सकते हैं। उनका स्कूल आना औचित्यहीन है। शिक्षकों ने बताया कि गर्मी व उमस के चलते स्कूलों में बिजली भी आंखमिचौली खेलती है। इस स्थिति में वह लोग उमस भरी गर्मी का बिन बिजली सामना करते हैं। जूनियर हाई स्कूल शिक्षक महासभा के प्रांतीय संयोजक अनुग्रह त्रिपाठी ने कहा कि अवकाश के बाद जिले के लगभग 6 हजार शिक्षक सीधेतौर पर प्रभावित हो रहे हैं। शिक्षक हित में छुट्टी के आदेश को संशोधित कर शिक्षकों को पूरी तरह से अवकाश दिया जाना चाहिए।

# पत्नी से झगड़कर निकला युवक, ट्रेन से कट दी जान

## चौबेपुर के शादीपुर गांव का रहना वाला था युवक

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंधना पुलिया के निकट ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के शिनाख्त के प्रयास किए तो सामने आया कि युवक चौबेपुर क्षेत्र के शादीपुर गांव का है। जो घर पर पत्नी से झगड़ा कर गया था और जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक मंधना पुलिया के निकट लोगों ने ट्रेन से कटे शव को देखा। इस पर लोगों ने उसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए।


शिवम तिवारी। फाइल फोटो

पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से शिनाख्त करने में कामयाबी हासिल की।

पता चला कि मृतक का नाम शिवम है। वह चौबेपुर के शादीपुर गांव का निवासी है तथा मंगलवार कि शाम को उसकी पत्नी शिवांगी से झगड़ा हो गया था। जिसके बाद शिवांगी ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को झगड़े कि सूचना दी थी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही शिवम घर से कहीं बाहर निकल गया था और सुबह उसकी मौत की खबर घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया।

मां किरण और पिता महेंद्र तिवारी का रो-रो कर हाल बेहाल हो गया। शिवम की शादी 5 वर्ष पूर्व शिवांगी से हुई थी, उनके दो बेटियां हैं, छोटी बेटी डेढ़ वर्ष और बड़ी साढ़े तीन साल की है। शिवम ऑटो चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। झगड़े के पीछे की कोई खास वजह की जानकारी नहीं पता चली है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचायत नामा भरा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विवाहिता की हत्या कर लटकाया गया था शव

फॉलोअप

संवाददाता,चौबेपुर

- मृतका के पिता ने रेप कर हत्या किये जाने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव में तीन दिन पहले रेप के बाद नवविवाहिता की हत्या कर दी गई। मृतका शव को पेड़ से लटका मिला था। घटना में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है।

क्षेत्र के एक गांव में गत सोमवार सुबह नव विवाहित का शव गांव से दूर एक पेड़ से लटका मिला था। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। जहां मृतका के पिता समेत परिजनों ने दुष्कर्म के बाद नवविवाहिता की हत्या किये जाने का आरोप लगाया था। जिस पर पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराये थे। घटना की सूचना पर एसीपी बिल्हौर अमरनाथ भी मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की थी। इधर



घटना के तीन दिन बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हो जाने व मृतका के पिता द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही सरोज राठौर पुत्र सियाराम राठौर के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

# प्राथमिकता से किया जाएगा जन समस्याओं का निस्तारण

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** ज्वाला प्रसाद ने गुरुवार को बिल्हौर तहसील के नए उप-जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद, उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

एसडीएम ज्वाला प्रसाद ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत मीडिया से बात करते हुए कहा, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता जनता की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित तथा प्रभावी समाधान करना होगा। सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा कि वे जन शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं और निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका निवारण करें। उन्होंने कहा



पद भार ग्रहण करते एसडीएम ज्वाला प्रसाद। अमृत विचार

- ज्वाला प्रसाद ने संभाला बिल्हौर एसडीएम का कार्यभार

कि तहसील में आने वाले प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता से सुना जाएगा और न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।

राजस्व संबंधित मामलों, भूमि विवादों और अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बिल्हौर के निवासियों ने नए एसडीएम से उम्मीद जताई है कि उनके आने से प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार होगा और जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

### हत्यारोपियों को पुलिस ने पकड़कर भेजा जेल

**तिर्वा, कन्नौज।** मक्का चोरी का विरोध करने पर युवक की पीट पीट कर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने नामजद चारों आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के खखरियापुर गांव निवासी प्रदीप कुमार रविवार की सुबह तीन बजे ईशन नदी किनारे पडी मक्का को बारिश के दौरान समेटने गया था। तभी मक्का चोरी का विरोध करने पर सुजानसराय गांव निवासी अंकित, अमित पुत्र कमलकिशोर, रोशन लाल पुत्र नियामत सिंह, श्यामसिंह पुत्र रूपलाल ने उसकी पीट पीट कर हत्या कर दी।

## सार-संक्षेप


तैयारियों पर चर्चा करते हुए।

### डॉ. गया प्रसाद की जयंती व सम्मान समारोह 20 जुलाई को

**बिल्हौर।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. गया प्रसाद कटियार की जयंती एवं सम्मान समारोह का 20 जुलाई 2025 को होगा। समारोह बिल्हेरी स्थित बापू गेस्ट हाउस में दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल होंगे। समारोह की अध्यक्षता क्रांतिकारी डॉ. गया प्रसाद कटियार के पुत्र इंजीनियर क्रांति कुमार कटियार करेंगे। यह कार्यक्रम डॉ. गया प्रसाद कटियार के राष्ट्र के प्रति अमूल्य योगदान को स्मरण करने और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। बुधवार को अपना दल के पिछड़ा वर्ग सदस्य ओपी कटियार, जिला उपाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने बिल्हौर के निजी हास्पिटल की तैयारी का जायजा लिया और बैठक कर पूरी रूप रेखा तैयार की। कार्यक्रम संयोजक अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव ने जानकारी दी।


सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ हरिओम पांडेय।

### समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने गए हरिओम

**बिठूर।** बिठूर के मंधना में रहने वाले समाजवादी पार्टी के नेता व पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी हरिओम पाण्डेय को समाजवादी छात्र सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुना गया। जिसको लेकर ग्रामीण क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने मंधना बिठूर रोड स्थित आवास पर पहुंच कर शुभकामनाएं दी। बताते चलें कि हरिओम पाण्डेय पूर्व में हुए जिला पंचायती का चुनाव समाजवादी पार्टी के बैनर तले लड़ चुके हैं। उसके बाद से समाजवादी पार्टी के लिए तन-मन से सहयोग कर पार्टी के प्रति अपनी एक छवि विकसित की है। हरिओम पाण्डेय का कहना है की जिस तरह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विश्वास जताकर जो जिम्मेदारी सौंपी है उनका मैं धन्यवाद देता हूं। और पार्टी के प्रति पूरी लगन से कार्य करुंगा। लोगों को समाजवादी पार्टी द्वारा किए गए कामों के बारे में जानकारी देकर प्रचार-प्रसार करुंगा।



नून नदी में काम से पूर्व योगाभ्यास करते श्रमिक व अन्य। अमृत विचार

# नून नदी पुनरुद्धार कार्यक्रम प्रगति पर, श्रमिकों ने किया योगाभ्यास

संवाददाता, बिल्हौर/शिवराजपुर

**अमृत विचार।** नून नदी पुनरुद्धार कार्यक्रम के अनुमानित पूर्ण होने की समयावधि के उपरांत बुधवार को नदी के बहाव क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की समीक्षा की गई।

विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम खंड विकास अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, ग्राम सचिव, तकनीकी सहायक और श्रमिकों ने पैदल चलकर किए गए कार्यों का जायजा लिया। बता दें कि अब तक, नून नदी पुनरुद्धार का 23.57 किमी के सापेक्ष 21.529 किमी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी बलराम ने नून नदी की प्रगति समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि काम को जिम्मेदारी पूर्वक पूरा किया जाए। ताकि काम में किसी भी प्रकार की कोई खामी नहीं रहे। उन्होंने कहा कि यदि काम में खामी पाई गई तो संबंधित से जवाब तलब किया जा सकता है।


योग सप्ताह नून नदी की टीशर्ट दिखाते हुए। अमृत विचार

### नून नदी में चली योग की क्लास

योग दिवस सप्ताह (15 जून, 2025 से 21 जून, 2025) के उपलक्ष्य में नून नदी पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जिन ग्राम पंचायतों में श्रमिकों द्वारा कार्य किया जा रहा था, उन श्रमिकों द्वारा योग गुरु के निर्देशन में योगाभ्यास किया गया। ग्राम पंचायत सेलाहा में 110 श्रमिकों/ग्रामवासियों द्वारा योग किया गया। नून नदी के अलावा, अन्य ग्राम पंचायतों में भी योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान योग गुरु ने श्रमिकों योग की बारीकियां समझाते हुए बताया कि यदि नियमित रूप से और सही तरीके से योग किया जाए तो हम कई तहर की बीमारियों से अपने आप को बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि रोजाना योग करने से रक्तसंचार और पाचनतंत्र भी सही रहता है। कमजोर पाचनतंत्र कई बीमारियों की जड़ होता है। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों को कपालभांति, अनुलोम-विलोम, नाड़ीसोधन सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास कराया।


## बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26

Accreditations, Affiliations & Approvals

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**

CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेस**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेंटल साइंसेस**
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)

**पैरामेडिकल साइंसेस**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

**फोरेंसिक साइंसेस**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**हयूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


निर्देश | जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नवीन सभागार में बैठक

# गौशालाओं के निर्माण कार्य जल्द पूरा करें

संवाददाता, बिल्हौर/कानपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नवीन सभागार में बुधवार को निराश्रित/बेसहारा गोवंश संरक्षण हेतु जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक हुई।

बैठक में जनपद के सभी विकास खंडों में गोवंश आश्रय स्थलों की स्थिति, निर्माणाधीन आश्रय केंद्रों की प्रगति और गोवंश संरक्षण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान बुनियादी सुविधाओं पर जोरः जिलाधिकारी ने सभी गौशालाओं में भूसा, पेयजल, छाया और बिजली जैसी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तथा निर्माणाधीन केंद्रों की प्रगतिः नारामऊ, बिल्हौर और जमालपुर (ककवन) में निर्माणाधीन वृहद गो संरक्षण केंद्रों के कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यदाई संस्था के भुगतान में कटौती कर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही, कटौती के बाद कराए जाने वाले निर्माण की जांच लोक निर्माण विभाग से कराने के भी आदेश दिए गए। इसके साथ ही गौशालाओं का निरीक्षण और गुणवत्ता जांचः खंड विकास अधिकारी और सहायक पशु चिकित्साधिकारी को संयुक्त रूप से दो-दो गौशालाओं का निरीक्षण कर भूसा एवं साइलेज के टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण करने और गुणवत्ता रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

वहीं भूसा दान का लक्ष्य भी सभी खंड विकास अधिकारियों को शनिवार तक 100 क्विंटल भूसा दान में प्राप्त करने का लक्ष्य पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान कैटल कैचिंग यूनिट्स की सक्रियताः सभी खंड विकास अधिकारियों को यह प्रमाणित करने के लिए कहा गया कि उनके कैटल कैचिंग यूनिट्स पूरी तरह से क्रियाशील हैं। इसके साथ ही डीएम की ओर से प्रत्येक खंड विकास अधिकारी एक सप्ताह में कम से कम 10 गोवंशों को संरक्षित करने के निर्देश दिए है।


बैठक करते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

### चारागाह विकसित करें

15 जुलाई तक प्रत्येक गौशाला के पास चारागाह विकसित करने का निर्देश दिया गया। डीसी मनरेगा और जिला विकास अधिकारी को जनपद के 5 ब्लॉकों में विकसित चारागाहों का निरीक्षण कर आगामी बैठक में प्रस्तुति देने के लिए कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती दीक्षा जैन, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आईडीएन चतुर्वेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, पीडी अलोक कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत न्योरी वि०खंड-बिधनू कानपुर नगर

पत्रांक-मेमो/पंद्रहवां/पंचम/स्वछ भारत निशान ग्रामीण फेज 2/ मनरेगा/निविदा/प्रकाशन/2025-26 दिनांक: 18/06/2025

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फ़र्म / पंजीकृत विक्रेताओ को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत न्योरी वि0ख0 बिधनू जनपद कानपुर नगर के स्वच्छ भारत मिशन फेज-2/पंद्रहवा / पंचम वित्त एवं मनरेगा के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेंट, मौरंग, बालू, सरिया, इंटरलॉकिंगईट, गिट्टी, ईट, लोहा जाली, आदि कार्य स्वच्छ भारत मिशन फेज-2/पंद्रहवा / पंचम वित्त एवं मनरेगा की धनराशि से प्रस्तावित हैं। दिये गए कार्यो हेतु निर्धारित मानक व गुणवत्ता के अनुसार सामग्री हेतु मोहरबंद निविदाए आमंत्रित कि जाती है। निविदा 18/06/2025 से 23/06/2025. तक (नि:शुल्क) किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय ग्राम पंचायत न्योरी के सचिवालय में जमा की जा सकती है। व निविदा दिनांक 23/06/2025 को समय अपरान्ह 02:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के पंचायत सचिवालय न्योरी में समिति के समक्ष खोली जायेगी। आयकर कटौती व जीएसटी का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार किया जाएगा। ग्राम पंचायत को यह अधिकार होगा कि वह बिना बताये निविदा निरस्त कर सकती है। दर्शाय गये कार्यो के धन की उपलब्धता के अनुसार कार्य करने के आदेश दिये जायेगे।

| क्र०सं० | कार्य का नाम | नग/सं० | सामग्री कि अनुमानित लागत | सामग्री कि अनुमानित धनराशि | कार्य कि अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रा०वि० डंडेपुरवा में कायाकल्प कार्य | 1 | 5.50 लाख | प्राकलन के अनुसार | 1 माह |
| 2 | पंचायत भवन में पुस्तकालय निर्माण कार्य | 1 | 2 लाख | प्राकलन के अनुसार | 1 माह |

नियम व शर्तेः- 1. उक्त कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु अल्पकालीन निविदा आंमत्रित की जारहीहै। 2. निविदा कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है। 3. निविदादाताओं की जीएसटी/पैन/फर्म का रजिस्ट्रेशन की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न कर देना होगा। 4. निविदा की स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार गठित समिति का होगा। 5. साम्रगी घट बढ़ सकती है। प्राक्कलन के अनुसार व भुगतान वास्तविक एमबी के अनुसार ही होगा। 6. आइटमरेट प्राक्लन कि दशा मे 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफडीआर/बैंक ड्राफट् / के रूप ग्राम पंचायत के पास बन्धक होगी व निविदा स्वीकृति के पश्चात सिक्योरिटी धनराशि 10 प्रतिशत भी ग्राम पंचायत के पास बंधक होगी। 7. यदि किसी कारणवश निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस मे खोली जाएगी। 8-प्रत्येक कार्य के लिए अलग अलग आवेदन करना होगा। 9-न्यायालय द्वारा रोक लगाये जाने पर ग्राम पंचायत की भुगतान के सन्दर्भ में कोई भी जवाबदेही नही होगी।

श्रीमान रामनरेश यादव
ग्राम प्रधान
ग्रा0प0 न्योरी वि0ख0 बिधनू
कानपुर नगर

श्रीमती रिचा उमराव
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्रा0प0 न्योरी वि0ख0 बिधन्
कानपुर नगर

# औद्योगिक इकाईयों में खप रही अनुदानित यूरिया

पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात


अनुदानित यूरिया मिलने पर फैक्ट्री में छानबीन करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन के अधिकारियों की सख्ती के बावजूद औद्योगिक इकाईयों में अनुदानित यूरिया का इस्तेमाल नहीं रुक पा रहा है। बुधवार को संयुक्त टीम की छापेमारी में जैनपुर क्षेत्र की कई इकाईयों में अनुदानित यूरिया का प्रयोग मिला। यूरिया का नमूना लेकर कार्रवाई शुरू की गई है।

डीएम आलोक सिंह ने टेक्निकल ग्रेड यूरिया उपयोग करने वाली औद्योगिक इकाईयों में जांच के लिए दो संयुक्त टीमों का गठन किया। पहली टीम में जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता, सहायक प्रबंधक उद्योग प्रतिनिधि मोहन लाल व तहसीलदार अकबरपुर तथा दूसरी संयुक्त टीम में संदीप कुमार वरिष्ठ

- अफसरों की टीम ने जैनपुर की कई इकाईयों में की छापेमारी
- दूसरी संयुक्त टीम ने रनियां क्षेत्र में जांच को लिया नमूना

प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए, उपायुक्त उद्योग मो. सउद उपायुक्त उद्योग व एसडीएम सदर अवनीश कुमार को शामिल किया गया। पहली टीम को प्राइम एवियन फीडस जैनपुर, आरएस लैमिटेटर जैनपुर, न्यूट्रि एग्रीवेट प्रालि. जैनपुर एवं सांई बाबा पॉलीमर लिमिटेड जैनपुर में टैक्नीकल ग्रेड यूरिया मौके पर 34 बैग (प्रति बैग 900 किग्रा) मिली। साथ ही 1717 बोरी (प्रति बैग 45 किग्रा) मिलने पर एक-एक नमूना लिया गया। जबकि दूसरी टीम ने रनियां क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों में छापेमारी की। हालाकि उन्हें जांच में अनुदानित या गैर अनुदानित यूरिया का उपयोग नहीं मिला।


आरोग्य मंदिर के कर्मियों से जानकारी लेते जांच दल के सदस्य। अमृत विचार

## भेवान आरोग्य मंदिर में केंद्रीय टीम ने जांची व्यवस्था

निरीक्षण

**शिवली।** भेवान के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में इलाज, सुविधाओं को परखने के लिए दो सदस्यीय डाक्टरों का दल पहुंचा। यह आरोग्य मंदिर एनकवास योजना से प्रमाणित है। बुधवार दोपहर पटना (बिहार) की डॉ. संगीता सिंह व बिलासपुर (छत्तीसगढ़) के डॉ. टार्जन भेवान के आरोग्य मंदिर पहुंचे। यहां की सुविधाओं को जांचा और मरीजों से बातचीत की। सीएचओ संजय राठौर व एएनएम से भी जानकारियां ली। सीएमओ डॉ. अरुण कुमार सिंह, मैथा प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ पाठक, डॉ. दिलीप वर्मा, अल्पना निरंजन व राकेश कुमार मौजूद रहे। जांच रिपोर्ट दिल्ली स्वास्थ्य विभाग जाएगी।

# दैवीय आपदा में 2 लोगों की मौत

संवाददाता, शिवली


केशरीनिवादा में गिरी दीवार देखते एसडीएम राजकुमार चौधरी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारिश से गर्मी में कुछ राहत मिली। इसी बीच बलुआपुर में धान की बेल देखने गए एक किसान की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। जबकि उसका साथी झुलस गया। वहीं केसरीनिवादा में कच्ची दीवार ढहने से महिला मौत हो गई। जबकि उसकी लड़की घायल हो गई।

बलुआपुर के रामबहादुर (50) मंगलवार देर शाम गांव के अरविंद के साथ खेत पर धान की बेड़ देखने गए थे। एकाएक शुरू हुई बारिश के साथ बिजली गिरने से राम बहादुर कश्यप की मौत हो गई, अरविंद झुलस गए। किसान की मौत पर पत्नी सरिता, पुत्र दुर्गेश, बृजेश आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। जानकारी पर एसडीएम राजकुमार चौधरी, तहसीलदार सुनील कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पीड़ितों को ढांढस बंधाया और आर्थिक मदद दिलाने की बात कही।

उधर, केसरी निवादा गांव में बारिश शुरू होते ही मुन्ना की पत्नी ज्ञानवती (48) व उनकी बेटी बबली पर घर की कच्ची दीवार गिर पड़ी। इससे दोनों मलबे में दब गईं। ग्रामीण व परिजनों ने दोनों को बाहर निकाला और सीएचसी शिवली ले गए, जहां डॉ. शनि ने ज्ञानवती को मृत घोषित कर दिया। तहसीलदार सुनील कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दोनों हादसों में लेखपाल सुजीत कुमार व दिव्या सचान से रिपोर्ट मांगी गई है। आर्थिक मदद दी जाएगी।

## मांडा गांव में बिजली गिरने से राष्ट्रीय पक्षी की मौत

मैथा चौकी क्षेत्र के माण्डा गांव में मंगलवार की देर शाम अचानक तेज हवाओं के साथ हुई बारिश में आकाशीय बिजली गिरने से रघुवीर कश्यप के दरवाजे नीम के पेड़ पर बैठे राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग को दी। वन कर्मचारी रामचंद्र ने बताया मृत मोर को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


खोजाफूल गांव के प्लांट में छापेमारी के दौरान नकली डामर बनाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री कमरे में भरी मिली। अमृत विचार


जिलाधिकारी की ओर से भेजी गई टीम के अधिकारियों ने मौके पर छानबीन की। अमृत विचार

# खोजाफूल में पकड़ा गया नकली डामर प्लांट

## आकस्मिक छापेमारी के दौरान मात्रा में नकली डामर, कच्चा तेल, केमिकल, उपकरण, मशीन आदि बरामद, सारा माल सीज

छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** उद्योग उपायुक्त के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने बुधवार को सिकंदरा तहसील क्षेत्र के खोजाफूल गांव में छापेमारी कर नकली डामर बनाने वाला प्लांट पकड़ा है। छापेमारी में बरामद हुए नकली डामर सामग्री, कच्चा तेल, केमिकल, मिक्सिंग मशीन और अन्य उपकरणों को सीज कर दिया गया है। डीएम को मिली गोपनीय सूचना पर यह कार्रवाई की गई।

डीएम आलोक सिंह को गोपनीय सूचना मिली थी कि खोजाफूल में गैरकानूनी तरीके से नकली डामर प्लांट चलाया जा रहा है। सटीक सूचना के आधार पर जिलाधिकारी ने उद्योग उपायुक्त मो. सउद नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित की, जिसमें उद्योग विभाग के इंजीनियर साहिब आलम, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईडी) के सहायक अभियंता योगेंद्र शर्मा और अकबरपुर के नायब तहसीलदार रवींद्र मिश्र को शामिल किया गया। इस टीम को प्लांट में छापेमारी कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीएम के निर्देश पर संयुक्त टीम ने खोजाफूल में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान प्लांट में भारी मात्रा में नकली सामग्री, कच्चा तेल, केमिकल, मिश्रण उपकरण, मिक्सिंग मशीन व अन्य निर्माण उपकरण बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में यह भी पाया गया कि डामर बनाने का काम बिना किसी वैध लाइसेंस, पर्यावरणीय स्वीकृति एवं सुरक्षा मानकों के गैरकानूनी तरीके से चल रही थी। अधिकारियों ने सारी सामग्री और मशीनों को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया। इसके साथ ही नकली डामर प्लांट चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।


नकली डामर बनाने वाली मशीन।


नकली डामर बनाने में प्रयुक्त केमिकल सीज किया गया। अमृत विचार

- गोपनीय सूचना पर डीएम ने भेजी अफसरों की टीम
- बिना लाइसेंस अथवा सुरक्षा मानक के चल रहा था खेल

### जिलाधिकारी ने मांगी लोगों से गोपनीय सूचनाएं

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में किसी भी प्रकार की अवैध, मानकविहीन और जनहित के विरुद्ध गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस प्रकार के अवैध धंधों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था कानून एवं गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन करता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील कि यदि उन्हें इस प्रकार की किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी हो तो तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# 20 जून से 10 जुलाई तक बंटेगा मुफ्त राशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 20 जून से 10 जुलाई के बीच गेहूं, चावल व चीनी का निशुल्क वितरण किया जाएगा। वहीं राशन कार्ड में दर्ज सभी यूनिटों की ई-केवाईसी उचित दर विक्रेता के यहां कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत माह जुलाई का खाद्यान्न 20 जून से 10 जुलाई तक वितरित किया जाएगा। कार्डधारक अपने अंत्योदय राशन कार्ड पर 14 किग्रा. गेहूं व 21 किग्रा. चावल तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्ड पर प्रति यूनिट दो किग्रा. गेहूं, व तीन किग्रा. प्रति यूनिट के अनुसार अपने उचित दर विक्रेता से निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। अन्त्योदय कार्डधारक अपनी उचित दर दुकान से तीन किग्रा. चीनी प्रति कार्ड 18 रुपये की दर से प्राप्त कर सकेगें। चीनी वितरण में पोर्टीबिल्टी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। कार्डधारक को चीनी अपनी मूल दुकान से ही प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने सभी कार्डधारकों को सूचित किया है कि इस वितरण माह में अपने राशन कार्ड में दर्ज सभी यूनिटों की ई-केवाईसी अपने नजदीकी उचित दर विक्रेता की दुकान पर जाकर करा लें। जिससे उन्हें किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पडे.। यदि किसी कार्डधारक को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने में असुविधा होती है तो वह 10 जुलाई को मोबाईल ओटीपी वेरीफिकेशन सुविधा (प्रॉक्सी) के माध्यम से भी खाद्यान्न प्राप्त सकते हैं।

### सीसीसी कंप्यूटर ट्रेनिंग के लिए करें आवेदन

**कानपुर देहात।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नेहा सिंह ने बताया कि शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियां आवेदन पत्र आवश्यक प्रपत्रों सहित विभाग की बेवसाइट पर 14 जून से 17 जुलाई तक ऑनलाइन कर सकते हैं। इसमे आवेदनकर्ता के अभिभावकों की आय एक लाख रुपये से अधिक न हो और आवेदक को योग्यता इटरमीडिएट व न्यूनतम शैक्षिक 35 वर्ष होनी चाहिए।

### राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए भी करें आवेदन

**कानपुर देहात।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी नेहा सिंह ने बताया कि दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, स्वैच्छिक संगठनों व सेवायोजकों को 3 दिसंबर विश्व दिव्यांग दिवस वा विभाग द्वारा पुरस्कार दिए जाते हैं। इसकी विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक व्यक्ति राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन वांछित प्रपत्रों सहित कार्यालय कमरा नंबर 105, विकास भवन माती में 30 जून तक जमा कर सकते हैं।

# साईं आश्रम की छत से गिरे महंत, थम गईं सांसें

संवाददाता, रनियां

- गजनेर क्षेत्र के रौगांव स्थित दाता साईं आश्रम में हादसा
- मंगलवार देर शाम खाना खाने के बाद छत पर सोने गए थे

**अमृत विचार।** गजनेर थाना क्षेत्र के रौगांव स्थित दाता सांई आश्रम के महंत रात में संदिग्ध हालत में छत से नीचे गिर गए। जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है।

मूल रूप से कानपुर नगर के थाना सजेती क्षेत्र के रैपुरा निवासी ऊदल उर्फ उदय नारायण (60) करीब एक साल से गजनेर थाना क्षेत्र के मंगटा गांव के मजरा रौगांव स्थित दाता सांई आश्रम में रहकर देखभाल करते थे। मंगलवार की देर शाम वह खाना खाकर आश्रम के कमरे की छत पर सोने चले गए। इसी दौरान वह नीचे गिर गए और मौत हो गई। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने उन्हें जमीन पर मुंह के बल पड़ा देख शोर मचाया। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गए। ग्रामीणों का अनुमान है कि रात में लघुशंका के समय उठने पर वह फिसलकर नीचे गिर गए होंगे। ग्राम प्रधान पति राम गणेश सिंह ने घटना की सूचना गजनेर पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य संकलित कराए। वहीं जानकारी पर महंत के पुत्र प्रभात अपने साथी बिपिन व जालिम के साथ मौके पर पहुंचे। गजनेर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया की मौत का सही कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### एनएचएआई पिकअप से भिड़ी डीसीएम, 3 गंभीर

**सिकंदरा।** खोजाफूल गांव के समीप नेशनल हाइवे पर एनएचएआई की पिकअप से डीसीएम टकरा गई जिसमें चालक समेत 3 लोग घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी भेजा, जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सिकंदरा थाना क्षेत्र के खोजाफूल गांव के सामने बुधवार को कानपुर की ओर जा रही डीसीएम हाईवे किनारे एनएचएआई की पिकअप से टकरा गई। हादसे में डीसीएम चालक समीर (30) निवासी आवेल खेड़ा थाना बरहन जनपद आगरा, अंशू (17) निवासी अकबरपुर व चांदनी (14) घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा, जहां डॉ. अनिल गुप्ता ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज अकबरपुर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी हरिओम त्रिपाठी ने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है। तहरीर पर कार्रवाई होगी।

# दहेज हत्या में 7 वर्ष सश्रम सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- बिल्हौर क्षेत्र के उत्तरी पूरा में तीन साल पहले हुई थी घटना
- सास-ससुर, पति और दो देवरों को कोर्ट में सुनाई गई सजा

**अमृत विचार।** बिल्हौर क्षेत्र के उत्तरी पूरा में करीब तीन साल पहले दहेज हत्या के मामले में एंटी डकैती कोर्ट ने चार आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सात-सात के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड भी लगाया है।

एडीजीसी विवेक त्रिपाठी व आशीष तिवारी ने बताया कि कानपुर नगर के बिल्हौर थाने में 2 जुलाई 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उन्होंने अपनी पुत्री किरन का विवाह अरुण कुमार निवासी मोहल्ला मछली मंडी उत्तरी पूरा थाना बिल्हौर के साथ 22 नवंबर 2021 को किया था। उन्होंने सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज भी दिया था। आरोप है कि शादी के बाद दामाद अरुण कुमार, ससुर पप्पू, सास सुनीता, देवर अमन व पंकज कार की अतिरिक्त मांग कर पुत्री को प्रताड़ित करने लगे।

जानकारी पर उन्होंने मध्यस्थता की, लेकिन उक्त लोग पुत्री से आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करते रहे। 3 जुलाई 2022 को ससुरालियों ने पुत्री किरन को मारापीटा और गला दबाकर हत्या कर दी। इसकी जानकारी उन्हें पड़ोसियों से मिली तो वह मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही थी। बुधवार को अदालत ने सुनवाई करते हुए आरोपी अरुण कुमार, पप्पू, सुनीता व अमन को दोषी ठहराते हुए सात-सात के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही तीन-तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषियों को दो-दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## राजमिस्त्री की हालत बिगड़ने से गई जान

**कानपुर देहात।** राजमिस्त्री की हालत बिगड़ने से मौत हो गई।

घाटमपुर क्षेत्र के सरगांव निवासी सुशील कुमार (30) राजमिस्त्री था। वह बुधवार को गजनेर कस्बे में राजमिस्त्री का काम करने निकला था। दोपहर में वह अचेतावस्था में मिला। राहगीरों ने उसे एंबुलेंस से गजनेर सीएचसी भेजा। जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। सूचना पर पहुंचे परिजन बदहवास हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रशिक्षण शुरू — पुलिस कप्तान के निर्देश पर सीओ प्रिया सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से रोका

# वर्दी पहनकर रील मत बनाएं महिला रिक्रूट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात


पुलिस लाइन में महिला रिक्रूटों को ब्रीफ करतीं सीओ प्रिया सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महिला आरक्षी रिक्रूट अब पुलिस विभाग का हिस्सा बन चुकी हैं, इसलिए सोशल मीडिया का उपयोग सावधानीपूर्वक करें। वर्दी पहनकर किसी भी प्रकार की पोस्ट सोशल मीडिया पर नहीं करना है और न ही किसी प्रकार की कोई रील बनाकर अपलोड करना है। यह बात पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र के निर्देश पर सीओ प्रिया सिंह ने पुलिस लाइन में जेटीसी/आरटीसी प्रशिक्षण के लिए आई महिला रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफिंग के दौरान समझाई।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती-2023 से संबंधित महिला रिक्रूट आरक्षियों की माती पुलिस लाइन में आमद हो गई है। पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र के निर्देश पर सीओ प्रिया सिंह ने बुधवार को पुलिस में महिला रिक्रूट आरक्षियों को जेटीसी/आरटीसी प्रशिक्षण के संबंध में ब्रीफिंग की। उन्होंने कहा कि रिक्रूटों का जेटीसी प्रशिक्षण 17 जून से शुरू हो चुका है। यह लगभग एक माह तक चलेगा। इसमें उन्हें पुलिस की बेसिक ट्रेनिंग के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके बाद नौ माह का आरटीसी प्रशिक्षण होगा, जिसमें उन्हें बाह्य एवं आंतरिक प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। सीओ प्रिया सिंह ने महिला रिक्रूटों को सोशल मीडिया के संबंध में विशेष जानकारी देते हुए बताया कि अब सभी पुलिस विभाग का हिस्सा बन चुकी हैं, इसलिए सोशल मीडिया का उपयोग सावधानी पूर्वक करना होगा। सोशल मीडिया पर वर्दी पहनकर किसी भी प्रकार की पोस्ट नहीं करना है और न ही किसी प्रकार की रील बनाकर अपलोड करना है। यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह उचित माध्यम से समाधान करा सकती हैं।

## सार-संक्षेप


डीएम को ज्ञापन देने जाते राष्ट्रीय गौरक्षा दल के पदाधिकारी। अमृत विचार

### बैंक मैनेजर व फील्ड ऑफीसर पर बदसलूकी का आरोप

**राजपुर।** कस्बे के बैंक ऑफ बड़ौदा व एसबीआई के अधिकारियों की अभद्रता व कमीशनखोरी के चलते पात्रों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बुधवार को राष्ट्रीय गौरक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष/राष्ट्रीय पंचायतीराज प्रधान संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश मिश्रा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि राजपुर कस्बे के बैंक ऑफ बड़ौदा व भारतीय स्टेट बैंक से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना व स्वरोजगार योजना समेत कई योजनाओं का लाभ पात्रों को नहीं मिल रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर व फील्ड ऑफीसर पात्रों से कमीशनखोरी के चलते अपात्र कर बदसलूकी करते हैं। जबकि अपात्रों को ऋण मंजूरी दी जाती है। कई बार ग्राम प्रधानों की बैठक में अभद्रता करने की शिकायतें हो चुकी हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।


युवक की मौत पर घटनास्थल पर मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

### संदिग्ध हालात में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**सिकंदरा।** रोहनी डेरा गांव निवासी चरन सिंह नायक ने बताया कि पांच भाईयों में छोटा भाई राजू (30) गंभीर बीमारी से ग्रस्त था। वह उन्नाव के संब्दलपुर कस्बे में रखकर घर-घर बाल खरीदकर गुजारा करता था। भाई ने मंगलवार की शाम को रसधान की बाजार से आम खरीद कर घर भेज दिए थे। दूसरे भाई आमोद ने बताया कि राजू ने उससे मोबाइल पर एक हजार रुपये अहमदाबाद जाने के लिए ट्रांसफर कराए थे। बुधवार सुबह राजू का शव मोहन के खेत में नीम के पेड़ पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। सिकंदरा थाना प्रभारी हरिओम त्रिपाठी ने बताया मृतक गंभीर बीमारी से ग्रस्त था। परिजनों ने लिखित प्रार्थना देकर पोस्टमार्टम कराने से मनाकर दिया था। जिसपर पंचनामा कार्रवाई कर शव को सुपुर्द कर दिया गया।

# केशव प्रसाद मौर्य बनाए जा सकते हैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गृह मंत्री अमित शाह ने लखनऊ दौरे में योगी से कराई मौर्य की सुलह
- दिल्ली में योगी के प्रस्ताव पर मौर्य को मिल सकती कमान

**अमृत विचार :** मेरे मित्र केशव प्रसाद मौर्य..., पहली बार गृहमंत्री अमित शाह की ओर से उप मुख्यमंत्री के लिए लखनऊ में इस संबोधन का असली मर्म अब सामने आने वाला है। केशव प्रसाद मौर्य भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी और केशव प्रसाद में सुलह हो गई है। योगी ने खुद ही केशव का नाम केंद्र संगठन को प्रस्तावित किया है।

गृह मंत्री के अमित शाह 15 जून के लखनऊ दौरे पर थे। बताते हैं कि इसी दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का सितारा चमकने की नींव रखी गई। हालांकि नव नियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरण के भव्य समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने सीएम योगी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत सभी नेताओं का नाम उनके पदानुसार बोला। लेकिन सिर्फ केशव प्रसाद का नाम लेते समय व्यक्तिगत अनुराग प्रदर्शित करते हुए मेरे मित्र का संबोधन करके सबको चौंका दिया था। इसे लेकर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा था कि मेरे लिए तो वह गुरु समान हैं। यह अमित शाह का बड़प्पन है कि उन्होंने उन्हें अपना मित्र बताया। कहा कि उन्होंने जो कुछ भी सियासत में सीखा है वो, अमित शाह के मार्गदर्शन में ही सीखा है। सूत्रों का कहना है कि पीएम मोदी समेत संघ को काफी दिनों से राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए आए नामों के पैनल में किसी एक पर मुहर लगाना मुश्किल हो रहा था। विपक्ष भी भाजपा अध्यक्ष नियुक्त न करने पर सवाल करने लगा था। दलित और पिछड़ा वर्ग को ही कमान देने पर सहमति पहले ही बन गई थी। लेकिन संघ ने एक बड़ी शर्त जोड़ी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का बैक ग्राउंड संघ से जुड़ा हो। इसपर मौर्य पूरी तरह खरा उतरते दिख रहे हैं। उनका पूरा जीवन संघ और अनुषांगिक संगठन विहिप, बजरंग दल, गो रक्षा और पिछड़ों को संगठित करने में खपा है। राममंदिर आंदोलन में उनकी संगठन क्षमता का संघ नेतृत्व कायल था। उनके प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने संसदीय चुनाव जो जीत यूपी में दर्ज की, वह रिकार्ड अभी नहीं टूटा है। सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2019 के चुनाव में मुख्यमंत्री बनने से चूक गए केशव को राष्ट्रीय संगठन का मुखिया बनाने पर सहमति बनती दिख रही है।

सूत्रों के मुताबिक, योगी और केशव प्रसाद में सुलह हो गई है और योगी ने खुद ही केशव का नाम केंद्र संगठन को प्रस्तावित किया है। बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को दिल्ली दौरे पर हैं। राष्ट्रपति से मिलने के बाद वे राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष से मुलाकात कर मौर्य की ताजपोशी का रास्ता साफ होगा।



### ब्रजेश पाठक करेंगे बीएल संतोष से मुलाकात

सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बोम्माराबेट्टू लक्ष्मीजनार्दन संतोष से मुलाकात करेंगे। ब्रजेश पाठक के अलावा केशव प्रसाद मौर्य के भी दिल्ली जाने की खबर है।

## अलग-अलग जिलों में 53 मंत्री भी करेंगे योगाभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार इस बार योग दिवस को पर्व की तरह मनाने जा रही है। विविध स्थानों पर बकायदा आयोजन के रूप में योगाभ्यास पूरे एक सप्ताह तक चलेंगे। इस दौरान प्रदेश के 53 मंत्री भी अलग-अलग जिलों में 21 जून की सुबह योग करेंगे। इस क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज तो वहीं ब्रजेश पाठक लखनऊ में योगाभ्यास करेंगे। इसके अलावा 22 जिलों में आईएएस अफसरों को नोडल प्रभारी भी बनाया गया है। शासन की ओर से इन मंत्रियों और बड़े अफसरों की सूची जारी कर दी गई है।

## एक नजर

### स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने जारी की परीक्षा की समय सारिणी

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केंद्रों पर संचालित डिप्लोमा एवं प्रशिक्षण की वार्षिक लिखित मुख्य परीक्षाएं आगामी सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में होंगी। इसके लिए छात्र-छात्राओं को अगस्त के तीसरे सप्ताह में प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे। मुख्य परीक्षाओं संबन्धित विवरण उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव ने बुधवार को जारी कर दिया है, परीक्षा की समय सारणी अगस्त के दूसरे सप्ताह जारी की जाएगी। सचिव डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि सितम्बर 2025 के प्रथम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं, दूसरे सप्ताह में लिखित परीक्षाएं होंगी। इसके बाद नवम्बर 2025 के दूसरे सप्ताह में परीक्षाफल घोषित कर दिए जाएंगे।

### 29.15 लाख से रायबरेली के झारखंडेश्वर मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार प्रदेश के सभी जिलों में कम ख्याति वाले धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण तथा पर्यटकों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में रायबरेली के जगतपुर विकासखंड स्थित टांघन गांव के झारखंडेश्वर शिव मंदिर को 29.15 लाख रुपये की लागत से सजाया-संवारा जा रहा है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत मंदिर परिसर का समग्र विकास किया जाएगा, जिसमें पर्यटकों की सुविधाओं में बढ़ोतरी, मूलभूत ढांचागत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्य शामिल हैं। झारखंडेश्वर महादेव मंदिर 100 वर्षों से भी अधिक पुराना है।

### अनुकूल रहेगा मौसम खरीफ फसलों की उत्पादकता बढ़ाने की सलाह

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय सभागार में खरीफ मौसम में कृषि उत्पादन संबंधी एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि खरीफ मौसम में अनुकूल मौसम रहने की संभावना है, जिसका लाभ उठाते हुए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को व्यापक तैयारी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कृषि उत्पादन में वृद्धि करके प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान दिया जाए, ताकि मुख्यमंत्री के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिल सके। बैठक में खाद्यान्न, दलहन और तिलहन उत्पादन में वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें खासकर दलहन और तिलहन फसलों की उत्पादकता बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई। कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उर्वरकों और कीटनाशकों की पर्याप्त व्यवस्था पर भी बात की गई।

# राष्ट्रपति को आयुष विवि के लोकार्पण का न्योता

## दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने की द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात, 30 को गोरखपुर आएंगी राष्ट्रपति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोरखपुर में खुल रहा है राज्य का पहला आयुष विश्वविद्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात कर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के लिए आमंत्रित किया। राष्ट्रपति ने 30 जून को आने पर मुहर लगा दी है। इसी के साथ अधूरे बचे कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने में शासन जुट गया है।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को जनता दर्शन करने के बाद दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। वे 11.45 बजे यूपी सदन पहुंचे। जहां से राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करके 30 जून को महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण का निमंत्रण दिया। यह विवि भटहट के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बन रहा है। इसका शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। आयुष विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। शिलान्यास के बाद वह यहां आकर कई बार निर्माण कार्य का जायजा ले चुके हैं। अब इसका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।

**प्रदेश के 97 आयुष कॉलेज विश्वविद्यालय से हैं संबद्ध :** आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने से पहले आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, सिद्धा की चिकित्सा पद्धति के लिए अलग-अलग संस्थाएं रही हैं। सत्र 2021-22 से प्रदेश के सभी राजकीय और निजी आयुष कॉलेजों का नियमन अब आयुष विश्वविद्यालय से ही होता है। वर्तमान सत्र 2024-25 में प्रदेश के 97 आयुष शिक्षण (आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी) के कॉलेज व संस्थान इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। इस सत्र में इन सभी कॉलेजों में कुल मिलाकर स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के करीब सात हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके सिंह बताते हैं कि स्नातक और परास्नातक के साथ मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप समयानुकूल कई और रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। पाठ्यक्रमों को लेकर आयुष विश्वविद्यालय ने जो आगामी कार्ययोजना बनाई है, उसमें पीएचडी, बीएससी नर्सिंग आयुर्वेद, बी फार्मा आयुर्वेद, बी फार्मा होम्योपैथ, बी फार्मा यूनानी, पंचकर्म असिस्टेंट डिप्लोमा, पंचकर्म थेरेपिस्ट डिप्लोमा, विदेशी छात्रों के लिए डिप्लोमा, क्षारसूत्र डिप्लोमा, अग्निकर्म डिप्लोमा, उत्तरवस्ति डिप्लोमा और योग नेचुरोपैथी डिप्लोमा शामिल है।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# अब किसानों को गुमराह करना नहीं होगा आसान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजस्व परिषद आधुनिक तकनीक से भूमि संबंधी प्रकरणों को बनाएगा त्रुटिहीन

**अमृत विचार :** राजस्व विभाग के कथित चुनिंदा भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी अब किसानों को गुमराह कर उनकी जमीन की कागजी हेराफेरी नहीं कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशन में राजस्व परिषद अब प्रदेश के किसानों को तमाम सुविधाओं का अधिकारी बनाने जा रहा है।

इस कवायद के तहत राजस्व विभाग किसानों को उनकी भूमि पर अधिकार सम्बन्धी अभिलेख खतौनी त्रुटि रहित उपलब्ध कराने, बैनामे के बाद स्वतः म्यूटेशन कर अभिलेखों को अद्यतन करने, गाटों को आधुनिक उपकरण के माध्यम से अविलंब पैमाइश कराने और मानचित्रों को शुद्धता के साथ गूगल मानचित्र की तरह उपलब्ध कराने जैसी अनेक प्रकार की सुविधाएं शीघ्र ही उपलब्ध करायेगा।

यह जानकारी अध्यक्ष, राजस्व परिषद, अनिल कुमार ने साझा की। अनिल कुमार राजस्व परिषद कार्यालय स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में मंगलवार को प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के वर्ष 2023 बैच के लगभग 50 प्रशासनिक अधिकारियों (प्रशिक्षु) को संबोधित कर रहे थे। राजस्व परिषद अध्यक्ष ने प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारियों को आधुनिक तकनीक को अंगीकृत करने की सलाह दी।

# 6 जिलों में ड्रोन से शुरू हुई फसलों की सुरक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य के किसान ड्रोन तकनीक से फसल सुरक्षा कर रहे हैं। राजधानी लखनऊ समेत छह जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत ड्रोन से नैनो यूरिया और कीटनाशकों का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। इस पहल से एक घंटे में तीन से बारह एकड़ तक के क्षेत्रफल में फसलों पर प्रभावी ढंग से छिड़काव किया जा रहा है। इससे न केवल फसल उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों को कम समय में अधिक लाभ मिलेगा।

योगी सरकार आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना और एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) जैसी योजनाओं के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ाने के प्रयास कर रही है। फिलहाल प्रदेश में कुल नौ ड्रोन प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं। इनमें गोरखपुर, बहराइच और मुजफ्फरनगर में दो-दो, जबकि लखनऊ, गाजियाबाद और कानपुर नगर में एक-एक प्रोजेक्ट की शुरुआत हो चुकी है। ड्रोन के माध्यम से किसानों को टेक्निकल ट्रेनिंग भी दी जा रही है, जिससे वे आधुनिक कृषि पद्धतियों को सहजता से अपना सकें। योगी सरकार की योजना है कि इस प्रणाली को जल्द ही अन्य जिलों में भी लागू किया जाए।

## नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम पर मायावती ने उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में होने वाली पुलिस सिपाही भर्ती पर गृह मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर, बसपा प्रमुख मायावती ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सिपाही भर्ती को लेकर ऐसा प्रचारित किया गया जैसे यह कोई नई बात हो, जबकि रूटीन कार्य है, ताकि बैकलाग की बुराई पुलिस विभाग में भी न आए। किन्तु इस भर्ती में सर्वसमाज को सही हक मिला या नहीं व उनकी ट्रेनिंग का क्या है। कहा कि बीएसपी सरकार में न्याय-युक्त माहौल स्थापित करने के लिए एकमुश्त 1.20 लाख नए पद सृजित करके पुलिस भर्ती को ईमानदार बनाया गया।

# सूरीनाम में यूपी के प्रशिक्षित युवाओं की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सूरीनाम के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता ने किया उप्र. कौशल विकास मिशन का दौरा
- वर्चुअल कोर्स के जरिए कौशल विकास को सुलभ बनाने का दिया सुझाव

**अमृत विचार :** सूरीनाम में भारत के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता अपने उप्र. दौरे के दौरान बुधवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) मुख्यालय, लखनऊ पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने मिशन के अधिकारियों के साथ राज्य में कौशल विकास की बदलती तस्वीर पर विस्तृत चर्चा की।

सुभाष गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं और विश्व स्तर पर यहां के कुशल युवाओं की भारी मांग है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सूरीनाम में तेल और गैस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने इस दिशा में भारत से कुशल युवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया और इस क्षेत्र में वर्चुअल कोर्स संचालित करने का सुझाव भी दिया ताकि प्रशिक्षण अधिक सुलभ और व्यापक हो सके।

उन्होंने अपने वैश्विक अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कौशल विकास से जुड़ी संभावनाओं को मजबूत करने के सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को वैश्विक मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। बैठक में यूपीएसडीएम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।



लखनऊ में अधिकारियों के साथ चर्चा करते सुभाष पी. गुप्ता।

> युवाओं को न केवल तकनीकी दक्षता दी जा रही है, बल्कि उन्हें सॉफ्ट स्किल्स, संचार कौशल, भाषा, बायोडाटा निर्माण और व्यावहारिक ज्ञान के माध्यम से वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> – पुलकित खरे, मिशन निदेशक कौशल विकास

> यूपीएसडीएम अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है और युवाओं के कौशल प्रशिक्षण में उद्योग की मांगों के अनुरूप नवीनतम तकनीकों का समावेश किया जा रहा है।
>
> –प्रिया सिंह, अपर मिशन निदेशक कौशल विकास

# फाइलेरिया की रोकथाम में जौनपुर व महोबा आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मई में कराया गया था 13 जिलों में ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे
- समीक्षा बैठक में राज्य फाइलेरिया अधिकारी ने जिलों के प्रदर्शन पर जताया संतोष

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बीते मई माह में 13 जिलों में संपन्न हुए ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे (टास) में जौनपुर और महोबा ने बेहतर काम किया है। जबकि शाहजहांपुर, बलिया और चित्रकूट का प्रदर्शन औसत से कम रहा। यह जानकारी बुधवार को संस्था सी-कैंप के सहयोग से स्थानीय होटल में आयोजित समीक्षा बैठक में सामने आए।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. एके चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के नेतृत्व में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 13 जिलों के 118 ब्लॉकों में टास-वन सर्वे किया गया। इसमें 72 इवैल्यूएशन यूनिट (ईयू) में से 55 ईयू सफल रहे, यानी कुल 77 प्रतिशत ईयू पास हुए हैं। इन क्षेत्रों में अब दो साल बाद टास-टू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि टास-वन सर्वे अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलिया, भदोही, चित्रकूट, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, मऊ, महोबा, शाहजहांपुर, पीलीभीत और सोनभद्र में हुआ था।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी ने बताया कि जिन गांवों में नाइट ब्लड सर्वे, टास तथा यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल (यूडीएसपी) के माध्यम से माइक्रोस्कोपी द्वारा अधिक फाइलेरिया मरीज चिन्हित हुए हैं, वहां एक माह के भीतर फोकस सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा।

### वेक्टर कंट्रोल और वेक्टर मैनेजमेंट पर जोर

गेट्स फाउंडेशन के संचारी रोग एवं वैक्सीन डिलीवरी के उपनिदेशक डॉ. भूपेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जिन ईयू में टास-वन पास नहीं हो पाया, उसका प्रमुख कारण यह रहा कि वहां सर्वजन दवा सेवन अभियान में लोगों की भागीदारी कम रही। उन्होंने कहा कि अगले एमडीए अभियान में सभी लोगों को दवा सेवन सुनिश्चित कराना होगा। उपनिदेशक ने संक्रमण की रोकथाम के लिए वेक्टर कंट्रोल और वेक्टर मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही दवा प्रदाताओं को प्रशिक्षण के दौरान दवाओं के लाभों की विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. तनुज समेत 13 जिलों के नोडल अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ, पाथ, सीफार, जीएचएस और पीसीआई के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-6

**बाएं से दाएं**

2. 1. किसी जाति का कोई उपभेद 2. (काव्यशास्त्र) वर्णिक छंद का एक भेद।
4. वृद्ध, जो बुढ़ापे की अवस्था में हो।
5. 1. प्रसिद्ध और पूजनीय 2. सबसे प्रतिष्ठित।
6. 1. गुड़ अथवा चीनी का गाढ़ा घोल, चाशनी 2. घोटकर बनाया गया कोई पेय।
7. 1. एक प्रकार की मछली 2. खूंटी या खूंटा।
8. 1. जिसका संघटन हुआ हो 2. जो एक होकर किसी उद्देश्य की सिद्धि में लगा हो (व्यक्ति या वर्ग) 3. प्रतियोगिता

**ऊपर से नीचे**

1. 1. धातु आदि पर आघात होने से झनकार की ध्वनि उत्पन्न होना 2. क्रोध आदि में हाथ-पैर पटकना 3. बकना-झकना।
3. 1. परंपरा से चली आ रही 2. परंपरा के अनुसार।
6. 1. अभ्यास 2. विवेचना 3. ग्रहण करना; धारण करना 4. प्रवर्तन।



### वर्ग पहेली -5 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 वी | णा | | 2 नो | | 3 तू |
| 4 दो | | | 5 वै | त | र | णी |
| ड़ | | | | र | | क |
| 6 भा | षां | 7 त | र | ण | | |
| ग | | न | | | | 8 फिं |
| | | खे | | 9 बे | तु | का |
| 10 दु | नि | या | वी | | | ई |

## सुडोकू -13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 5 | | 1 | |
| | | 2 | 3 | | 8 | 6 | | |
| 7 | 4 | | | 1 | | | 2 | |
| 6 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 8 | | | | | | 5 | |
| | 2 | | | 9 | | | | 3 |
| | 9 | | | 3 | | | 8 | 1 |
| | | 1 | 4 | | 9 | 5 | | |
| | 3 | | 6 | | | 2 | | 7 |

### सुडोकू - 12 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी-11.55 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** – आज आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ सकता है। आपको जल्दबाजी वाले स्वभाव से बचना चाहिए। व्यापार में उधारी न करें। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। तकनीकी कारणों से आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी की सलाह को आप अत्यधिक महत्व देंगे। आप अपने मित्रों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध रूप से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। सभी काम मन लगाकर करेंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। आप कारोबार में अच्छा लाभ कमा लेंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें।

**कर्क** – आज सुबह सिरदर्द की समस्या हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भावनाओं में आकर निर्णय न लें। पिता की सेहत को लेकर समस्या हो सकती है।

**सिंह** – आज आप कार्यक्षेत्र में अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। आज मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक शाम का आनंद उठायेंगे। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

**कन्या** – आज आप लोगों के चहेते बने रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी वाला काम सौंपा जा सकता है। पर्यटन की योजना बना सकते हैं। प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनायेंगे। अज्ञात लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

**तुला** – आज आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। कारोबार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर अधिक ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना विफल होगी। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। ससुराल पक्ष के साथ सम्बन्ध मधुर होंगे।

**वृश्चिक** – आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।


**धनु** – आज व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। सोचे हुए काम पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो आपको उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए।

**मकर** – आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों पर अधिक ध्यान न दें। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। बॉस आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें।

**कुंभ** – आपको आज काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। उच्च अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों को उत्तम अवसर मिल सकते हैं। परिजनों की चिंता रहेगी। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय व्यर्थ न करें। माइग्रेन के रोगियों को आज यात्रा से बचना चाहिए।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लेना हितकर होगा। प्रभावशाली लोगों से मित्रतापूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की समस्याएं दूर होंगी। प्रेम संबंधां का भरपूर आनंद लेंगे। शरीर में थकान महसूस हो सकती है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 11.17 तक तत्पश्चात रेवती।

आपदर्थे धनं रक्षेद् दारान् रक्षेद् धनैरपि।
आत्मानं सततं रक्षेद् दारैरपि धनैरपि ॥

विपत्ति के समय के लिए धन की रक्षा करनी चाहिए । धन से अधिक रक्षा पत्नी की करनी चाहिए । किन्तु अपनी रक्षा का प्रश्न सम्मुख आने पर धन और पत्नी का बलिदान भी करना पड़े तो नहीं चूकना चाहिए ।

## संपादकीय

# नया मोड़

इजराइल और ईरान के युद्ध ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है। दोनों ओर से लगातार हमले जारी हैं। संघर्ष ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया जब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका और इजराइल को लेकर चेतावनी दी कि युद्ध शुरू होता है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान से बिना शर्त समर्पण की मांग के बाद आया। ईरान की ओर से बुधवार को इजराइल के ऊपर हाइपरसोनिक मिसाइल से हमला किया गया। ट्रंप के बयान ने ईरान के साथ-साथ वैश्विक नेताओं के बीच भी खलबली मचा दी। खामेनेई की नई टिप्पणियों से क्षेत्रीय चिंताएं और बढ़ने की संभावना है। इस युद्ध की वजह से ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौता अधर में लटक गया है और परमाणु संकट के कूटनीतिक समाधान की संभावना लगभग समाप्त हो गई। इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी और ऑपरेशन राइजिंग लॉयन तब तक जारी रहेगा, जब तक कि यह अपने उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर लेता। मीडिया के अनुसार, अमेरिका मध्य पूर्व में अपने और अधिक लड़ाकू विमानों की तैनाती कर रहा है और पहले से तैनात विमानों की तैनाती की अवधि को बढ़ा रहा है। ट्रंप प्रशासन अब ईरान के भूमिगत परमाणु हथियारों को निष्क्रिय करने के सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाने की बातें करते रहे हैं। 2000 के दशक की शुरुआत से ही ईरान का परमाणु कार्यक्रम इजराइल की सामरिक चिंता का विषय रहा है। अब जबकि इस क्षेत्र का सबसे लंबे समय से चला आ रहा टकराव इस तरह से बढ़ता जा रहा है, तो इससे पूरे मध्य पूर्व की प्रगति, समृद्धि, और साझेदारियां खतरे में पड़ गई हैं। बड़े पैमाने पर युद्ध की आशंका बढ़ रही है जो पूरे मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकती है और वैश्विक भू-राजनीतिक संतुलन को अस्थिर कर सकती है। यानी यह संघर्ष पश्चिम एशिया को एक गंभीर युद्ध की ओर धकेल सकता है। ट्रंप इजरायल -ईरान संघर्ष में सहभागिता पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। हालांकि इस पर ट्रंप के करीबी सलाहकारों के बीच पूरी तरह से सहमति नहीं बन पाई है। अब युद्ध में अमेरिका के शामिल होने का जोखिम बढ़ गया है। ऐसे में यदि ईरान फारस की खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों पर कार्रवाई करता है, तो इससे सुरक्षा और आर्थिक तबाही मच सकती है। इसलिए ईरान एवं इजराइल के बीच युद्ध विराम की तत्काल जरूरत है।

# जियोपॉलिटिक्स में उलझ गई विरल धातु की आपूर्ति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कहने में संकोच नहीं कि विरल धातुओं के बारे में जिस तरीके से अन्य देशों द्वारा की गई रिसर्च संबंधी जानकारी यूरोपियन और अमरीकन जर्नल्स से ऑनलाइन उपलब्ध है वैसी किसी भारतीय स्रोत से तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाती।

भारत को विरल धातुओं की आपूर्ति में चीन द्वारा रोक लगाने से पैदा हुई संकटपूर्ण स्थिति को हम वरदान में क्यों नहीं बदल पा रहे हैं? तकनीकी विकास के मामले में वेस्टर्न इंस्टिट्यूशंस और ऑटोमोबाइल मैन्युफेक्चर करने वालों की रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ही हम कब तक निर्भर रहते रहेंगे? क्या हमारा तकनीक तंत्र वैकल्पिक तकनीकों का आविष्कार और विकास करने में सक्षम नहीं है? मनुष्य द्वारा की गई प्रौद्योगिकी प्रगति का बड़ा अंश कंपोजिट्स और विरल धातुओं के बढ़ते इस्तेमाल पर टिका हुआ है जिसके कारण मौजूदा हालात भू-राजननीतिक हितों को लेकर प्रतियोगी हो चुके हैं। इन्हें पृथ्वी के आर्कटिक क्षेत्र, निकट के ग्रहों और एस्टेरॉयड्स से प्राप्त करने के लिए तकनीकी कौशल विकसित करने की बात एक अरसे से चल रही है। विरल धातुओं की खोज तो मुश्किल नहीं, लेकिन इनके एक्सट्रैक्शन और प्यूरिफिकेशन के लिए विशेष इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है।

अबुधाबी स्थित इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी के मुख्यालय द्वारा सन 2025 में प्रकाशित रिपोर्ट जियोपॉलिटिक्स ऑफ़ द एनर्जी ट्रांजीशनः क्रिटिकल मैटेरियल्स, में कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से दस विरल भू-पदार्थों के बारे में चर्चा है। इसमें ट्रेड, सिक्यूरिटी एंड इंटरडिपेंडेंस अध्याय में आशंका व्यक्त की गई है विरल धातुओं को लेकर आपूर्तिकारों और खरीदारों के बीच विवाद और सामरिक टकराव भी हो सकता है।

कहने में संकोच नहीं कि विरल धातुओं के बारे में जिस तरीके से अन्य देशों द्वारा की गई रिसर्च संबंधी जानकारी यूरोपियन और अमरीकन जर्नल्स से ऑनलाइन उपलब्ध है वैसी किसी भारतीय स्रोत से तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाती। अमरीकन नेशनल एकेडेमी ऑफ़ साइंसेज की प्रोसीडिंग्स के 19 मई 2015 के अंक में प्रकाशित पर्चा -ऑन द मटेरियल बेसिस ऑफ मॉडर्न सोसाइटी, विरल धातुओं पर मानव की निर्भरता के बारे में उपयोगी जानकारी देता है लेकिन भारत की किसी भी स्रोत से ऐसी जानकारी फ्री या पब्लिक डोमेन में नहीं है। नेचर और साइंस पत्रिका में इस बारे में ऐतिहासिक रूप से पिछले 100 वर्षों का डाटा उपलब्ध है। बेंगलुरु स्थित इंडियन एकेडेमी ऑफ़ साइंसेज की पत्रिका करंट साइंस में भी कुछ समीक्षा पर्चे और शोध-पत्र उपलब्ध हैं, लेकिन संख्या कम है। विरल धातुओं पर शोध में अग्रणी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के वैज्ञानिकों ने भी सैंकड़ों पर्चों का प्रकाशन किया है जिन्हें संबंधित संस्थान की वेबसाइट से एक्सेस किया जा सकता है। विरल धातुओं पर रिसर्च और डेवलपमेंट संबंधी पर्चों के प्रकाशन के मामले में वैश्विक स्तर पर भारत का सातवां स्थान होने के बावजूद संकट क्यों हैं?

दुनिया में दूसरे विश्वयुद्ध के समय जर्मनी ने जिन टेक्नोलॉजीज का विकास किया इन पर पश्चिम की शक्तियों ने अपना कब्ज़ा कर लिया था। इसके बाद सेमी-कंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स का आगाज़ होने से पहले की जो टेक्नोलॉजी हैं वह जर्मन आधारित ही है, बेशक यह किसी भी फील्ड में है।

सीएसआईआर के तिरुअनंतपुरम स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर इंटरडिसिप्लिनरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विज्ञानियों आरएस विष्णुमाया, पी. निशि और एस मिनी ने वेब ऑफ साइंस पर उपलब्ध सन 1987 से 2013 के दौरान इस एकल विषय के आधार पर भारत में दुर्लभ पृथ्वी अनुसंधान के विकास और वृद्धि के पर्चों का संख्यात्मक विश्लेषण करके एक अध्ययन साइंटोमीट्रिक्स ऑफ़ रेयर अर्थ्स रिसर्च इन इंडिया, प्रस्तुत किया है जिसे करंट साइंस जर्नल ने 10 अप्रैल 2016 के अंक में प्रकाशित किया। भारत के नामी शोध संस्थानों से जिन दसेक टॉप ऑथर्स के नाम इस लेख में दिए गए हैं उनके ऑथर्स ने न्यूनतम 51 से लेकर 102 तक पर्चों का प्रकाशन इस अवधि में किया जो पर्याप्त संकेत दे रहा है कि भारत में शोध के मामले में प्रतिभा की कमी नहीं है। विरल धातुओं के व्यवहार को अनेक स्थितियों और परिस्थितियों में अनेक पहलुओं से परखा-तौला जाता है। विरल धातुओं की इंडस्ट्रियल प्रोसेसिंग करने के लिए केरल स्थित रेयर अर्थ्स लिमिटेड रिसर्च सेण्टर अग्रणी संस्था है। रेयर अर्थ मिनरल्स की एक्सट्रैक्शन और प्रोसेसिंग विधियों पर भारत में सन 1950 में तब काम शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने केरल के अलवाए में इंडियन रेयर अर्थ्स फैक्ट्री का उद्घाटन किया था। यूनिवर्सिटीज के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट्स और नेशनल केमिकल लेबोरेटरी, पूना का भी रिसर्च में योगदान रहा है। चीन से भी पहले काम शुरू करने वाला भारत विरल धातुओं के खनन और एक्सट्रैक्शन के मामले में कैसे पीछे छूट गया, इस पर आश्चर्य होता है।

दुनिया में दूसरे विश्वयुद्ध के समय जर्मनी ने जिन टेक्नोलॉजीज का विकास किया इन पर पश्चिम की शक्तियों ने अपना कब्ज़ा कर लिया था। इसके बाद सेमी-कंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स का आगाज़ होने से पहले की जो टेक्नोलॉजी हैं वह जर्मन आधारित ही है, बेशक यह किसी भी फील्ड में है। अगर वेस्टर्न वर्ल्ड ने समानांतर टेक्नोलॉजीज का विकास किया भी तो, इनमें से अन्वेषण किए जाने के बाद अनेक जर्मन टेक्नोलॉजीज से आइडियाज लेकर काम किया गया था। टेक्नोलॉजी के मामले में चीन नवनीत टेक्नोलॉजीज तो बना पा रहा है लेकिन इसके नाम कितनी इन्वेंशन और डिस्कवरी दर्ज हैं? इसकी ज्यादातर टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट्स हाइब्रिड हैं जिनके सूत्र पश्चिमी देशों की एडवांस्ड लैबोरेट्रीज और जनसाहित्य से चुराए गए हैं। लेकिन नियति ऐसी है कि एडवांस्ड रिसर्च और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए कच्चा माल चीन सप्लाई करता है जिसमें विरल एलिमेंट्स पर उसका एकाधिकार है। विरल धातुओं की ट्रेडिंग को चीन अब कूटनीतिक अस्त्र के रूप में इस्तेमाल करता है। चीन का इरादा विरल धातुओं के ड्यूएल या स्ट्रेटेजिक यूज़ को काफी हद तक रोकना है।

इंटेलिजेंस टैलेंट का इस्तेमाल करके प्रोडक्ट डेवलपमेंट में चीन अगर दुनिया का लीडर बन सकता है तो भारत क्यों नहीं? रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बारे में हमारे इंटेलिजेंस एंड इनफार्मेशन गैदरिंग कमतर नहीं है। हमारी इंडस्ट्री ने इस क्षेत्र में सन 1960 के बाद निवेश नहीं किया और न ही भारत के इंडस्ट्रियल रिसर्च एंड डेवलपमेंट के क्षेत्र में अव्वल संस्थाओं द्वारा उपलब्ध टेलंट का इस्तेमाल हुआ। इसीलिए प्रतिभा पलायन भी हुआ।

यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सिस्टम तो इसलिए अलग-थलग पड़ रहा क्योंकि इसे सन 1995 तक बड़ी रिसर्च परियोजनाओं के लिए सपोर्ट नहीं मिला। यूनिवर्सिटी सिस्टम में जिसने भी रेयर अर्थ्स को लेकर रिसर्च किया वह सिर्फ व्यक्तिगत रूचि के कारण ही। इस क्षेत्र सब कुछ सीएसआईआर ही करना चाहता था, इसलिए साइंटिफिक और इंडस्ट्रियल रिसर्च के सरकारी फंडिंग का बड़ा हिस्सा शिक्षा मंत्रालय को न मिलकर डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी को मिलता रहा। विरल धातुओं के लिए चीन पर निर्भरता हटाने के लिए इनकी आपूर्ति अन्यत्र से किए जाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। वैकल्पिक टेक्नोलॉजी के विकास के मामले में रूस से सबक लेना चाहिए जिसकी कोई भी टेक्नोलॉजी और डिजाईन वेस्टर्न टेक्नोलॉजी और डिजाईन से मेल नहीं खाती जैसे कि उनके नवीनतम फाइटर जेट्स का ऑपरेशनल कोड अमरीका के एफ-35 से बिलकुल अलग तरीके का हो सकता है, बेशक दोनों का फंक्शन एक जैसा है।

चीन द्वारा भारत को विरल पदार्थों की आपूर्ति बंद किए जाने के प्रतिकार स्वरुप केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने स्थायी चुम्बकों, वोल्टेज ट्रांसफार्मरों और सुपर कैपेसिटर सहित महत्वपूर्ण घटकों की एक मसौदा सूची तैयार की है, जिनके स्थानीय विनिर्माण के लिए एक पालिसी फ्लोट की गयी है। चुनौती का जवाव देने के लिए सीईए ने उद्योग के स्टेकहोल्डर्स अथवा हितधारकों से उन क्षेत्रों की पहचान करने को कहा है, जिनके लिए भारत वर्तमान में विरल धातुओं का आयात करता है। यह एक एडमिनिस्ट्रेटिव पहल है। सीईए की छोटे स्तर की कार्रवाई से ऊंचा उठकर भारत को दीर्घकालिक कार्रवाई करने की जरूरत है। रेयर अर्थ एलिमेंट्स के महत्व को सन 1980 में ही आंकना चाहिए था जब रिसर्च से उपजी जानकारी का इस्तेमाल प्रोडक्ट बनाने में होने लगा था।

## प्रसंगवश

# बच्चों और युवाओं में तेज़ी से बढ़ता बहरापन

जीवनशैली में नित-नए आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिए ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल-लेपटॉप-ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह-तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है।



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हेडफोन और इयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

एक्सपर्ट के मुताबिक, घंटों तक हेडफोन लगाए रखना और म्यूजिक सुनना कानों के साथ-साथ दिल के लिए भी बिल्कुल अच्छा नहीं है। इससे न केवल दिल की धड़कन तेज हो जाती है, बल्कि दिल को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। हेडफोन या ईयरफोन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव दिमाग पर बुरा प्रभाव डालती हैं। इसकी वजह से सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या पैदा हो जाती है। बहुत से लोग नींद में बाधा, नींद न आना, अनिद्रा या यहां तक कि स्लीप एपनिया से भी पीड़ित हो जाते हैं। इयरफोन सीधे कान में लगाया जाता है, जो एयर पैसेज में बाधा डालता है। ये बाधा बैक्टीरिया के विकास सहित अलग-अलग तरह के कानों के इन्फेक्शन का कारण बन सकती है। हेडफोन का लंबे समय तक इस्तेमाल किसी व्यक्ति की सोशल लाइफ और मेंटल हेल्थ की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। कई बार ज्यादा चिंता और तनाव का भी कारण बन सकता है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आधुनिक सुनने के उपकरणों एवं तेज़ आवाज़ से कान की नसों और हियरिंग सेल्स को नुकसान हो सकता है, जिससे बहरापन भी हो सकता है। एक समय था जब कम सुनाई देने की शिक़ायत बुजुर्ग किया करते थे, लेकिन बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र में भी लोगों में यह समस्या होने लगी है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से सुनने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है।

# ऊर्जा सुरक्षा के लिए रणनीति से काम लेना होगा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

भारत ईरान का पारंपरिक सहयोगी रहा है और 2018 तक भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता था।

वर्तमान वैश्विक राजनीति में अमेरिका की परमाणु हथियारों पर नियंत्रण की रणनीति, केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अमेरिका के भू-राजनीतिक प्रभुत्व और आर्थिक हितों को भी सुरक्षित रखने का माध्यम है। अमेरिका ने हमेशा यह प्रयास किया है कि अन्य देश, विशेषकर पश्चिम एशिया जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में, परमाणु हथियारों की दिशा में न बढ़ें। इसी रणनीति के तहत अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने की हर संभव कोशिश कर रहा है।

2024 में अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बार फिर ईरान पर आरोप लगाए कि वह शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के नाम पर हथियार निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार अमेरिका के पास वर्तमान में करीब 5,244 परमाणु हथियार हैं, जिनमें से लगभग 1,744 हथियार तैनात अवस्था में हैं। इसके मुकाबले ईरान अभी तक केवल उच्च संवर्धित यूरेनियम के स्तर पर पहुंचा है।

ईरान का परमाणु कार्यक्रम अमेरिका और विशेषकर इज़राइल के लिए बड़ा सिरदर्द है। इज़राइल जो खुद एक अनौपचारिक परमाणु शक्ति है, ईरान को क्षेत्रीय संतुलन के लिए खतरा मानता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ईरान ने बीते वर्षों में लेबनान की हिज़्बुल्लाह, यमन के हूथी विद्रोहियों और गाजा के हमास को हथियार और वित्तीय सहायता दी है। यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होंगे, तो इज़राइल की सुरक्षा और पश्चिम एशिया की स्थिरता दोनों पर बड़ा खतरा मंडराएगा।

अमेरिका के लिए ईरान को रोकना सिर्फ सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि इससे अमेरिका को आर्थिक और सामरिक लाभ भी होते हैं। पहला लाभ यह है कि अमेरिकी रक्षा उद्योग को इसका सीधा फायदा मिलता है। वर्ष 2023 में अमेरिका ने सऊदी अरब को 3.5 बिलियन डालर का एयर डिफेंस सिस्टम बेचा। इससे लॉकहीड मार्टिन, रेथॉन, जनरल डायनेमिक्स जैसी कंपनियों की आय में भारी बढ़ोतरी हुई। दूसरी बात यह है कि अमेरिका अब विश्व का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बन गया है। ऐसे में जैसे ही पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ता है, वैश्विक तेल और गैस की कीमतें ऊपर जाती हैं, जिससे अमेरिकी ऊर्जा कंपनियों को जबरदस्त लाभ होता है। तीसरा लाभ यह है कि वैश्विक अस्थिरता की स्थिति में निवेशक अमेरिकी डॉलर को 'सेफ हेवन' मानते हैं, जिससे डॉलर मजबूत होता है और अमेरिकी बांड की मांग में वृद्धि होती है।

अब सवाल उठता है कि भारत पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। भारत ईरान का पारंपरिक सहयोगी रहा है और 2018 तक भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता था। ईरान भारत को रियायती दर पर तेल देता था, जिसमें लंबा क्रेडिट पीरियड और सस्ता ट्रांसपोर्ट शुल्क शामिल होता था। लेकिन 2019 के बाद से अमेरिकी प्रतिबंधों के दबाव में भारत ने ईरान से आयात बंद कर दिया। इससे भारत को दोहरा नुकसान हुआ-एक ओर ऊर्जा की लागत बढ़ी, दूसरी ओर भारत की चाबहार पोर्ट परियोजना की गति धीमी पड़ गई। यह पोर्ट भारत की अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधी पहुंच का एक रणनीतिक माध्यम था।


भारत, जो अपनी 85 प्रतिशत ऊर्जा ज़रूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, उसके लिए स्थिति बेहद चिंताजनक हो सकती है। इसका असर महंगाई, चालू खाता घाटा, रुपये की विनिमय दर और सरकार के वित्तीय घाटे पर पड़ सकता है। महंगे तेल से परिवहन लागत में वृद्धि होगी, जिससे खाद्य पदार्थों और निर्माण सामग्रियों की कीमतें बढ़ेंगी। इससे रिज़र्व बैंक को ब्याज दरों में कटौती करने में हिचक होगी और मुद्रास्फीति काबू से बाहर हो सकती है। दूसरी ओर, रुपये की कमजोरी से आयात और महंगा हो जाएगा। इससे सरकार पर सब्सिडी देने का दबाव बढ़ेगा और राजकोषीय घाटा बढ़ेगा।

भारत को चाहिए कि कूटनीतिक रूप से संतुलन बनाकर अमेरिका, इज़राइल और ईरान तीनों के साथ संवाद बनाए रखना ताकि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता सुरक्षित रह सके।वह संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर इस विषय पर संतुलित और शांतिपूर्ण समाधान की पैरवी करे। इसके साथ ही ऊर्जा की वैकल्पिक रणनीतियों जैसे हाइड्रोजन, सोलर और ग्रीन गैस की दिशा में निवेश को तेज़ करना होगा ताकि दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारत को इस जटिल स्थिति में सूझबूझ और रणनीति से काम लेना होगा ताकि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और वैश्विक भूमिका को संतुलित कर सके।

## सोशल फोरम

# वर्तमान राष्ट्र राज्य का मुद्दा

जब हम अपना निर्धारित काम पूरी योग्यता और निष्ठा से करने के बजाय अगले चुनाव के मद्देनज़र संबंधित लोगों को ख़ुश करने और ख़ुश रखने की नीयत से काम करने लगते हैं। तब समष्टि का अहित होता है। होते होते पूरी व्यवस्था चरमरा जाती है। व्यवस्था चरमराने पर सबसे अधिक पीड़ित होते हैं ग़रीब और कमज़ोर। और समष्टि का सबसे बड़ा हिस्सा वही बनाते हैं। यह तो निरंकुश व्यष्टिवाद है, न राष्ट्रवाद है, न समाजवाद। तब हम राष्ट्रवादी नहीं, तत्वतः राष्ट्र के दुश्मन हैं। समाजवादी नहीं, तत्वतः पूंजीवाद के चाकर पेटी बूर्जुआ हैं। समष्टि का उत्थान उसकी हर इकाई के उत्थान के बिना असंभव है। और सब का समंजित उत्थान ही राष्ट्र का उत्थान है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ऐसा उत्थान तब तक नहीं हो सकता जब तक वंचितों के उत्थान को प्राथमिकता न दी जाए। और आर्थिक रूप से समर्थ तबक़ा तब तक समर्थ नहीं रह सकता जब तक उसे वंचितों के श्रम का न्यायपूर्ण सहयोग न प्राप्त हो। श्रम का न्यायपूर्ण सहयोग तभी प्राप्त हो सकता है जब उसका उचित मूल्य मिले। और इस तरह सृजित सरप्लस का उपयोग अधिक से अधिक वंचितों को श्रम का अवसर प्रदान करने में, उद्योग की नई-नई इकाइयां लगाने में हो। आर्थिक उपक्रमों का विस्तार समर्थ और वंचित दोनों तबक़ों के समुचित लाभ और उसके एक अंश के समुचित निवेश के बिना असंभव है। इस तरह दोनों तबक़ों की ऊर्ध्वमुखी और क्षैतिज दोनों तरह की प्रगति सबके न्यायपूर्ण सहयोग से ही संभव है। सबकी प्रगति में ही समष्टि की प्रगति निहित है। यही लोकतांत्रिक समाजवाद है।

इस तरह संतुलित राष्ट्रवाद और संतुलित समाजवाद में कोई अंतर्विरोध नहीं। दोनों परस्पर पूरक हैं। किंतु दोनों ऐसे दुश्मन का पीछा करते हैं जिसका अस्तित्व ही नहीं। शायद इसलिए कि असली मुद्दे का सामना करने की कुव्वत दोनों में से किसी में नहीं है। असली मुद्दा क्या है? समष्टि की हर इकाई का संतुलित विकास और सामंजस्यपूर्ण, सस्टेनेबल ख़ुशहाली। क्या यह एक यूटोपिया है? अगर यूटोपिया है तो फ़िलहाल कुछ नहीं हो सकता। जो जैसे चल रहा है, वैसे ही चलता रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# अंग्रेजों ने 137 वर्ष पूर्व बना दी थी नैनीताल के लिए रोप-वे की योजना



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

कर्नल बैरन ने अपने पत्र में लिखा कि नैनीताल के 'बड़े फायदे' के लिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। इस मामले में लंबी लिखा-पढ़ी हुई।

अंग्रेजों के प्रकृति प्रेम एवं औपनिवेशिक शासकों की तात्कालिक आवश्यकताओं के चलते आज से करीब 182 साल पहले कुछ यूरोपीय नागरिकों की स्वतंत्र पहल से नैनीताल नामक वर्तमान नगर की बसावट शुरू हुई। नैनीताल को एक आदर्श हिल स्टेशन के रूप में आबाद और विकसित करने के पीछे अंग्रेजों का प्रकृति प्रेम के साथ लालच भी था और जरूरत भी। इसमें कोई दो राय नहीं कि नैनीताल के प्रति अंग्रेजों के मन में एक विशेष आत्मीयता का भाव था। आत्मीयता के इस रिश्ते को उन्होंने नैनीताल के साथ ईमानदारी से निभाया भी।

नैनीताल को अंग्रेजों ने एक निश्चित जनसंख्या के लिए बसाया। अंग्रेज नैनीताल के भंगुर पर्यावरण से बखूबी वाकिफ थे। उनकी हरेक योजनाएं दीर्घकालिक नजरिए से बनती थीं। अंग्रेजों ने आज से 137 साल पहले नैनीताल को रोप-वे से जोड़ने के बारे में सोच लिया था।

प्रारंभिक काल में नैनीताल आने-जाने के लिए सबसे बड़ी समस्या रास्तों की थी। आवागमन की समस्या से निजात पाने के लिए मई,1887 में मिस्टर हन्ना नामक एक अंग्रेज ने यातायात और सामान लाने, ले जाने के लिए नैनीताल से कालाढूंगी की ओर तीन हजार फीट लंबे रोप-वे के निर्माण का सुझाव दिया। ब्रिटिश प्रशासन ने इस प्रस्ताव पर अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी। इस कार्य को संपादित करने के लिए 1888 के प्रारंभिक दिनों में 'नैनीताल रोप -वे कंपनी लिमिटेड' बन गई। अगस्त,1888 में मिस्टर हन्ना ने रोप-वे के लिए 9900 रुपये की शुरुआती योजना बना ली थी। योजना के सभी पक्षों की जांच-परख के बाद नगर पालिका की सार्वजनिक निर्माण समिति ने इस योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके बाद नगर पालिका के अधिकारियों ने प्रस्तावित संपूर्ण रोप-वे मार्ग का स्वयं स्थलीय मुआयना किया। 8 अक्टूबर,1888 को नगर पालिका कमेटी की बैठक में भी इस योजना को स्वीकृति दे दी गई। अंतिम स्वीकृति के लिए योजना को कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक कमिश्नर को भेज दिया गया।

प्रस्तावित रोप-वे के तार स्लीपी हॉल एवं लौंगडेल से होते हुए जाने थे। 30 नवंबर, 1888 को नगर पालिका, नैनीताल के तत्कालीन उपाध्यक्ष जे. ओकशॉट ने कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक आयुक्त को रोप-वे के तारों को ले जाने के लिए स्लीपी हॉल और लौंगडेल की जमीन के निश्चित हिस्सों को 'अनिवार्य अधिग्रहण एक्ट-एक्स-1870' की धारा-12 के अंतर्गत 650/-में अधिगृहित करने का प्रस्ताव भेजा।

इधर नगर पालिका ने मिस्टर हन्ना से कहा कि वे इस योजना का ठेका दस हजार रुपये में खुद ही ले लें। नगर पालिका ने मिस्टर हन्ना को योजना की लागत राशि का अग्रिम भुगतान करने की भी पेशकश कर दी। नगर पालिका का तर्क था कि दार्जिलिंग में दस हजार रुपये की लागत से एक हजार फीट लंबी रोप-वे लाइन डाली गई है, जबकि मिस्टर हन्ना उतनी ही राशि में तीन हजार फीट लंबी रोप-वे बनाने जा रहे हैं। नगर पालिका ने रोप-वे योजना के लिए सरकार से नारायण नगर, चोरखेत और सडियाताल में जमीन मांगी। इसी दरम्यान पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता एफ.बी.हेंसलोव ने मिस्टर हन्ना की रोप-वे योजना पर अपनी विस्तृत आख्या दी थी।

अभी यह प्रस्ताव कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक आयुक्त के विचाराधीन था। प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद जमीन पर काम शुरू हो पाता कि 6 मई,1888 को हरमिटेज, स्लीपी हॉल और क्रेग कॉटेज के तत्कालीन स्वामी कर्नल डब्ल्यू. बैरन और लौंगडेल के तत्कालीन मालिक कुंवर रणजीत सिंह ने इस योजना पर अपनी आपत्ति दर्ज करा दी। कर्नल डब्ल्यू. बैरन का कहना था कि उन्होंने हाल ही में हरमिटेज को दोमंजिला किया है। प्रस्तावित रोप-वे उनके बरामदे से दृष्टिगोचर होगी,जिससे उनकी निजता भंग होने की आशंका है।

कर्नल बैरन ने अपने पत्र में लिखा कि नैनीताल के 'बड़े फायदे' के लिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। इस मामले में लंबी लिखा-पढ़ी हुई। अंततः यह मामला नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर के दरबार तक जा पहुंचा। प्रोविंसेज के गवर्नर ने कर्नल डब्ल्यू. बैरन और कुंवर रणजीत सिंह की आपत्तियों का संज्ञान लिया। इस बारे में नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवध के सचिव आर. स्मीटन ने 18 मई,1888 को कुमाऊं के कमिश्नर को पत्र भेजा। पत्र में कहा गया कि लेफ्टिनेंट गवर्नर किसी भी नागरिक के निजी अधिकारों के हनन के पक्ष में नहीं हैं। कर्नल डब्ल्यू. बैरन और कुंवर रणजीत सिंह की आपत्तियों के मद्देनजर रोप-वे के लिए वैकल्पिक मार्ग खोजा जाए। जिसमें किसी की निजी भूमि नहीं आ रही हो या किसी को भी कम से कम नुकसान हो। इसके बाद रोप -वे की यह योजना हवा में ही अटक कर रह गई। 1947 में अंग्रेज अपने वतन लौट गए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# दिनदहाड़े पॉश इलाके में लूट होने से फैली सनसनी

## कैंसर पीड़ित महिला व उसकी घरेलू सहायिका की कनपटी पर तमंचा रखकर ले गए नकदी व लाखों के जेवर

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


लूट की जानकारी देतीं कैंसर पीड़िता कुसुम व विमला देवी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पॉश गोपीनाथपुरम इलाके में बुधवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब तीन नकाबपोश बदमाश एक घर में घुसकर तमंचे के बल पर लूटपाट कर फरार हो गये। बदमाशों ने घर में मौजूद 58 वर्षीय कैंसर पीड़िता महिला कुसुम श्रीवास्तव और मेड (घरेलू सहायिका) विमला देवी की कनपटी पर तमंचा सटाकर जेवर व नकदी लूट ली। विरोध करने पर दोनों को थप्पड़ मारकर घायल कर दिया। बदमाश करीब 45 हजार रुपये नकद, सोने की अंगूठी, बाले और अन्य गहने लूट ले गये।

सूचना मिलने पर एसपी दीपक भूकर, एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ सिटी सोनम सिंह, गंगाघाट कोतवाली प्रभारी प्रमोद मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और पीड़ितों से पूछताछ की। घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने पांच विशेष टीमों का गठन किया है। पीड़िता कुसुम श्रीवास्तव ने बताया कि वह अपने दिवंगत पिता के मकान में 80 वर्षीय मां मुन्नी देवी और मेट विमला के साथ रहती हैं। बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे तीन बदमाश खुले मुख्य गेट से घर में घुसे। उन्होंने कुसुम की कनपटी पर तमंचा सटाकर अलमारी की चाबी मांगी और नकदी समेत सोने की अंगूठी, एक आर्टीफिशियल अंगूठी व तीन जोड़ी पायल निकाल ली। वहीं मेट विमला देवी को पीटकर उसके कान से सोने के बाले और मोबाइल फोन छीन लिया। जिसके बाद भाग निकले। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच चल रही है और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना के बाद लूट का मुकदमा लिखा गया है। लुटेरों का पता लगाया जा रहा है।

**मकान में रहते हैं तीन किरायेदार:** कुसुम श्रीवास्तव के मकान में तीन किरायेदार रहते हैं। एक कमरे में स्कूल टीचर सीमा सोनी, दूसरे में कानपुर से आयी शिखा गुप्ता और तीसरे में इरफान नामक युवक रहता है। वारदात के समय तीनों किरायेदार घर पर नहीं थे, जिससे बदमाशों को मौका मिला। **दो लुटेरों की गतिविधियां हुई कैद:** पुलिस को एक खुली लाइब्रेरी के पास से दो संदिग्ध युवकों की जानकारी मिली है, जो हाथ में बैग लेकर भागते देखे गये। वे राजमार्ग की तरफ भागे, जिसके बाद उनका कोई पता नहीं चला। पुलिस हाईवे पर लगे कैमरों की भी जांच कर रही है। **लूट में किसी करीबी का हो सकता है हाथ:** कुसुम श्रीवास्तव ने लूट की वारदात में अपने एक किरायेदार पर शक जताया है। पुलिस मेट विमला देवी को भी संदेह की नजर से देख रही है। मकान में केवल वृद्ध महिलाएं थीं और दरवाजा भी खुला था, पुलिस किसी जानकार के शामिल होने की आशंका जता रही है।

### एसपी ने मामले के खुलासे के लिए गठित की पांच टीमें

एसपी दीपक भूकर ने वारदात के खुलासे के लिए पांच टीमों का गठन किया है। इनमें एसओजी, सर्विलांस, स्थानीय थाना पुलिस, प्राइवेट सुरागरसी और बीट पुलिस शामिल हैं। टीमें लगातार क्षेत्र में घूमकर सुराग जुटाने का प्रयास कर रही हैं।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

गंगाघाट पुलिस और स्वॉट टीम ने घटनास्थल और आस-पास की गलियों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। लूट की घटना के बाद मोहल्ले में अचानक बढ़ी पुलिस की सक्रियता से लोग भयभीत नजर आये।


मौके पर जांच करते एसपी, एएसपी व सीओ।

## सार-संक्षेप

### जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने कार्यभार संभाला


नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त।

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा से पदोन्नत होकर आए सुनील दत्त ने जिला विद्यालय निरीक्षक उन्नाव के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के दौरान उन्होंने प्रभारी डीआईओएस परमात्मा शरण से संबंधित अभिलेख, रजिस्टर एवं डिस्पैच रजिस्टर की विधिवत जांच की और उन्हें देखकर कार्यभार संभाला। फतेहपुर जनपद निवासी सुनील दत्त पूर्व में कानपुर देहात समेत कई जनपदों में बेसिक शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने एसोसिएट डीआईओएस, डाइट में प्रभारी प्राचार्य तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कार्यालय में अपर सचिव समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया है। कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपने अधीनस्थ स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्यालय के कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखने पर जोर दिया। गौरतलब है कि पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह का हाल ही में सुल्तानपुर जनपद में स्थानांतरण हो गया था। उन्होंने कार्यमुक्त होने से पहले राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परमात्मा शरण को प्रभारी डीआईओएस का कार्यभार सौंपा था।

### महिला की करंट की चपेट में आकर मौत

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** बिहार थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव निवासी शिवकांती (40) पत्नी विजय कुमार पाल गांव के बाहर अपने खेत में सिंचाई के लिए पानी लगाए थे। तभी बुधवार को वह अचानक ट्यूब वेल के कटे तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई और उसकी मौके पर मौत हो गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों की नजर पड़ी तब उन्होंने मेन स्विच काट कर आपूर्ति बंद की। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। मां की मौत से बेटियां पिंकी, नेहा और रिंकी बेहाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी भेजने की कार्रवाई की है।

### जहरीले कीड़े के काटने से महिला की मौत

**संवाददाता, हसनगंज (उन्नाव), अमृत विचार :** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मूसेपुर गांव निवासी सजीवन रावत आम के बाग में बने घर में अपने परिवार संग रहते हैं। बुधवार भोर पहर उनकी पत्नी मालती रावत (38) नीचे बिछे बिस्तर पर सो रही थीं, तभी किसी जहरीले कीड़े ने उनकी कमर में काट लिया। कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन पहले झाड़-फूंक कराने में वक्त गंवाते रहे और जब हालत गंभीर हो गई तो महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के पुत्र शनि, विकास व पुत्री काजल, रंजीता का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया गया कि काजल की शादी तय थी, जिससे परिवार की खुशी मातम में बदल गई। कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया कि प्रथम दृष्टया जहरीले कीड़े के काटने से मौत की बात सामने आ रही है। यदि परिजन पोस्टमार्टम के लिए कहेंगे तो शव को भेजा जाएगा, रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### वाहन की टक्कर से राजगीर मिस्त्री की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** आसीवन थानाक्षेत्र के बिनैका गांव निवासी मटरू सिंह (52) राजगीर मिस्त्री था। मंगलवार देर शाम वह थाना क्षेत्र के कस्बा हैदराबाद कस्बा के पास एक निर्माणाधीन भवन में पड़ने वाली स्लैब के लिए जाल बांध कर पैदल घर लौट रहा था। तभी गांव से कुछ दूर पहले पीछे से आया अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारकर भाग निकला। उछलकर कर सड़क के किनारे गिरा मटरू घायल हालात में काफी देर पड़ा रहा। रात्रि गश्त के दौरान पीआरवी उसे पड़ा देख मियागंज सीएचसी लाई जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते पत्नी रेनू सहित बेटियां बबली, बबीता, हर्षिता सिंह व बेटा अनुज रो-रोकर बेहाल रहे।

# बाग के पास झाड़ियों में मिला वृद्ध का शव, हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** माखी थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव के रहने वाले लाला राम बाजपेई (60) ने शादी नहीं की थी। मंगलवार को वह बैंक से रुपये निकालने की बात कह कर घर से उन्नाव जाने को निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे। वह शराब के भी लती थे इसी वजह से वह अन्य शराबियों के साथ इधर-उधर घूमा करते थे। बुधवार सुबह थाना क्षेत्र के कॉलेज के पास स्थित फतेह बहादुर सिंह के बगीचे की झाड़ियों में वृद्ध का शव पड़ा देख मवेशी चराने गए बच्चों में हड़कंप मच गया। चेहरे से खून रिसता देख ग्रामीणों ने भी घटना पर संदेह जताया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और फील्ड यूनिट टीम को मौके पर बुलवा कर साक्ष्य एकत्र किए। सीओ मधुप नाथ मिश्र ने बताया कि बुजुर्ग का शव पड़ा मिला है। लाला राम के भतीजे अनीश कुमार ने पुलिस में तहरीर दी है।

# प्रधान और लेखपाल की मिलीभगत से हो रहा मिट्टी खनन

संवाददाता, गंजमुरादाबाद (उन्नाव)

**कार्रवाई की मांग**

- ग्रामीणों ने मुख्य न्यायाधीश को भेजा शिकायती पत्र

**अमृत विचार:** तहसील बांगरमऊ क्षेत्र के राजस्व ग्राम महोलिया में सरकारी जमीन से बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम प्रधान और संबंधित लेखपाल की मिलीभगत से बिना उपजिलाधिकारी की अनुमति के एक दर्जन से अधिक गाटा संख्या से लगभग 30 फीट गहराई तक मिट्टी की खुदाई कर गंगा एक्सप्रेस वे के ठेकेदारों को भारी कीमत पर बेच दी गई। इस अवैध खनन से सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया है।

इस गंभीर मामले को लेकर गांव के जागरूक नागरिक जितेंद्र कुमार पुत्र रामखेलावन ने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को शिकायती पत्र भेजकर स्वतः संज्ञान लेने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र में बताया गया है कि गांव के पास से गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसका लाभ उठाते हुए ग्राम प्रधान और लेखपाल ने बंजर, ऊसर, नवीन परती, पशुचर व खलिहान भूमि से अवैध तरीके से मिट्टी खनन करवा लिया। जितेंद्र कुमार का आरोप है कि इस खुदाई से अब गहरे खंदक बन गए हैं जो बारिश के मौसम में गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। जितेंद्र कुमार ने यह भी बताया कि उन्होंने तहसीलदार, उपजिलाधिकारी और जिलाधिकारी को इस अवैध खनन के संबंध में ऑनलाइन शिकायतें दीं, लेकिन किसी स्तर पर कार्रवाई नहीं की गई। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई जानकारी में तहसीलदार ने यह स्वीकार किया है कि कुल 16,625 घन मीटर मिट्टी का अवैध रूप से उत्खनन किया गया है और इसके लिए कोई वैध अनुमति नहीं ली गई थी।

# पेट्रोलपंप कर्मी पर रिवाल्वर तानने वाली अरीबा खान को कांग्रेस ने दिया सम्मान

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई


अरीबा खान को रानी लक्ष्मी बाई सम्मान देते कांग्रेस जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे।

**अमृत विचार।** बिलग्राम कस्बे में एक पेट्रोल पंप पर पिता को धक्का देने वाले पेट्रोल पंप कर्मी पर रिवाल्वर तानने वाली वायरल रिवॉल्वर रानी अरीबा खान को कांग्रेस ने रानी लक्ष्मी बाई सम्मान से नवाजा है।

मंगलवार रात 11:30 बजे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे ने उसके आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया और हौसला बढ़ाया। बिलग्राम में पेट्रोल पंप पर सीएनजी भरवाने को लेकर हुए विवाद के कारण पेट्रोल पंप कर्मी द्वारा अरीबा के पिता एहसान खान को धक्का देने के बाद अरीबा ने रिवाल्वर निकालकर पेट्रोल पंप कर्मी के सीने पर रख दिया था। उसके बाद यह वीडियो जमकर वायरल हुआ। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विक्रम पांडे ने रानी लक्ष्मीबाई का चित्र समर्पित करते हुए उसे सम्मानित किया और उसके हौसले को सलाम किया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के पीसीसी सदस्य कमलेश रस्तोगी, श्रीमती गुफरान कौशर, लक्ष्मी प्रकाश मिश्रा आदि मौजूद है।

## वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**हरदोई, माधौगंज, अमृत विचार।** बाजार में साइकिल सवार को तेज़ रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, गंभीर रूप से घायल युवक को परिजन सीएचसी ले गए जहां उसकी मौत हो गई। सुरसा थाने के तकिया मजरा सहुंतेरा निवासी 40 वर्षीय सर्वेश पुत्र सूरजबली मंगलवार की दोपहर साइकिल से पड़ोसी गांव तकिया धर्मपुर थाना माधौगंज की बाज़ार करने गया था। वहां किसी तेज़ रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। सीएचसी माधौगंज में उसकी मौत हो गई। खेती-बाड़ी करने वाले सर्वेश के परिवार में पत्नी कीर्ति के अलावा बेटा अनिकेत और दो बेटियां हैं।



# तालाब की खोदाई के नाम पर आठ लाख का फर्जीवाड़ा, दर्ज होगा केस

संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई

- बचाव के लिए कार्यवाह प्रधान ने शुरू कराया खोदाई का कार्य
- बीडीओ ने पुलिस भेजकर रुकवाया कार्य, होगी कार्रवाई



**अमृत विचार।** मनरेगा योजना के तहत तालाब की खोदाई के लिए सरकारी कोष से करीब आठ लाख रुपए निकाले गए। जांच में फर्जीवाड़े की पुष्टि होने पर बीडीओ ने कार्यवाहक प्रधान, सचिव सहित अन्य पर केस दर्ज कराने के साथ धनराशि की रिकवरी कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

टड़ियावा ब्लॉक के ग्राम पंचायत साखिन रमुवापुर की प्रधान आशिया ने अधिकारियों से शिकायत की थी। बताया कि गांव के तालाब की बगैर खोदाई करवाये ही कार्यवाहक प्रधान और सचिव ने ब्लॉक कर्मियों के सहयोग से करीब आठ लाख रुपए के फर्जी भुगतान करा लिया। बीडीओ इंद्रसेन नाथ ने फर्जीवाड़े की जांच कराई तो आरोप सच साबित हुआ। इस तरह से हुए फर्जीवाड़े पर बीडीओ इंद्रसेन ने कार्यवाहक प्रधान और सचिव व तकनीकी सहायक से सरकारी पैसे की रिकवरी करने और रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए। बचाव के लिए कार्यवाहक प्रधान ने बुधवार को तालाब की खोदाई शुरू करा दी। ग्राम प्रधान ने मामले की जानकारी बीडीओ को दी। इस पर बीडीओ ने पुलिस को मौखिक रूप से निर्देश देते हुए कार्य रोकने का फरमान जारी किए। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने फर्जीवाड़े से बचाव के लिए करवाये का कार्य को रोक दिया। एसओ शिवनारायण सिंह ने बताया कि मामला राजनैतिक द्वेष भावना से प्रेरित है। कहा कि फिलहाल बीडीओ के निर्देश पर कार्य रुकवा दिया गया है।

## अंतर्जनपदीय शातिर चोर को किया गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** ट्रेनों में चोरी करने वाले एकअंतर्जनपदीय चोर को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक अदद देसी तमंचा 15 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 15 बोर का बरामद किया है। 17 जून को रात्रि में थाना जीआरपी हरदोई क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बालामऊ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक व दो में ट्रेनों में चोरी करने वाले शातिर अभियुक्त धर्मेंद्र यादव निवासी मोहल्ला खाखी वार्ड संख्या 4 थाना मिश्रिख जिला सीतापुर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर तीन अभियोग हरदोई जीआरपी में पंजीकृत हैं जबकि 10 अभियोग सीतापुर के मिश्रित थाने में दर्ज हैं।



# ई-रिक्शा व बोलेरो की भिड़ंत में आधा दर्जन लोग घायल

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** लखनऊ नेशनल हाईवे पर बुधवार शाम करीब 4:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। समसपुर से कछौना कस्बा जा रहे ई-रिक्शा को भीरीघाट गांव के सामने एक बोलेरो ने टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक श्री नारायण (45), रेशमा (17) पुत्री सुरेश निवासी समसपुर व आशीष पुत्र सत्रोहन (21) निवासी सीतापुर, आस्था शर्मा (7), मानसी शर्मा (12) पुत्री अजय प्रताप व प्रेमा देवी (45) पत्नी अजय प्रताप निवासी बिबियापुर घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना ले जाया गया। डॉ. सौरभ ने ई-रिक्शा चालक नारायण और प्रेमा देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य घायलों का इलाज कछौना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल के अनुसार, पुलिस ने बोलेरो को हिरासत में ले लिया है। हादसे के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया।

# श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 बनी चैंपियन

संवाददाता, हरदोई



खिलाड़ी को उपहार देकर पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे नवयुग सेवा संस्थान लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को फाइनल मैच एप्टेक कंप्यूटर-11 और श्री खाटू श्याम चेरिटेबल ट्रस्ट-11 के बीच खेला गया। श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट- 11 में 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। जीत में पहले तो मीडियम प्रेशर राइट आर्म पवन राज ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 5 ओवर में 16 रन देकर 4 विकेट लिए। उसके बाद रीतेश ने 60 ने रनों की तो अथर्व ने 64 रनों की शानदार पारी खेली। विजेता व उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

मैच में टॉस श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 ने जीता और पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला लिया। एप्टेक-11 की टीम ने 25 ओवरों में 8 विकेट खोकर 140 रनों का स्कोर खड़ा किया। खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 की तरफ से पवन राज 4 विकेट गिराये। पवन ने गेंदबाज़ी करते हुए 5 ओवर में 16 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाज़ी करने उतरी श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट-11 की टीम ने 19 ओवर और एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट -11 की तरफ से अथर्व गुप्ता ने नाबाद 64 रन, रितेश वर्मा ने 60 रन बनाये। इस प्रकार श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट इलेवन ने फाइनल मैच में 9 विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच पवन राज रहे। विजेता व उप विजेता टीमों को समाजसेवी अनूप पुरी,डा. गौरव यादव और राकेश कुमार सिंह ने पुरस्कृत किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शाहजहांपुर का रहने वाला युवक पत्नी को विदा कराने साली के घर जाने के लिए घर से निकला। बुधवार की सुबह उसका शव चठिया नहर पुल के किनारे फांसी पर लटका मिला।

शाहजहांपुर जिले के राम खेड़ा थाना कांट निवासी प्रदुम्न सिंह (28) पुत्र सुरेश सिंह मंगलवार की रात करीब 11 बजे बाइक लेकर अपने साढू शैलेश के घर चठिया थाना मझिला के लिए निकला था। बुधवार की सुबह चठिया नहर पुल के किनारे पेड़ पर उसका शव फंदे से लटका मिला। पास में बाइक खड़ी थी और वहीं पर शराब के खाली पाउच व नशे की गोलियां पड़ी हुई थी। उसके छोटे भाई भरत सिंह ने बताया कि सीतापुर की बिट्टू के साथ उसके भाई की दूसरी शादी हुई थी, पहली पत्नी की मौत हो गई थी, उसका 5 साल का बेटा भी है। करीब 15 दिन पहले बिट्टू के पिता की मौत हो गई थी। वह सीतापुर गई और वहां से बहनोई शैलेश के साथ उसके गांव चठिया पहुंच गई। प्रदुम्न सिंह उसे विदा कराने जा रहा था।

**लापरवाही** — हरदोई स्टेशन पर डिजिटल इंडिया मिशन हो रहा फेल

# शुरू नहीं हो सका आरक्षण में लगा क्यूआर कोड

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर अब तक आरक्षण में लगा क्यूआर कोड चालू नहीं हो पाया है। ऐसे में हरदोई रेलवे स्टेशन पर अपना आरक्षण कराने आने वाले रेल यात्रियों को नगद भुगतान या लंबी प्रक्रिया से यूपीआई करना पड़ रहा है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर यूपीआई की सुविधा को आसान बनाने के लिए डिजिटल क्यूआर कोड लगाया गया था, लेकिन लगने के कुछ ही दिन बाद क्यूआर कोड ने कार्य करना बंद कर दिया। क्यूआर कोड लगने के बाद महज 5 से 6 दिन ही क्यूआर कोड कार्य कर सका था। क्यूआर कोड न चालू होने से रेल यात्रियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक हरदोई रेलवे स्टेशन के अधिकारियों ने क्यूआर कोड को ठीक कराए जाने को लेकर मंडल रेल अधिकारियों को अवगत कराया है लेकिन अब तक हरदोई रेलवे स्टेशन पर लगा कर कोड सही नहीं हो सका है। बीते कई महीने से यह कर कोड खराब पड़ा है। ऐसे में हरदोई रेलवे स्टेशन पर डिजिटल भारत के सपनों को पलीता लगाया जा रहा है।

### निरीक्षण में होती सिर्फ खानापूर्ति

**हरदोई, अमृत विचार।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एक और जहां रेल का कार्यभार संभाले हुए हैं वही देश में टेक्नोलॉजी को भी काफी बढ़ावा दे रहे हैं। आईटी मंत्री भी होने के साथ ही देश में टेक्नोलॉजी को बढ़ावा रेल मंत्री दे रहे हैं। कई बार रेल मंत्री के रेलवे स्टेशन पर क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान करने के फोटो को रेल अधिकारियों ने जमकर वायरल किया, लेकिन हरदोई में क्यूआर कोड में आई तकनीकी खराबी को अब तक मंडल रेल अधिकारी दुरुस्त नहीं करा पाए है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा लगातार दम तोड़ती जा रही हैं। हरदोई रेलवे स्टेशन पर यात्री असुविधाओं को लेकर मंडल के रेल अधिकारी बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते हैं। अगर मंडल के रेल अधिकारी हरदोई में यात्री असुविधाओं पर ध्यान दे रहे होते तो अब तक कर क्यूआर कोड कार्य कर रहा होता साथ ही अन्य जो रेल यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उनसे भी कहीं हद तक राहत मिल गई होती। मगर हरदोई निरीक्षण के नाम पर मंडल रेल प्रबंधक सिर्फ खानापूर्ति करके चले जाते हैं।

## मेडिकल कॉलेज में ठप रही विद्युत आपूर्ति

**हरदोई, अमृत विचार।** मंगलवार की रात मौसम बदलने से पहले काफी गर्मी थी। उसी बीच मेडिकल कालेज की बिजली गुल हो गई, बिजली जाते ही मरीज और तीमारदार गर्मी से परेशान उठे। सपा नेता रामज्ञान गुप्ता ने मेडिकल कॉलेज में फैले अंधेरे का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर इसकी आलोचना की है। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि जिला अस्पताल के वार्डों में बिल्कुल अंधेरा पड़ा है, वहां भर्ती मरीज़ो की मोबाइल की टार्च जला कर तीमारदारी की जा रही है, गर्मी से बचाव के लिए कोई कपड़ा तो कोई कागज़ या दफ्ती से हवा करते दिखाई दे रहे हैं। इसको लेकर लोगों ने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाया है।

# हरदोई निवासी अधेड़ की गाजियाबाद में मौत, पत्नी पर हत्या करने का संदेह

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** हरदोई निवासी दंपति गाज़ियाबाद में रहकर वहीं अलग-अलग कंपनियों में नौकरी कर रहे थे। मंगलवार को पति के सिर में गहरी चोट पहुंची और उसकी वहीं मौत हो गई। पत्नी अपने बच्चों के साथ पति का शव लेकर शहर पहुंची। वहां पहुंच कर बेटे ने बताया कि मम्मी-पापा के बीच झगड़ा हुआ था, उसी के चलते सिर में चोंट आई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है।

कोतवाली शहर के आलूथोक उत्तरी भट्ठा पुरवा निवासी राजीव शर्मा (45) पुत्र रामशरण शर्मा पत्नी दीपमाला शर्मा और दो बेटों शुभम व छोटू के साथ गाजियाबाद में रहकर वहीं निजी कंपनी में नौकरी करता था। पत्नी दीपमाला दूसरी कंपनी में थी। राजीव शर्मा के छोटे भाई अनुराग शर्मा ने बताया कि मंगलवार को उसे बताया था कि गिरने से भैया के सिर में चोट पहुंची, उसके बाद मौत हो गई। पत्नी दीपमाला मंगलवार की देर रात दोनों बच्चों के साथ पति का शव लेकर शहर पहुंची। अनुराग के मुताबिक उसके भतीजे शुभम ने बताया कि मम्मी-पापा के बीच झगड़ा हुआ था, उसी से सिर में चोट पहुंची। राजीव शर्मा के घर वालों ने दीपमाला पर आरोप लगाया कि उसके वार से सिर में चोट पहुंची और उसी से मौत हुई। राजीव शर्मा चार भाइयों में बड़ा था, छोटे दो भाइयों अश्वनी व विवेक की पहले ही मौत हो चुकी है।

### कुकर से सिर पर वारकर हत्या करने का आरोप

राजीव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि उसके सिर में चोट पहुंचने से ही मौत हुई है। राजीव के भाई और घर वालों का आरोप है कि उन्हे पड़ोसियों से पता चला कि झगड़े के दौरान दीपमाला ने राजीव के सिर पर कूकर दे मारा, गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही खुलासा हो जाएगा।

## एक नज़र

### स्कूटी सवार शिक्षिका को बाइक ने मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव: बुधवार दोपहर स्कूल से घर लौट रही शिक्षिका को ऊगू गांव के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के वक्त शिक्षिका के साथ उसकी बहन की तीन साल की बेटी भी थी, जो बाल-बाल बच गई। ऊगू कस्बा निवासी अपूर्वा उर्फ लक्ष्मी, ऊगू ग्रामीण के परिषदीय विद्यालय में शिक्षिका है। बुधवार को छुट्टी के बाद वह स्कूटी से घर लौट रही थीं कि तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने ऊगू गांव के निकट उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर से स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई और शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### कोर्ट ने सुनाई 4 अभियुक्तों को अर्थदंड की सजा

उन्नाव: पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के अंतर्गत उन्नाव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रभावी पैरवी और विवेचना के फलस्वरूप न्यायालय एएसजे/फटीसी ने चार अभियुक्तों को 5,000–5,000 के अर्थदण्ड से दंडित किया है। यह मामला 22 मई 2013 का थाना अजगैन क्षेत्र के गांव गौरा कहेरवा में वादी के पुत्र के साथ मारपीट कर गंभीर चोट पहुँचाने से जुड़ा है। अभियुक्त अच्छेलाल, ज्ञानी, पप्पी देवी और मोतीलाल के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। बुधवार को अंतिम सुनवाई के बाद सभी अभियुक्तों को दोषी पाते हुए न्यायालय ने जुर्माने की सजा सुनाई।

### 30 साल पुराने मामले में लगाया 1500 का अर्थदंड

उन्नाव: पुलिस और अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के चलते लगभग 30 वर्ष पुराने मामले में अभियुक्त को दोषी करार देते हुए न्यायालय ने 1500 का अर्थदण्ड सुनाया है। यह मामला 7 मार्च 1995 का है, जब अभियुक्त श्रीष कुमार पुत्र जयनारायन तिवारी, निवासी कल्याणी देवी, सिविल लाइन, थाना कोतवाली सदर द्वारा वादी को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस मामले में थाना बिहार में मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसका आरोप पत्र 5 जुलाई 1995 को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। बुधवार को मा. न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी पाते हुए 1500 के अर्थदण्ड से दंडित किया।

# श्मशान घाट की दुर्दशा से लोग हो रहे परेशान

## बदहाल स्थिति ने खड़े कर दिए हैं सवाल, जिम्मेदारों से जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने की उठने लगी मांग

अमृत विचार मुद्दा

संवाददाता परियर, उन्नाव



धूप से बचने के लिए ट्रैक्टर के नीचे बैठे लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सदर तहसील के परियर स्थित श्मशान घाट की बदहाली को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश है। 'अमृत विचार' अखबार द्वारा लगातार प्रकाशित की जा रही खबरों का व्यापक असर हो रहा है। सोशल मीडिया पर भी इन खबरों को खूब शेयर किया जा रहा है और लोग कमेंट कर जिम्मेदारों से जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग कर रहे हैं।

श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार के दौरान आने वाले लोगों को भीषण धूप में खुले आसमान के नीचे रहना पड़ रहा है। न तो बैठने की उचित व्यवस्था है और न ही छाया के लिए कोई इंतजाम। परिजन ट्रैक्टर-ट्रॉली, खर-पतवार या अन्य अस्थायी साधनों का सहारा लेकर किसी तरह धूप से बचाव कर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी उन परिजनों को हो रही है जो अंत तक अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में शामिल रहते हैं। क्षेत्रीय निवासी विश्व वीर सिंह, महेंद्र, राघव, प्रेम, अंकुर, जितेंद्र और सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि यदि जल्द कोई जनप्रतिनिधि या जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देता है तो वे आपस में चंदा इकट्ठा कर छाया और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था खुद करेंगे। उनका मानना है कि यह एक सामाजिक कर्तव्य है और वे इसमें सहयोग देने को तैयार हैं। घाट की इस बदहाल स्थिति ने एक बार फिर प्रशासनिक संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।


### घाट की समस्या को दूर करने का करूंगा प्रयास



अरुण पाठक।

स्नातक एमएलसी अरुण पाठक से परियर श्मशान घाट की दुश्वारियों के संबंध में जब पूछा गया तो उन्होंने बताया परियर श्मशान घाट की समस्या को जल्द दूर करने का प्रयास करूंगा। इसके लिए ऊपर भी बात करनी पड़ेगी तो पैरवी करूंगा। घाट आने वाले लोगों की दिक्कतों का निदान जरूर करवाऊंगा।

### श्मशान घाट की दुर्दशा को लेकर बोले लोग



हरिनारायण पांडेय।

परियर निवासी हरिनारायण पाण्डेय उर्फ मीनू गुरु ने बताया कि 5 मई 2020 को गांव के एक भाजपा नेता की शव यात्रा में शामिल हुआ था। अंतिम संस्कार के दौरान अचानक ओलावृष्टि और तेज बारिश शुरू हो गई। करीब 300 लोग वहां मौजूद थे, जिनमें अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली, तो कुछ खर-पतवार लेकर किसी तरह बचने लगे। करीब 60 लोग अंगोछा व कपड़े ओढ़कर सदर विधायक पंकज गुप्ता की निधि से बने टेन बसेरे में पहुंचे और जान बचाई। इसके बावजूद कई लोग भीगने के कारण बीमार हो गए थे।



सतगुरु प्रकाश।

सफीपुर बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एडवोकेट सतगुरु प्रकाश मिश्र ने कहा कि परियर श्मशान घाट की दुर्दशा की खबरें, फोटो व वीडियो लगातार सुर्खियों में हैं, फिर भी जिम्मेदार लोग चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि समाज के लोग मिलकर छाया आदि की व्यवस्था करें तो जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने की जरूरत नहीं। उन्होंने इस कार्य को पुण्य बताते हुए कहा कि वे स्वयं भी इसमें सहयोग देने के लिए तैयार हैं।



भानू सिंह चंदेल।

प्रेस क्लब उन्नाव के महामंत्री व सलेमपुर से क्षेत्र पंचायत सदस्य भानू सिंह चंदेल ने बताया कि 14 जून को वो अपनी दादी के अंतिम संस्कार के लिए परियर श्मशान घाट गए थे। उन्होंने कहा कि अपनों को खोने के दुख के साथ वहां की अव्यवस्था ने जो पीड़ा दी, उसे केवल वे और ईश्वर ही जानते हैं। उन्होंने अपील की कि इस मामले को सियासी रंग न देकर सभी को मिलकर इस गंभीर समस्या का समाधान जल्द से जल्द निकालना चाहिए।

# आरओबी में हो रहे कार्य से मरहला चौराहे पर लगा भीषण जाम, राहगीर परेशान

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)



मरहला चौराहे पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बैराज मार्ग पर बन रहे आरओबी का कार्य इन दिनों मरहला चौराहे पर तेजी से चल रहा है। बुधवार को पिलर निर्माण कार्य के चलते चौराहे का मार्ग संकरा हो गया, जिससे दिनभर कई बार जाम की स्थिति बनी रही।

राज्य सेतु निगम द्वारा पिलर निर्माण के चलते मार्ग पर डायवर्जन लागू किया गया है, जिससे भारी वाहनों के गुजरते ही यातायात बाधित हो जाता है। हाईवे से आने वाले बड़े वाहनों के चौराहे पर पहुंचते ही शुक्लागंज से उन्नाव जाने वाले और उन्नाव से शुक्लागंज आने वाले वाहन आमने-सामने फंस जाते हैं। इसके चलते आजाद मार्ग और अन्य लिंक सड़कों पर भी जाम की स्थिति बन रही है। बुधवार को तेज धूप के बावजूद मरहला चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने लगातार मोर्चा संभालते हुए जाम हटवाने का प्रयास किया। फिर भी राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मांग की है कि निर्माण कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बेहतर की जाए ताकि रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिल सके।

**आक्रोश**

मार्ग संकरा होने से दिनभर कई बार बन रही जाम की स्थिति

# अमृत योजना के अंतर्गत सुस्त कार्य से जनता हो रही बेहाल



फोरलेन पर जेसीबी से होती खोदाई। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** अमृत योजना के अंतर्गत राजधानी मार्ग पर चल रहे कार्यों की धीमी रफ्तार लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। बुधवार को एक बार फिर अम्बिका प्रसाद स्कूल के पास फोरलेन सड़क पर खोदाई कार्य शुरू होने से दिनभर राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

करीब तीन वर्षों से चल रहे इस कार्य के टुकड़ों में होने से आमजन को लगातार दिक्कतें हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने कार्यदायी संस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि कार्य एक साथ व सुनियोजित ढंग से कराया जाए तो बार-बार हो रही असुविधा से बचा जा सकता है। बुधवार को खोदाई के दौरान जेसीबी से निकाली गई मिट्टी को सड़क किनारे डाल दिया गया, जिससे मार्ग और भी संकरा हो गया। तेज धूप में उड़ती मिट्टी से जहां राहगीरों की आंखें चुभने लगीं, वहीं आसपास की दुकानों में धूल भरने से दुकानदारों को भी खासी दिक्कत झेलनी पड़ती है। परिणामस्वरूप रोजाना वाहन चालकों के गिरने की घटनाएं हो रहीं हैं।

# बेकाबू डंपर की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत, पत्नी घायल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

ई-रिक्शा में बैठीं 7 सवारियों सहित 9 लोग भी घायल



आशीष व अंशुमन की फाइल फोटो।



दुर्घटना के बाद खड़ा डंपर और ई-रिक्शा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पुरवा-मौरावां मार्ग पर मौत बनकर दौड़े बेकाबू डंपर ने सामने से आई ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मारते हुए बाइक से जा रहे पिता-पुत्र को रौंदते हुए ई-रिक्शा से भिड़ गया। हादसे में बाइक से जा रहे पिता-पुत्र की मौत हो गई। वहीं बाइक चालक की पत्नी की हालत गंभीर बनी है। वहीं डंपर की टक्कर से पलटे ई-रिक्शा में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर एसडीएम, सीओ सहित पहुंची पुरवा पुलिस घायलों को अस्पताल पहुंचा आगे की कार्रवाई शुरू की है। डंपर को पुलिस ने कोतवाली में खड़ा कराया है।

पुरवा कोतवाली अंतर्गत पुरवा-मौरावां मार्ग पर तुसरौर गांव के पास बुधवार सुबह करीब 10 बजे मौरावां से आए तेज रफ्तार डंपर ने सामने से ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर ट्रॉली का एक्सल टूट गया और पहिए ट्रॉली से अलग हो गया। ट्रॉली से टकराकर अनियंत्रित हुए डंपर ने सामने से आई बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक सड़क किनारे खड़े पेड़ में टकरा गया। हादसे में बाइक चला रहे कोतवाली क्षेत्र के त्रिपुरारपुर गांव के मजरा पूरन दास खेड़ा निवासी आशीष (35) शिव प्यारे की मौत हो गई। हादसे के समय वह पत्नी ममता (28) व 10 वर्षीय इकलौते बेटे अंशुमान को लेकर मौरावां थाना क्षेत्र के सुक्खाखेड़ा अपनी ससुराल जा रहा था। हादसे में बेटा व आशीष की पत्नी भी गंभीर घायल हो गये।

वहीं बाइक में टक्कर मारने के बाद डंपर एक ई-रिक्शा से भी जा भिड़ा। जिससे इसमें सवार बीघापुर कोतवाली के नरपतपुर गांव निवाद शगुन यादव (29) व कठार गांव निवासी उर्मिला (35) पत्नी रामबाबू, कस्बा पुरवा के मोहल्ला मियांटोला की सबा (25) पत्नी हसरत, मंझखोरिया गांव निवासी ई-रिक्शा चालक अमन अवस्थी पुत्र अजय व कस्बा के मोहल्ला मसवानी की जमिरू निशा (30) पत्नी रहमत अली को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार बाद अमन अवस्थी व अंशुमान को जिला अस्पताल व ममता को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले अंशुमान ने भी दम तोड़ दिया। बेटे और पौत्र के मौत की खबर मिलते मां भगाना बेहाल हो गई। वहीं आशीष की मौत से भाई अमित व मनीष भी बेहाल है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव, सीओ अजय सिंह, तहसीलदार रामशंकर, नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय, कोतवाल अमरनाथ यादव ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। वहीं हादसे को लेकर कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया पिता-पुत्र के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए है। डंपर को पकड़ के कोतवाली में खड़ा कराया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कार की टक्कर से शिक्षक की मौत

**उन्नाव:** बिहार थानाक्षेत्र के कस्बा पाटन निवासी विष्णुकांत शुक्ल उर्फ फुन्नर (87) सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षक थे। बुधवार सुबह नौ बजे वह घर से आम खरीदने निकले थे। जहां से लौटते समय थाना क्षेत्र के गड़रियाखेड़ा स्थित रेलवे क्रासिंग के पास उनकी बाइक में कार ने टक्कर मार दी। इसमें वह सिर में आई गंभीर चोट से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें बीघापुर 100 बेड अस्पताल पहुंचाया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया लेकिन परिजन उन्हें शहर आवास-विकास कॉलोनी स्थित एक निजी अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर भाजपा नेता रमेशचंद्र तिवारी, ग्राम प्रधान कुलदीप चौधरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश तिवारी, पप्पू शुक्ला, जयशंकर अवस्थी आदि ने शोक व्यक्त किया है।

**परेशानी** डाकतार कॉलोनी तिराहे पर लगे 630 केवी के ट्रांसफार्मर में आई गड़बड़ी को विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने किया ठीक

# भीषण गर्मी के चलते ट्रांसफार्मर में हो रही रिसाव की समस्या

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)



डाकतार कॉलोनी में ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते विद्युत कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** तेज गर्मी के चलते ट्रांसफार्मरों में लीकेज की समस्या सामने आने लगी है। बुधवार को डाकतार कॉलोनी तिराहे पर लगे 630 केवी के ट्रांसफार्मर की पैकिंग हीट होने से तेल रिसने लगा, जिसे बिजली विभाग की टीम ने समय रहते ठीक कर दिया। जानकारी मिलते ही दोपहर में रोस्टिंग के दौरान पहुंचे विद्युतकर्मियों ने ट्रांसफार्मर का सारा तेल निकालकर नई पैकिंग डाली और लीकेज को नियंत्रित किया।

बिजली विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि गर्मियों में ट्रांसफार्मर के अंदर भरा तेल सप्लाई के दौरान खौलने लगता है, जिससे अधिक गर्मी पड़ने पर पैकिंग खराब हो जाती है और रिसाव शुरू हो जाता है। यदि समय पर ध्यान न दिया जाए तो ट्रांसफार्मर फट सकता है या आग भी लग सकती है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है।

वहीं उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि नगर के सभी ट्रांसफार्मरों की मॉनिटरिंग की जा रही है और जहां भी खराबी आ रही है, वहां तत्काल सुधार कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार भीषण गर्मी के बावजूद नगर में किसी भी स्थान पर ट्रांसफार्मर पूरी तरह से खराब नहीं हुआ है, जो विभाग की तत्परता का परिणाम है।

### बिजली कटौती के खिलाफ आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन लेते आम आदमी पार्टी के नेता। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** बदहाल विद्युत व्यवस्था और घंटों पॉवर कट के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने निराला पार्क के पास विरोध प्रदर्शन दर्ज किया तथा राज्यपाल को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारियों और प्रमुख नेता निराला पार्क में एकत्रित हुए। जिला अध्यक्ष कुलदीप यादव, अधिवक्ता प्रदीप यादव ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि प्रदेश में लगातार महंगी हो रही बिजली और उस पर घंटों बिजली की कटौती की मार झेल रही प्रदेश की जनता, सरकार से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बिजली कटौती के कारण आम आदमी और किसान बेहद परेशान हैं। जिले में 10 से 12 घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है। जिसके चलते आम आदमी को अपने दैनिक जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों का पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है, घरों में पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है, और व्यवसायिक गतिविधियाँ भी ठप हो रही हैं। यूथ विंग जिला अध्यक्ष दीपू कुमार, जिला उपाध्यक्ष जीत ज्ञानी, यूथ विंग जिला महासचिव भानू प्रकाश, नगर अध्यक्ष मान सिंह, बिछिया ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश कुमार, नीरज सिंह, रामेंद्र कुमार, कुलदीप कुमार, अक्षय, धर्मेंद्र, शैलेन्द्र कुमार सहित कई लोग शामिल हुए।

## सार-संक्षेप

### पेड़ पर लटका मिला अधेड़ का शव, मची सनसनी

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** बिहार थाना क्षेत्र गणेशी खेड़ा गांव निवासी रामशंकर (55) पुत्र स्व. राजाराम बीती रात घर में हुई कहासुनी के बाद बिना बताए निकले थे। बुधवार सुबह गांव के बाहर खेत में लगे नीम के पेड़ पर उसका शव फंदे से लटकता देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। देखते-देखते वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच की शव नीचे उतरवाया और परिजनों से पूछताछ की। ग्रामीणों में चर्चा है कि मृतक घरेलू कलह से परेशान था, जिस कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। रामशंकर कई वर्षों से वाराणसी में एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। करीब 15 दिन पहले ही वह अपने घर लौटा था। परिजनों ने बताया कि मृतक के परिवार में पत्नी फूलमती, बेटा जय सिंह (25) व एक विवाहित बेटी प्रीति है। घटना के बाद सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध शराब बरामदगी के मामले में अर्थदण्ड

**उन्नाव, अमृत विचार :** मौरावां थाना क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब बरामदगी के मामले में अदालत ने अभियुक्त वीरू पुत्र चन्द्रप्रकाश पासी को 2900 के अर्थदण्ड से दंडित किया है। यह कार्रवाई अभियोजन व पुलिस विभाग की प्रभावी पैरवी का परिणाम है। घटना 16 जनवरी 2015 की है जब थाना मौरावां पुलिस ने असरेन्दा निवासी वीरू को अवैध कच्ची शराब व लहन के साथ गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। 2 मार्च 2015 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। बुधवार को मा. न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी पाते हुए 2900 के जुर्माने की सजा सुनाई।

### पिकअप डाले की टक्कर से बाइक सवार घायल

**औरास, उन्नाव, अमृत विचार :** बुधवार सुबह औरास-सण्डीला मार्ग पर एक पिकअप डाले की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब इनायतपुर बर्रा गांव निवासी 40 वर्षीय तेजपाल पुत्र गजराज सोमदेव महाविद्यालय के प्रबंधक को लेने सण्डीला जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने भारत पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल डलवाया और सण्डीला की ओर बढ़े ही थे कि पीछे से आ रही ईस्ट लोड पिकअप डाले ने उन्हें साइड से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तेजपाल सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई है।

### मासूम बच्चों का हत्यारा पिता भेजा गया जेल

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** पुरवा कोतवाली के रम्मांखेड़ा गांव में अपनी ढाई साल की बेटी व 6 माह के बेटे को कोल्डड्रिंक में कीटनाशक मिलाकर हत्या करने के आरोपी पिता को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। बता दें कि सोमवार सुबह करीब 10 बजे पुरवा कोतवाली क्षेत्र के रम्मा खेड़ा गांव निवासी रोहित पुत्र अमृत लाल ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि करीब 10 दिन बच्चों को छोड़कर मायके गई उसकी पत्नी नेहा ने अपनी बहन के साथ मिलकर गांव के बहार खेत में ढाई साल की बेटी सोनाक्षी व 6 माह के बेटे रितिक से मिलने आई और उन्हें जहर देकर मार दिया। पुलिस ने जांच की तो पूरा मामला उल्टा निकला। पत्नी को फंसाने के लिए रोहित ने ही अपने बच्चों को कोल्डड्रिंक की बोतल में सल्फास मिलाकर जबरन पिलाया था। इससे उनकी मौत हो गई थी। मंगलवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी इसकी पुष्टि हुई थी। इसके बाद पुलिस ने रोहित को हिरासत में लिया और पूछताछ की तो उसने सच्चाई उगल दी। कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव ने बताया कि कोल्ड ड्रिंक की बोतल व सल्फास का रैपर रोहित की निशानदेही पर बरामद किया गया है। रिपोर्ट दर्ज कर बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।

### स्वकर जमा करने पर 20 प्रतिशत की छूट, 30 तक मौका

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद गंगाघाट ने भवन स्वामियों व करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए सार्वजनिक सूचना जारी की है। अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा द्वारा जारी पत्र के अनुसार जो भी भवन स्वामी या करदाता 30 जून 2025 तक स्वकर या गृहकर का भुगतान पालिका कार्यालय में करेंगे, उन्हें वर्तमान वार्षिक मांग पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। पालिका ने अपील की है कि सभी करदाता इस अवसर का लाभ उठाकर समय से स्वकर जमा करें। साथ ही, पालिका ने अपने समस्त सम्बन्धित कर्मचारियों व पटल सहायकों को सूचना देते हुए निर्देशित किया है कि यह जानकारी हर वार्ड व गली में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से प्रचारित की जाए। पालिका के कूड़ा एकत्रण व पूजन सामग्री संग्रहण वाहन चालकों को भी यह निर्देश दिया गया है कि वे इस सूचना का नियमित प्रसारण करें। सूचना को पालिका के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कर दिया गया है।

### योग दिवस की तैयारी जोरों पर, 300 से अधिक साधक लेंगे भाग




सामूहिक योग की जानकारी देते योगाचार्य उमाशंकर यादव। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और आयोजन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक को पतंजलि योगपीठ से मान्यता प्राप्त योगाचार्य उमाशंकर यादव ने संबोधित करते हुए बताया कि योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ 21 जून को सुबह 5:30 बजे दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम व व्यायाम करवाए जाएंगे। कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ-साथ करीब 300 योग साधकों की भागीदारी अपेक्षित है। योगाचार्य यादव ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है बल्कि मन को भी शांति प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। इस अवसर पर आशुतोष शुक्ला, अवधेश सिंह, अवनीश शुक्ला, जयराम सिंह सेंगर, तारकेश्वर पांडेय, पवन अवस्थी, राजकुमार शुक्ला, शुभम दीक्षित सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के स्टाफ के लिए काउंसिलिंग संपन्न

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में 87 विभिन्न पदों की नियुक्ति के लिए 532 आवेदन आए थे उनकी काउंसिलिंग व साक्षात्कार प्रक्रिया बुधवार को पूरी की गई। सीडीओ की अध्यक्षता में छह सदस्यीय टीम ने प्रपत्रों की जांच और साक्षात्कार का कार्य पूरा करते हुए चयन के लिए फाइल डीएम को भेजी गई है। जिले के 16 ब्लॉकों में 13 ब्लॉक में कस्तूरबा गांधी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। यह स्कूल कक्षा आठ तक संचालित हो रहे थे लेकिन इस बार इनका उच्चीकरण कर दिया गया है। अब इन विद्यालयों में कक्षा-12 तक छात्राओं को शिक्षा दी जाएगी। इन विद्यालयों मे प्रधानाध्यापक, शिक्षक, लिपिक का काउंसलिंग के साथ साक्षात्कार लिया गया। जिनकी शैक्षिक और साक्षात्कार की योग्यता के नंबर जोड़कर अधिक मैरिट के आधार पर अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा। प्रत्येक पद के लिए 6 गुना अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए बुलाए गए थे। लिपिक पद के लिए अभी टाइपिंग टेस्ट भी होना है। जबकि चपरासी, रसोइया, चौकीदार के लिए आए अभ्यर्थियों का चयन केवल साक्षात्कार के आधार पर किया गया। सीडीओ कृति राज की अध्यक्षता में डाइट प्राचार्य अमिता सिंह, पीडी तेजवंत सिंह, बीएसए संगीता सिंह, समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पांडेय, डीआईओएस सुनील दत्त व एक जीजीआईसी की प्रवक्ता की मौजूदगी रही। बीएसए ने बताया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता पूर्ण ढंग से सम्मन्न हुई। डीएम स्तर से अनुमोदन के बाद चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की जाएगी।

### अब्दुल गफ्फार पीजी कॉलेज में किया गया टैबलेट वितरण

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार :** गंजमुरादाबाद स्थित अब्दुल गफ्फार पीजी कॉलेज में शनिवार को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पीजी कक्षाओं के विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को साइंस और टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को शिक्षा और रोजगार से जोड़ रही है। हाल ही में सरकार ने 60 हजार युवाओं को पुलिस कांस्टेबल के पद पर नियुक्ति पत्र देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रबंधक जुल्फिकार अली ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। आयोजित समारोह के अवसर पर महाविद्यालय संचालक कामिल हुसैन, पूर्व चेयरमैन रामनरेश कुशवाहा, नितीश कुमार, संदीप यादव, अभय यादव सहित स्टाफ व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मां ने गेम खेलने से रोका तो पुत्र ने दी जान

## छात्र ने जवाहर नवोदय विद्यालय में इसी साल कक्षा छह में लिया था दाखिला, पढ़ाई में बेहद होनहार था

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सरकार ऑनलाइन गेमिंग इंड्रस्टी से भले ही करोड़ों की कमाई कर रही हो, लेकिन इस खेल की लत में फंसे युवा मौत को गले लगा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मुस्करा क्षेत्र में सामने आया, जहां ऑनलाइन गेम खेल रहे बच्चे को मां ने रोका तो उसने कीटनाशक गोलियां खाकर जान दे दी।

मुस्करा कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी भिटारी के रहने वाले मनोज कुमार राजपूत का 13 वर्षीय पुत्र नैतिक अपनी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में अच्छे अंक लाकर कक्षा छह में दाखिला लिया था। परीक्षा के बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश में वह घर आया था। सोमवार की शाम घर में वह मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेल रहा था। मां ने उसे गेम खेलने से रोका और पढ़ाई करने के लिए कहा तो वह नाराज हो गया।



छात्र की मौत के बाद घर के बाहर गुमसुम बैठे लोग। अमृत विचार

- ग्रीष्मकालीन अवकाश में परिवार के साथ था छात्र
- मां ने गेम खेलने से रोका तो कीटनाशक गोलियां आईं

मंगलवार को मां, पिता मनोज और दादा पृथ्वीराज खेत चले गए, तभी नैतिक ने गेहूं में रखी जाने वाली कीटनाशक गोलियां खा लीं।इससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। खेत से लौटे दादा पृथ्वीराज ने उसकी हालत खराब देखी तो फौरन उसके पिता मनोज को घर बुलाया और मुस्करा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने उरई मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां से डॉक्टरों ने देर शाम झांसी मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

### इकलौती संतान था नैतिक राजपूत



छात्र नैतिक।

नैतिक अपने मां-बाप की एकलौती संतान था। उसकी मौत से पूरा परिवार बेहाल है। मां की हालत तो बिल्कुल पागलों जैसी हो गई है। वह बार-बार यही कह रही है कि उसने तो सिर्फ ऑनलाइन गेम खेलने से मना किया था। बस इतनी सी बात पर वह दुनिया ही छोड़कर चला गया। इस घटना से परिजनों ही नहीं, पूरे गांव में गम का माहौल है। लोगों का कहना है कि ऑनलाइन गेम की लत ने एक माता-पिता की गोद को सूना कर दिया। ग्रामीणों ने ऐसे गेम को तत्काल प्रतिबंधित करने की मांग कर रहे हैं।

### महिला ने फंदा लगाकर दी जान, अस्पताल में हंगामा

**हमीरपुर।** घर में पंदे पर झूल रही महिला को लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा काटा। पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी में पति से तलाक के बाद अपने भाई रहीश के साथ रह रही गुड्डन पुत्री अब्बास (40) ने मंगलवार देर रात घर में फांसी लगा ली। भतीजे हारून ने बुआ को शोर मचाया तो मुहल्ले के लोग दौड़े। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने चिकित्सक की लापरवाही से गुड्डन की मौत होने का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर घर भेज दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## मेडिकल कॉलेज के नाम पर सिर्फ इमारतें : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में मानक के अनुरूप पर्याप्त प्रोफेसर, डॉक्टर, तकनीकी स्टाफ और आधारभूत ढांचा नहीं है। मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस छात्रों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त सुविधाएं और संसाधन नहीं हैं। मेडिकल कॉलेज के नाम पर इमारतें खड़ी हैं। सरकार मेडिकल कॉलेजों को सुचारू रूप से नहीं चला पा रही है।

सपा प्रमुख ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार मेडिकल कॉलेजों और बड़े संस्थानों को उनकी जरूरत के अनुसार बजट नहीं देती है । अस्पतालों में दलालों का बोलबाला है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य विभाग की हालत ऐसी कर दी है कि मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खुद ही बीमार नज़र आते हैं। राजधानी लखनऊ में भाजपा सरकार की नाक के नीचे ही बड़े संस्थानों में लापरवाही चरम पर है।

## सार-संक्षेप



पत्रकारों से वार्ता करते स्वामी प्रसाद मौर्या। अमृत विचार

### मायावती अब तक की सबसे बेहतर मुख्यमंत्री : स्वामी प्रसाद

**बाराबंकी।** अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने इंडिया गठबंधन में शामिल होने का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि यूपी में भाजपा को रोकने के लिए जरूरत पड़ी तो उनकी पार्टी किसी भी गंठबंधन में शामिल हो सकती है। वे जिला मुख्यालय पर बुधवार को अपनी जनता पार्टी की संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा में शामिल होने आए थे। उन्होंने भाजपा को जनविरोधी और सपा को दिशाहीन करार देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती को अब तक का सबसे बेहतर मुख्यमंत्री बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण आज पूरे देश में महंगाई चरम पर है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में पढ़े लिखे युवाओं को प्राइवेट नौकरी करने को विवश होना पड़ रहा है। सरकारी विभागों का तेजी से निजीकरण हो रहा है। सरकार के पास इसका जवाब नहीं है।

### युवक की मौत पर हत्या का आरोप

**कन्नौज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस की ओर से रिपोर्ट न लिखने का आरोप लगा कर परिजन कलक्ट्रेट में भूख हड़ताल पर बैठ गए। बाद में पुलिस ने हटाया इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कछपुरवा निवासी वालेश्वर दयाल का पुत्र मोहित शटरिंग लगाने का काम करता था। 26 मई को वह शटरिंग खोलने के लिये औरैया जनपद के गांव सिटयावा गया था। काफी शाम हो गई तो परिजनों ने खोज की। पता चला कि उसकी हत्या कर दी गई और शव को कटैया पुल के निकट डाल दिया गया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेजा। इस के बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी जिसमें पिता ने दामाद समेत कुछ अन्य लोगों पर ही हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसी से नाराज मृतक के परिजन व गांव के सगे संबंधी बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां भूख हड़ताल का बैनर लगा कर धरना शुरू कर दिया। इस की जानकारी अधिकारियों को हुई तो उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया पर वह नहीं माने। इसके बाद सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की जांच की। इसमें मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने व विसरा सुरक्षित करने की बात लिखी थी। कोतवाली पुलिस ने इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारुल चौधरी से जानकारी ली तो उन्होंने बिसरा जांच के लिये भेजने की बात कही। इस दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रामकेश ने भी धरना दे रहे लोगों को समझाया।

### अमेठी में एसडीएम को गाड़ी से खींचा, पथराव

**गौरीगंज( अमेठी )।** गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र स्थित माधोपुर वार्ड नंबर 13 में बुधवार को सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने गई राजस्व टीम पर दबंगों ने हमला कर दिया। हमले में नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी और लेखपाल सिराज अहमद के घायल होने की खबर है। यही नहीं, आक्रोशित महिलाओं ने एसडीएम प्रीती तिवारी को घेरकर गाड़ी से खींचने का प्रयास किया, उनके साथ धक्का-मुक्की कर अभद्रता की। साथ ही सरकारी वाहनों में भी तोड़फोड़ की। बुधवार को शिकायत के आधार पर एसडीएम प्रीति तिवारी के नेतृत्व में राजस्व टीम कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची। जैसे ही टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की, गांव के दबंगों ने पथराव और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में टीम के कई सदस्य घायल हो गए। दबंग महिलाओं ने एसडीएम की गाड़ी को घेर उन्हें गाड़ी से खींच नीचे उतार लिया, धक्कामुक्की की। स्थिति गंभीर होते देख राजस्व टीम ने किसी तरह भागकर जान बचाई और गौरीगंज कोतवाली पहुंची। स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है । जो भी दोषी होगा उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**पचपेड़वा बलरामपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 9 वर्षीय बालिका आंचल की मौत हो गई, जबकि उसके दो अन्य बच्चे आरुष (5) और मानसी (7) घायल हो गए। घटना पचपेड़वा के ग्राम पंचायत बैरिहवा के आजमडीह चौराहे पर हुई, जब बच्चे छत पर खेल रहे थे और अचानक आकाशीय बिजली गिरी। पारिवारिक जनों ने उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने आंचल को मृत घोषित कर दिया। यह जानकारी मृतका के चाचा प्रभु जायसवाल ने दी है। प्रभारी निरीक्षक थाना पचपेड़वा एसके त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

### 215 करोड़ से संवरेगा बाढ़ प्रभावित रामपुर मथुरा

**रामपुर मथुरा, सीतापुर।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को जिले के बाढ़ और कटान प्रभावित रामपुर मथुरा को बड़ी सौगात दी। उन्होंने कुल 215 .34 करोड़ की लागत से 16 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान पंचायत चौपाल में मंत्री ने जनता से सीधा संवाद किया और सरकार की योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई ।जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह बुधवार को विकास खंड रामपुर मथुरा पहुंचे। यहां उन्होंने ग्राम कनरखी और बंगालीपुरवा में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने गोबरहिया नाले पर बनने वाले रेगुलेटर सहित बाढ़ नियंत्रण व सिंचाई विभाग की कुल 168 .60 करोड़ की सात परियोजनाओं का विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। साथ ही 46 .74 करोड़ की नौ पूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। जलशक्ति मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और श्रमिकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाली शिवानी मौर्य को भी मंत्री ने स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित।

### अब लोमड़ी और सियार काटने से मौत पर मिलेंगे 4 लाख

**लखनऊ।** यूपी में अब लोमड़ी और सियार के काटने से होने वाली मौत पर चार लाख का मुआवजा दिया जाएगा। अब प्रदेश में 11 ऐसे जानवर हो गए हैं जिनके लिए मुआवजा मिलेगा ।यूपी में बाघ, शेर, तेंदुआ, भेड़िया, लकड़बग्घा, मगरमच्छ, हाथी, गैंडा और जंगली सुअर के हमले से इंसान की जान जाने पर पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये मुआवजा दिया जाता है। इन सभी जानवरों को मानव-वन्यजीव संघर्ष की श्रेणी-1 में रखा गया है। वहीं, श्रेणी-2 में लोमड़ी और सियार को स्थान दिया गया है।

# महोबा में बाइक से उछलकर गिरी महिला, ट्रक ने ली जान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** ऊबड़-खाबड़ कबरई-पहरा मार्ग पर पहरा गांव के नजदीक बाइक से उछलकर महिला सड़क पर गिर गई, जिसे ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सड़क पर गिरने से पति और नातिन घायल हो गए। घायलों की मरहम-पट्टी करने के बाद छुट्टी कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कबरई थाना क्षेत्र के पहरा गांव निवासी बलदू कुशवाहा (50) अपनी पत्नी सुक्खी कुशवाहा (48) और नातिन सृष्टि कुशवाहा (7) को लेकर महोबा कोतवाली क्षेत्र के दिसरापुर गांव में अपने भतीजे बसंत कुशवाहा के यहां कन्या भोज में आया था। कन्या भोज होने के बाद मंगलवार की शाम बाइक से अपने गांव पहरा वापस लौट रहा था। गांव से करीब एक किलोमीटर पहले ऊबड़-खाबड़ सड़क पर बाइक असंतुलित होकर गिर गई, जिससे सुक्खी उछलकर थोड़ा दूर जा गिरी, जबकि उसके पति और नातिन बाइक के पास ही गिर गए। बाइक से उछलकर सड़क पर गिरते ही सामने से आए ट्रक ने महिला को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला। देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कबरई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



परिजनों से हादसे के बारे में जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

## रेलवे लाइन के पास मोर्टार सेल मिलने से खलबली

**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में रामगंगा के पास रेलवे लाइन किनारे मोर्टार सेल मिलने से खलबली मच गई। सूचना पर सेना की यूनिट मौके पर पहुंची। बम निरोधक दस्ते ने मोर्टार सेल को निष्क्रिय कर दिया ।

दो दिन पहले भारी बारिश के दौरान कई स्थानों पर रेलवे लाइन की मिट्टी धंस गई है। इन स्थानों पर जेसीबी के जरिए मिट्टी डालने का काम किया जा रहा है। मंगलवार रात 1 बजे सुभाषनगर में लाइन के किनारे मिट्टी डालने का काम किया जा रहा था। श्रमिकों को मिट्टी के ढेर में संदिग्ध वस्तु मिली और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने देखा कि मोर्टार सेल है। रात में ही सेना की यूनिट को सूचना दी गई। सेना का बम निरोधक दस्ता भी मौके पर आ गया। दस्ते ने मोर्टार सेल को निष्क्रिय कर दिया। । माना जा रहा है कि मोर्टार मिस फायर होने के बाद मिट्टी में दबा दिया गया होगा।

# बेटी से छींटाकशी पर पिता ने आरोपी को मार डाला

कार्यालय संवाददाता, उरई

- हैडपंप पर पानी भरने गई बेटी से युवक ने छींटाकशी कर दी
- बेटी के पिता ने आरोपी को लाठी से पीटा जिससे मौत

**अमृत विचार।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरिया में हैडपंप पर पानी भरने गई विवाहित बेटी से युवक ने छींटाकशी कर दी। इस पर बेटी के पिता ने आरोपी को लाठी से पीट दिया। इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे सीओ व कोतवाल ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरिया निवासी राकेश की विवाहिता पुत्री ससुरालियों से चल रहे किसी विवाद को लेकर करीब तीन माह से अपने पिता के घर रह रही है। बताया गया कि बुधवार को वह गांव के हैंडपंप पर पानी भरने गई थी।

इसी दौरान वहीं का निवासी कल्लू (28) पुत्र चंद्रशेखर राजपूत नशे की हालत में पहुंच गया और युवती से छींटाकशी कर दी। विरोध करने पर गाली गलौज शुरू कर दी। घटना से आहत युवती घर पहुंची और पिता को पूरी बात बताई। गुस्से में आए पिता राकेश ने हैंडपंप के पास ही कल्लू को पड़कर लाठी से पीट दिया। इससे युवक बेहोश होकर वहीं गिर गया। काफी देर तक उसे कोई उठाना नहीं आया और वह पड़ा रहा। इससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस व सदर सीओ अर्चना सिंह मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी।

# कुल्हाड़ी से हमले में युवक की गई जान

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** हैंडपंप में भैंस नहलाने को लेकर चाचा ने भतीजे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उसे गंभीर हालत में प्रयागराज रेफर किया गया है। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में उसकी सांसें थम गईं। मारपीट में आरोपी को भी चोटें आईं।

मामला थाना पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम ओरा का है। बताया जाता है कि यहां बुधवार को रामचंद्र (20) पुत्र गोरेलाल यादव घर के बाहर लगे हैंडपंप में अपनी भैंस को नहला रहा था। आरोप है कि तभी उसका चाचा घनश्याम (45) पुत्र स्व. कलकू वहां अपनी भैंस को लेकर आ गया और रामचंद्र से अपनी भैंस हटाने को कहा। रामचंद्र ने इस पर आपत्ति जताई तो वह आक्रोशित हो गया। दोनों में तकरार होने लगी और बात गाली गलौज से बढ़कर मारपीट में बदल गई। आरोप है कि आरोपी चाचा ने कुल्हाड़ी से रामचंद्र के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। मारपीट में आरोपी को भी चोटें आईं।

आरोपी की पुत्री ने डायल 112 में घटना की सूचना दी तो क्षेत्राधिकारी जयकरन सिंह, थानाध्यक्ष पहाड़ी पंकज तिवारी, सब इंस्पेक्टर अरमान आलम व फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची। रामचंद्र और आरोपी चाचा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। रामचंद्र को डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां से प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया। जसरा के पास उसने दम तोड़ दिया। उसका एक भाई है। पिता खेती कर जीवनयापन करता है।

## बिना चिंता कराएं इलाज, सरकार करेगी मदद : योगी

**लखनऊ।** गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं। सरकार भरपूर आर्थिक मदद देगी।

आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार लोगों की शिकायतों सुनते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। योगी ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है।

# इंस्टा पर डाला पोस्ट, मेटा की सतर्कता से बची छात्रा की जान

संवाददाता, रायबरेली

- परिजनों द्वारा मर्जी के खिलाफ विवाह तय करने से नाराज थी
- आत्महत्या करने जा रही छात्रा को समय रहते पुलिस ने बचाया

**अमृत विचार।** अलविदा... सारी मम्मा पामा...इंस्ट्राग्राम पर पोस्ट शेयर कर आत्महत्या करने जा रही छात्रा की जान मेटा की सतर्कता और पुलिस के त्वरित कार्रवाई से बच गई।

मेटा से मैसेज मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल हरकत में आ गई। महज आठ मिनट में घटना स्थल पर पहुंच युवती को बचा लिया। जी हां, सुनने में जरूर अजीबो गरीब लग रहा होगा, लेकिन यह घटना काल्पनिक नहीं सच्ची है। आत्महत्या करने जा रही युवती की जान इसलिये बच गई क्योंकि उसने सुसाइड अटेम्पट से पहले अपने माता पिता को इंस्टाग्राम पर मैसेज छोड़ा था। युवती बीए की छात्रा है और परिजन उसकी मर्जी के खिलाफ उसका विवाह करना चाहते हैं। इंस्टाग्राम पर मैसेज डालने से मेटा तुरंत हरकत में आया और उसने पुलिस को इसकी सूचना दे दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती को बचा लिया।

आत्महत्या करने जा रही युवती का कहना है कि वो विवाह न करके आगे की पढ़ाई करना चाहती है। परिजनों ने जब उसकी बात नहीं मानी तो युवती ने आत्महत्या की ठानते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा गुड बाय, सॉरी मम्मी पापा। युवती ने जैसे ही यह मैसेज इंस्टाग्राम पर डाला मेटा ने तुरंत उसकी लोकेशन के साथ पूरी जानकारी पुलिस हेड क्वार्टर को शेयर कर दी। उधर, डीजीपी राजीव कृष्ण ने भी बिना एक पल गंवाएं एसपी रायबरेली को यह जानकारी दी।

एसपी रायबरेली डॉ. यशवीर सिंह ने संबंधित थाना मिल एरिया को इसकी जानकारी दी। मिल एरिया थाना प्रभारी राजीव सिंह ने आठ मिनट के भीतर युवती के घर को ट्रेस करते हुए वहां पहुंच गए। तत्काल युवती की काउंसलिंग की। सीओ सदर अमित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि तुरंत रिस्पॉस से युवती की जान बच गई। युवती ने अभी ज्यादा कुछ बताने से इनकार किया है। फिलहाल परिवार के साथ खुश है।

आस्था — लोअर प्लिंथ व परकोटे में कांस्य के बने म्यूरल किए जा रहे स्थापित

# राम मंदिर में सचित्र रामायण के दर्शन करेंगे श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** श्री रामलला का दर्शन करने के बाद मंदिर की परिक्रमा पथ पर पूरे रामायण के सचित्र दर्शन प्राप्त होंगे। इसके लिए मंदिर के लोअर प्लिंथ पर पत्थरों के बने रामायण के प्रसंग और परकोटे में कांस्य के बने म्यूरल स्थापित किए जा रहे हैं। मशहूर चित्रकार वासुदेव कामत की निगरानी में इस कार्य को अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

राम मंदिर के लोअर प्लिंथ पर म्यूरल लगाए जाने का कार्य तेज गति से चल रहा है। पत्थरों पर रामायण कालीन विभिन्न प्रसंग पर आकर्षक चित्र लोगों को अभिभूत करेंगे। जिसमें लगभग 85 म्यूरल तैयार किया जा रहा है। 65 म्यूरल राम मंदिर परिसर पहुंच चुके हैं। इसमें 12 से अधिक कारीगर निर्धारित स्थान पर लगाए जाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं ट्रस्ट इन म्यूरल को सुरक्षित रखने के लिए शीशे का प्रयोग करेगा, जिससे दर्शन करने के दौरान श्रद्धालु म्यूरल पर अपने हाथ का स्पर्श न करें।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक परिसर में मंदिरों के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। परकोटे के निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जो कि निर्धारित समय तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा मंदिर के लोअर प्लिंथ पर रामायण कालीन प्रसंग के म्यूरल लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कलाकृतियां पूरे परिसर को और भी सुशोभित करने जा रही हैं। जो भी भक्त श्रद्धालु राम मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे उन्हें इन सभी म्यूरल का भी दर्शन प्राप्त होगा। इस दर्शन के माध्यम से रामायण के घटनाक्रम की जानकारी भी उन्हें मिलेगी।



राम मंदिर के लोवर प्लीथ पर लगा म्यूरल। अमृत विचार

## यूपी ने जेम पर खरीद प्रणाली में रचा इतिहास

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने एक बार फिर डिजिटल और पारदर्शी प्रशासन में अपनी अग्रणी भूमिका को साबित किया है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्रशंसा की है। गोयल ने सरकार के इस प्रयास को अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल भी बताया है। पत्र के साथ ही 5 वर्षों में जेम पर प्रदेश सरकार द्वारा की गई खरीद का डाटा भी दिया गया है, जिसके अनुसार प्रदेश सरकार ने 2020-21 से 2024-25 के दौरान 65,227 करोड़ रुपए से ज्यादा की खरीद की है। 5.43 लाख करोड़ मूल्य के 72 लाख से अधिक क्रय आदेश पूरे किए गए, जो सार्वजनिक खरीद प्रणाली के लिए कीर्तिमान है।

# 'देश-प्रदेश में झूठ, भेदभाव की राजनीति'

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश और प्रदेश में केवल झूठ, दिखावा और भेदभाव की राजनीति चल रही है। वह बुधवार शहर में एक निजी पेट्रोल पंप के उद्घाटन समारोह में शामिल होने आए थे।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि ईरान-इजरायल युद्ध में फंसे भारतीयों को सुरक्षित लाना केंद्र सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार की निष्क्रियता चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थितियों में सरकार को तुरंत और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। कौशांबी में सपा नेताओं को रोके जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। सत्ता के संरक्षण में अन्याय और भेदभाव का खुला खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से जनता का भरोसा खो चुकी है और अब ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है। शिवपाल यादव ने आरोप लगाया कि सरकार हर बड़ी घटना को छिपाने का प्रयास करती है ताकि विपक्ष और जनता को सच न पता चले। कौशांबी की घटना भी इसी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता लगातार गांव-गांव जाकर जनता से संपर्क कर रहे हैं और समय आने पर पार्टी बड़े पैमाने पर जन आंदोलन करेगी।



कार्यक्रम में उपस्थित सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव। अमृत विचार

# कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ

## राष्ट्रपति मुर्मू ने भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को किया संबोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि कॉरपोरेट क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके निर्णय न केवल नीतियों एवं विनियमों को प्रभावित करेंगे, बल्कि इसका असर नागरिकों और निवेशकों के देश की संस्थाओं में विश्वास पर भी पड़ेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि कॉरपोरेट कानूनों के कार्यान्वयन एवं प्रवर्तन का दायित्व संभालने वाले अधिकारियों के रूप में, आपकी भूमिका एक ऐसा कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में होगी जो पारदर्शी, जवाबदेह और नवाचार एवं उद्यमिता के लिए अनुकूल हो। राष्ट्रपति भवन में उनसे



● बोलीं- अधिकारियों की भूमिका कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में हो

मिलने आए प्रशिक्षुओं से मुर्मू ने कहा, कॉरपोरेट क्षेत्र हमारे देश की आर्थिक वृद्धि एवं विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। कंपनी अधिनियम 2013 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है कि कानून को न केवल लागू किया जाए बल्कि उसे समझा जाए, उसका सम्मान किया जाए। साथ ही इस तरह से लागू किया जाए जिससे सभी के लिए न्याय, निष्पक्षता एवं अवसर को बढ़ावा मिले। रक्षा वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन सेवा एवं केंद्रीय श्रम सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की। प्रशिक्षुओं से उन्होंने कहा कि सैन्य विमानन में गुणवत्ता का मतलब सिर्फ तकनीकी विशिष्टताओं को पूरा करना नहीं है बल्कि इसका मतलब परिचालन सुरक्षा, मिशन की तैयारी, विश्वसनीयता एवं रणनीतिक श्रेष्ठता सुनिश्चित करना भी है। राष्ट्रपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए न केवल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने की जरूरत है, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सक्रिय रूप से सक्षम बनाने की आवश्यकता है।

### 2025 को राष्ट्रपति ने रक्षा सुधारों का वर्ष बताया

राष्ट्रपति ने कहा, सहायक नीतियों एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से निजी उद्यमों को रक्षा परिवेश में एकीकृत करके, भारत स्वदेशीकरण प्रयासों में तेजी ला सकता है और खुद को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है। 2025 को रक्षा सुधारों का वर्ष बताते हुए उन्होंने प्रशिक्षुओं से सशस्त्र बलों को प्रौद्योगिक रूप से उन्नत, युद्ध के लिए तैयार बलों में बदलने के लिए नवीन दृष्टिकोण विकसित करने का आग्रह किया, जो बहु-क्षेत्रीय, एकीकृत संचालन में सक्षम हों। केंद्रीय श्रम सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे कानून के संरक्षक हैं तथा श्रमिकों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा करने वाले श्रम कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है। राष्ट्रपति ने कहा कि आपके द्वारा लिए गए निर्णय और आपके द्वारा की गई कार्रवाइयों का उद्योग एवं समाज दोनों पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है।

## आईएएस अनुराधा सेबी के निदेशक मंडल में शामिल

**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों के विभाग में विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) अनुराधा ठाकुर को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। बाजार नियामक की वेबसाइट पर बुधवार को यह जानकारी दी गई।

ठाकुर 1994-बैच की हिमाचल प्रदेश कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी है। वह अप्रैल में ओएसडी के रूप में आर्थिक मामलों के विभाग में शामिल हुईं। अजय सेठ के 30 जून को 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह एक जुलाई से आर्थिक मामलों के सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगी। बाजार नियामक की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, ठाकुर को सेबी के निदेशक मंडल में अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर : प्रभावी निवेश विकल्प

एनसीडी यानी नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर, कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने का साधन है, जो ऋण उपकरण के रूप में कार्य करता है। ये डिबेंचर निवेशकों को निश्चित ब्याज दर पर निश्चित अवधि के लिए रिटर्न प्रदान करते हैं, लेकिन इन्हें शेयरों में बदला नहीं जा सकता, इसीलिए इन्हें नॉन-कनवर्टिबल कहा जाता है। ये मुख्यत: उन निवेशकों के लिए उपयुक्त होते हैं जो सुरक्षित और स्थिर आय की तलाश में होते हैं, खासकर तब जब बैंक एफडी की ब्याज दरें कम हों। एनसीडी को रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेट किया जाता है, जिससे उनकी विश्वसनीयता का अंदाजा लगाया जा सकता है।



### निवेश के लाभ

- **स्थिर और उच्च रिटर्न :** एनसीडी आमतौर पर बैंक एफडी की तुलना में अधिक ब्याज दर (7-10% तक) प्रदान करते हैं।
- **पूर्व निर्धारित ब्याज भुगतान :** निवेशक को मासिक, तिमाही या वार्षिक ब्याज विकल्प मिलते हैं।
- **रिडेम्पशन पर पूंजी वापसी :** एनसीडी की मैच्योरिटी पर मूलधन सुरक्षित रूप से लौटाया जाता है।
- **लिक्विडिटी :** लिस्टेड एनसीडी को स्टॉक एक्सचेंज पर खरीदा/बेचा जा सकता है।
- **टैक्स लाभ :** कुछ एनसीडी में सेक्शन 54ईसी के तहत टैक्स छूट भी मिलती है।

### जोखिम पर रखें विशेष नजर

- **क्रेडिट रिस्क :** कंपनी की वित्तीय स्थिति बिगड़ने पर ब्याज या मूलधन मिलने में देरी या हानि हो सकती है।
- **तरलता :** सभी एनसीडी स्टॉक एक्सचेंज पर आसानी से नहीं बिकते।
- **ब्याज दर जोखिम :** बाजार में ब्याज दरें बढ़ने पर पुराने एनसीडी की कीमत गिर सकती है।
- **नॉन-कनवर्टिबल होने की सीमा :** इन्हें शेयर में बदला नहीं जा सकता, जिससे इक्विटी का लाभ नहीं मिलता।

### ध्यान देने योग्य

- निवेश से पहले रेटिंग (जैसे क्रिसिल, आईसीआरए) अवश्य जांचें।
- केवल सेबी द्वारा अनुमोदित कंपनियों के एनसीडी में निवेश करें।
- अल्पकालिक के बजाय मध्यम से दीर्घकालिक निवेश रणनीति अपनाएं।
- पोर्टफोलियो में विविधता बनाए रखें—सिर्फ एनसीडी पर निर्भर न रहें।

## डेटा सेंटर, चिप विनिर्माण में भारत प्रमुख गंतव्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया की विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश के लिए प्रमुख लक्ष्य हैं। मूडीज एनालिटिक्स ने बुधवार को कहा कि इनमें भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से खुद को डेटा सेंटर परियोजनाओं या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

मूडीज एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट 'एआई इज बीटिंग द ऑड्स' में कहा कि ऐसे समय में जब सीमापार निवेश धीमा हो रहा है और वैश्विक व्यापार टूट रहा है, तब एआई पर खर्च वर्तमान के



● मूडीज एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट एआई इज बीटिंग द ऑड्स में किया खुलासा

विपरीत हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, भले ही व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहे हों, लेकिन एआई की बढ़ती मांग, आपूर्ति से कहीं ज़्यादा है। इस अंतर को पाटने के लिए वैश्विक निवेशक डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में पूंजी लगा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में आउटबाउंड (घरेलू कंपनी द्वारा विदेश में) एआई निवेश की हिस्सेदारी इसकी इनबाउंड (विदेशी कंपनी द्वारा घरेलू बाजार में) हिस्सेदारी से अधिक है। यह बताता है कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी दिग्गज अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रही हैं। मूडीज ने कहा, पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया में विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं प्रमुख गंतव्य हैं। भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से डेटा सेंटर या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में खुद को स्थापित कर रहे हैं। ये बाज़ार लागत लाभ, बढ़ती मांग और प्रौद्योगिकी निवेश के लिए सहायक नीतियां प्रदान करते हैं।

## बैंकों के पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक में सुधार: आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि वाणिज्यिक बैंकों का पर्यवेक्षी डाटा गुणवत्ता सूचकांक मार्च 2025 में बढ़कर 89.3 हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 88.6 था।

आरबीआई ने एक पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक (एसडीक्यूआई) बनाया है, जो डूबे ऋण, परिसंपत्ति-देयता और पूंजी पर्याप्तता सहित विभिन्न प्रमुख वित्तीय मापदंडों में सटीकता, समयबद्धता, पूर्णता और स्थिरता के संदर्भ में डेटा गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है। यह सूचकांक, नियामक को लघु वित्त बैंकों सहित वाणिज्यिक बैंकों की वित्तीय स्थिति का आकलन करने में मदद करता है। केंद्रीय बैंक ने कहा, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के एसडीक्यूआई में मार्च 2024 की तुलना में मार्च 2025 में सुधार हुआ है। एससीबी के लिए एसडीक्यूआई में 87 एससीबी और उनके प्रमुख रिटर्न शामिल हैं।

## भारत की जीडीपी वृद्धि 6.2% से होगी अधिक : इक्रा

**कोलकाता, एजेंसी**

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.2% रहने का अनुमान जताया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5% थी। एजेंसी ने अपने ताजा परिदृश्य में कहा कि इसी अवधि के दौरान सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि दर 6.4% से अधिक होगी। जहां जीडीपी उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है, वहीं जीवीए उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में से मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं की लागत को घटाने पर प्राप्त होता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति के संबंध में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक





● रेटिंग एजेंसी के अनुसार सकल मूल्य वर्धित वृद्धि 6.4% से होगी अधिक

(सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.5% से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) चालू वित्त वर्ष में 1.8% से अधिक रहेगा। इक्रा ने 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4% रहने का अनुमान लगाया है, जबकि इसी अवधि के दौरान चालू खाता घाटा 1.2 से 1.3% रहने का अनुमान है। रबी फसल बेहतर होने और सामान्य से अधिक जलाशय स्तर के कारण ग्रामीण मांग में तेजी बनी रहने की संभावना है। 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी राहत, नीतिगत दर में कटौती से ईएमआई (मासिक किस्त) में कमी और खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी से घरेलू खर्च योग्य आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के वस्तु निर्यात में सुस्ती निकट भविष्य में भी जारी रह सकती है। इक्रा के अनुमान के अनुसार, सेवा निर्यात के वस्तु निर्यात वृद्धि से आगे निकलने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र का पूंजीगत व्यय 2025-26 में 10.1% बढ़ने का अनुमान है, जिससे निवेश गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।



# मोदी की ट्रंप को दो टूक से झूठ का पर्दाफाश

## कांग्रेस को घेरते हुए भाजपा ने कहा- भारत की विदेश नीति को बदनाम करना बंद करे विपक्षी पार्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत ने कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। यदि विपक्षी दल को इस पर विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का साझेदार माना जाना चाहिए।

भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, कांग्रेस और उसकी ट्रोल सेना इसको पचा नहीं पा रही है कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को कहा कि भारत को किसी की मध्यस्थता की न तो जरूरत है और न इसे स्वीकार करता है। उन्होंने एक्स पर कहा,



● कहा- विपक्षी दल को विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का साझेदार माना जाना चाहिए

कांग्रेस को केवल छोटी-मोटी बातों के लिए भारत की दृढ़ और सैद्धांतिक विदेश नीति को बदनाम करना बंद करना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर उस वक्त हमला बोला जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ट्रंप से टेलीफोन पर बात की और उन्हें कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान पर हमले पड़ोसी देश के अनुरोध पर रोके थे न कि अमेरिका द्वारा मध्यस्थता या व्यापार समझौते की पेशकश पर।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि मोदी ने ट्रंप को स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान गोलियां चलाएगा, तो भारत बम से जवाब देगा। उसके बाद भी अगर कांग्रेस को भरोसा नहीं है, तो यह माना जाना चाहिए कि पाकिस्तान और कांग्रेस साझेदार हैं।

मालवीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भारत को कमजोर, तीसरी दुनिया के देश के रूप में ही देखा है। आज, भारत उभरती हुई शक्ति है। उन्होंने रमेश पर राहुल गांधी की तरह जन्मजात झूठा होने का भी आरोप लगाया, क्योंकि कांग्रेस नेता ने ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की ताजा बातचीत पर व्हाइट हाउस से जनवरी 2025 में दिए गए वक्तव्य को अभी के अमेरिकी बयान के रूप में उद्धृत किया था।

### ट्रंप से हुई बात पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं: कांग्रेस



कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को विदेश दौरे से लौटते ही सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनीतिक दलों को यह बताना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर उनकी क्या बात हुई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में भोज के लिए बुलाया जाना भारत के लिए कूटनीतिक झटका है और इस पर प्रधानमंत्री को ट्रंप के समक्ष नाराजगी जतानी चाहिए थी। रमेश ने कहा, मोदी और ट्रंप के बीच बात हुई है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री यह बात सर्वदलीय बैठक में क्यों नहीं कहते? इसीलिए हमने संसद के विशेष सत्र की मांग की ताकि प्रधानमंत्री राष्ट्र को विश्वास में लें और वे सारी बातें कहें जो उन्हें राष्ट्रपति ट्रंप से कहनी चाहिए थीं।

## सुरक्षा को अधिक जांच चौकियां स्थापित करने के निर्देश जारी

**जम्मू, एजेंसी**

अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सीमावर्ती जिलों जम्मू, सांबा और कठुआ में अधिक जांच चौकियां स्थापित करने के लिए पुलिस से कहा गया है। यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले भगवती नगर से तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कश्मीर के लिए रवाना होगा।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अधिकारियों को नाकों पर खासतौर से रात में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें उन स्थानों की पहचान के निर्देश दिए हैं जहां यात्रियों की सुरक्षा के लिए और नाके बनाए जा सकते हैं। जम्मू-सांबा-कठुआ रेंज के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) शिव कुमार शर्मा ने आधार शिविर, आश्रय स्थलों, यात्रा मार्ग और पार्किंग क्षेत्रों में और उसके आसपास विभिन्न पुलिस व अर्द्धसैन्य तैनाती के सुरक्षा ऑडिट के दौरान पुलिस अधिकारियों से यह कहा।

**अमरनाथ यात्रा**

### चिनार कोर कमांडर ने की घाटी में सुरक्षा की समीक्षा

**श्रीनगर।** सेना की चिनार कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव ने बुधवार को कश्मीर घाटी में सुरक्षा और सैनिकों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। ये समीक्षा अमरनाथ यात्रा की शुरुआत से दो सप्ताह पहले हुई है। श्रीनगर स्थित इस रणनीतिक कोर ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट इसकी जानकारी दी है।

**एक नजर**

### ओएनजीसी के पूर्व उप महाप्रबंधक पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम, जोरहाट के पूर्व उप महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवा) डॉ. बिजॉय शॉ और चिकित्सा अधिकारी (व्यावसायिक स्वास्थ्य) तथा 8 निजी मेडिकल दुकानों के मालिकों सहित 10 आरोपियों के खिलाफ 45 लाख रुपये के फर्जी बिलों के संबंध में मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने बुधवार को बताया कि आरोपी लोक सेवकों ने 2019 से 22 के दौरान निजी पैनलबद्ध मेडिकल दुकानों के मालिकों तथा अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र रचा।

### पुराने मामले में दो विधायकों सहित नौ को 1-1 वर्ष की सजा

**जयपुर।** जयपुर की स्थानीय अदालत ने राजस्थान विवि के बाहर सड़क जाम करने के 11 साल पुराने मामले में बुधवार को कांग्रेस के दो विधायकों सहित नौ लोगों को 1-1 साल कैद की सजा सुनाई। जयपुर की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-19 परीक्षिता देथा ने सभी नौ आरोपियों को गैरकानूनी तरीके से सभा करने और सार्वजनिक मार्ग में बाधा डालने का दोषी ठहराया। मुकेश भाकर और मनीष यादव वर्तमान में कांग्रेस के विधायक हैं, जबकि अभिषेक चौधरी ने भी जयपुर की झोटवाड़ा सीट से 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे।

### आतंकियों की सूचना के बाद चला तलाशी अभियान

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुदूर जंगली इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना का संयुक्त अभियान सुबह चटरू के सिंहपोरा वन क्षेत्र में शुरू हुआ और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी था। सुरक्षा बलों को कुछ आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली और उन्होंने भागने के सभी रास्तों को बंद करने के लिए तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। हालांकि, अभी तक आतंकवादियों से आमना सामना नहीं हो पाया है।

### नक्सली ठिकाने से 14 आईईडी व विस्फोटक मिले

**चाईबासा (झारखंड)।** पश्चिमी सिंहभूमि जिले के वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने नक्सली ठिकाने का पता लगाया और वहां से 14 संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और 50 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक सामग्री बरामद की। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जवान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लाए विस्फोटकों की तलाश में चितपिल गांव के पास नक्सल विरोधी अभियान चला रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। मामले की जांच जारी है।

## कक्षा निर्माण घोटाला: दिल्ली में कई स्थानों पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● एजेंसी ने एसीबी की प्राथमिकी पर पीएमएलए के तहत आपराधिक मामला किया दर्ज

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के दौरान दिल्ली के स्कूलों में कथित कक्षा निर्माण 'घोटाले' की धन शोधन जांच के तहत बुधवार को यहां कई परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

संघीय एजेंसी ने दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने इस मामले से जुड़े ठेकेदारों और निजी संस्थाओं के 37 परिसरों की तलाशी ली। ईडी ने 30 अप्रैल को दर्ज शिकायत में आप नेता और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत में आरोप था कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताएं की गईं। ईडी के मामले में वे ही आरोपी हैं।

## विदेश में नौकरी से जुड़ी धोखाधड़ी में निजी कंपनी के 3 अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने विदेश में नौकरियों से जुड़ी धोखाधड़ी और मानव तस्करी में संलिप्त निजी कंपनी के तीन अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मंगोलपुरी इलाके से संचालित इंडो किर्गिज ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड ने किर्गिजस्तान में आकर्षक नौकरी दिलाने के नाम पर 500 से अधिक भारतीयों के साथ कथित तौर पर ठगी की है।

उन्होंने बताया कि इस गिरोह ने पीड़ितों से 4.62 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की तथा उनमें से कई को विदेश में प्रताड़ना और शोषण के लिए मजबूर किया। कंपनी का निदेशक और मुख्य आरोपी महावीर सिंह फरार है, जबकि पुलिस ने उसके बेटे साहिल नरवाल, वित्त प्रबंधक अतुल माथुर और मानव संसाधन प्रबंधक कमल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) आदित्य गौतम ने इसकी जानकारी दी।

**अमन और आशा**



पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में फिर से पर्यटन को बढ़ावा देने की उम्मीद और शांति बने रहने की आशा को लेकर डल झील पर विशेष शिकारा रैली आयोजित हुई। इसमें शिकारा चालकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। एजेंसी

## इंदौर पहुंची मेघालय पुलिस सोनम के घरवालों से पूछताछ

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

● सोनम के बर्ताव को लेकर पुलिस दल ने की सामान्य पूछताछ

बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने को मेघालय पुलिस का दल बुधवार को मुख्य आरोपी सोनम के इंदौर स्थित घर पहुंचा और उसके परिजनों से पूछताछ की।

चश्मदीदों ने बताया कि मेघालय पुलिस का दल शहर के गोविंद नगर खारचा इलाके में सोनम के घर पहुंचा, जिसके बाद इस घर का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया गया। मेघालय पुलिस का दल दो घंटे तक सोनम के मायके में रहा। मेघालय पुलिस के निकलने के बाद सोनम का भाई गोविंद कार लेकर चला गया।गोविंद ने कहा कि मेघालय पुलिस ने उनसे और उनके परिजनों से सोनम के बर्ताव को लेकर सामान्य पूछताछ की। राजा रघुवंशी हत्याकांड से पहले किसी संजय वर्मा से सोनम की फोन पर कई बार लंबी बातचीत की खबरों पर गोविंद ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं है।

## एअर इंडिया ने तकनीकी कारणों से तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें कीं रद्द

**मुंबई।** एअर इंडिया ने रखरखाव और तकनीकी समस्याओं सहित कई कारणों से बुधवार को अपनी तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी ने बताया कि इनमें से दो उड़ानें यात्रियों के विमान में सवार होने के बाद रद्द कर दी गईं।

एअर इंडिया ने बताया कि उसे 18 जून की टोरंटो-दिल्ली उड़ान एआई188 रखरखाव तथा चालक दल की ड्यूटी समय सीमा विनियामक मानदंडों से अधिक होने से रद्द करना पड़ा। जो यात्री पहले ही विमान में सवार हो चुके थे, उन्हें उड़ान रद्द होने के बाद नीचे उतार दिया गया। दुबई से दिल्ली जाने वाली उड़ान को तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया और यात्रियों को विमान में सवार होने के बाद उतार दिया गया। दिल्ली से बाली जाने वाली उड़ान को रद्द कर दिया गया, क्योंकि गंतव्य बाली के निकट ज्वालामुखी विस्फोट की खबरों के कारण इसे बीच रास्ते से ही दिल्ली लौटने की सलाह दी गई थी।

## महाराष्ट्र में कक्षा पांच तक हिंदी बनी तीसरी भाषा

**मुंबई/पुणे, एजेंसी**

महाराष्ट्र सरकार ने आदेश जारी कर राज्य में अंग्रेजी और मराठी माध्यम के विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा एक से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी को सामान्य रूप से तीसरी भाषा बनाया है, लेकिन इसे अनिवार्य नहीं बनाया है।

हिंदी पर ताजा आदेश से पैदा हुए विवाद तथा कांग्रेस और मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे की आलोचना के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को स्पष्ट किया कि छात्रों के लिए हिंदी सीखने की अनिवार्यता हटा दी गई है तथा अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। उन्होंने विवाद को अनावश्यक बताया। मंगलवार को जारी संशोधित सरकारी आदेश (जीआर) में कहा गया है कि हिंदी अनिवार्य होने के बजाय सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी, लेकिन इसमें यह विकल्प भी दिया गया है कि यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 विद्यार्थी हिंदी के अलावा अन्य भारतीय भाषा पढ़ने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो वे इसे छोड़ सकते हैं।

● राज्य सरकार ने अंग्रेजी-मराठी माध्यम के विद्यालयों को दिया आदेश, लेकिन हिंदी को अनिवार्य नहीं बनाया

कुछ मराठी भाषा समर्थकों ने जहां सरकार पर शुरू में पीछे हटने के बाद अनिवार्य हिंदी नीति को पिछले दरवाजे से पुनः लागू करने का आरोप लगाया, वहीं कांग्रेस ने फडणवीस पर मराठी लोगों की छाती में छुरा घोंपने का आरोप लगाया। स्कूल शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा 2024 के कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में जीआर जारी किया। जीआर के अनुसार, मराठी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी। आदेश में कहा गया, जो लोग हिंदी के विकल्प के रूप में कोई अन्य भाषा सीखना चाहते हैं, उन्हें स्कूल में प्रत्येक कक्षा से 20 छात्रों की अपेक्षा को पूरा करना होगा। ऐसी स्थिति में, उस विशेष भाषा के लिए एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा या भाषा को ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा।

## एक नजर

### दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा को वाइल्ड कार्ड मिला



**लंदन :** दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा विंबलडन में वापसी कर रही हैं। उन्हें इस साल के टेनिस टूर्नामेंट के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। क्वितोवा 2011 और 2014 की विंबलडन चैंपियन हैं। वह पिछली बार 2023 में इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेलीं थी। पिछले साल विंबलडन टूर्नामेंट के दौरान वह पहली बार मां बनी। कोर्ट से 17 महीने दूर रहने के बाद क्वितोवा ने फरवरी में टेक्सास के ऑस्टिन में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी की और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 572वें स्थान पर हैं। चेक गणराज्य की क्वितोवा बुधवार को मुख्य ड्रॉ में एकल वाइल्ड कार्ड पाने वाली एकमात्र गैर ब्रिटिश खिलाड़ी रहीं। महिला ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड पाने वाली अन्य सात खिलाड़ियों में हीथर वॉटसन, हैरियट डार्ट और जोडी बुरेज शामिल हैं। पुरुष वर्ग में डैन इवान्स सहित सात ब्रिटिश खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड दिया गया हे। पुरुष वर्ग में एक वाइल्ड कार्ड की घोषणा बाद में की जाएगी।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने सचिन तेंदुलकर को ब्रांड दूत बनाया

**नयी दिल्ली :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने बुधवार को महान भारतीय क्रिकेटर सचिन



तेंदुलकर को अपना ब्रांड दूत नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि खेल प्रशंसकों को अब 'रेडिट कम्यूनिटी' में तेंदुलकर के साथ जुड़ने के विशेष अवसर मिलेंगे। अपने आधिकारिक रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से महान बल्लेबाज तेंदुलकर अपने व्यक्तिगत विचार, मैच की जानकारी और विशेष सामग्री साझा करेंगे। बयान में कहा गया है आने वाले महीनों में तेंदुलकर भारत के साथ-साथ दुनिया भर के अन्य बाजारों में रेडिट के लिए एक नए मार्केटिंग अभियान में भी दिखाई देंगे। रेडिट के साथ अपने जुड़ाव पर तेंदुलकर ने कहा मेरे लिए क्रिकेट हमेशा मैदान पर और बाहर लोगों के साथ संबंध के बारे में रहा है। रेडिट को जानने के बाद जो बात सबसे अलग है, वह है इसका जुनून जो इसकी कम्यूनिटी को एक साथ लाता है।

### कपिल देव ने पटौदी ट्रॉफी का नाम बदले जाने पर हैरानी जताई




**नयी दिल्ली :** भारत के दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी करने पर बुधवार को हैरानी जताते हुए इस फैसले को 'अजीब' बताया। मेजबान इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने हाल में पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया है। कपिल ने 1983 के विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ टुनब्रिज वेल्स में हुए मैच में अपनी नाबाद 175 रन की यादगार पारी के उपलक्ष्य में 'थ्री सिक्सटी' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के इतर कहा यह थोड़ा अजीब लगता है। क्या ऐसा भी होता है? लेकिन यह ठीक है, क्रिकेट में सब कुछ चलता है। उन्होंने कहा आखिरकार, कोई अंतर नहीं है। क्रिकेट तो क्रिकेट है। मैदान पर क्रिकेट एक जैसा होना चाहिए। ट्रॉफी का नाम पहले भारत के पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के सम्मान में रखा गया था।

### राडुकानू का पीछा करने वाले को विंबलडन के टिकट से रोका गया

**लंदन :** टेनिस खिलाड़ी ऐमा राडुकानू का पीछा करने के आरोपी ने विंबलडन के टिकट हासिल करने की कोशिश की, लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब की सुरक्षा प्रणाली ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। ब्रिटिश मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीबीसी और अन्य ने बताया कि उस व्यक्ति ने 30 जून से शुरू होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए सार्वजनिक मतपत्र के माध्यम से टिकट के लिए आवेदन करने की कोशिश की लेकिन उसके नाम को हटा दिया गया। फरवरी में दुबई चैंपियनशिप में उस व्यक्ति ने 22 वर्षीय राडुकानू के प्रति 'अड़ियल व्यवहार' दिखाया था। जो एक मैच के दौरान भीड़ में उसे देखकर परेशान हो गई थीं। इससे एक दिन पहले उस व्यक्ति ने राडुकानू के लिए एक पत्र छोड़ा था और उसकी तस्वीर ली थी। जिससे 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन परेशान हो गईं थी।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन में टूर्नामेंट के लिए रवाना

**नई दिल्ली :** भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 से 25 जून तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बुधवार को बर्लिन के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। कप्तान अराइजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय टीम आज सुबह बेंगलुरु से रवाना हुई। आमिर अली टीम के उप कप्तान हैं। टीम 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम इसके बाद 22 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और राउंड रोबिन चरण के अपने अंतिम मैच में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच बर्लिन में होंगे। टूर्नामेंट का समापन 25 जून को क्लासीफिकेशन मुकाबलों के साथ होगा जिसमें शीर्ष दो टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

# भारत की नाक में दम करने वाले एंडरसन पहली बार नहीं दिखेंगे

## भारत-इंग्लैंड मुकाबले में 2006 से लगातार बल्लेबाजों को किया है परेशान, जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट को कह चुके हैं अलविदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शुभमन गिल की अगुआई वाले अपेक्षाकृत अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को जेम्स एंडरसन का नाम इंग्लैंड की टीम में नहीं देखकर राहत मिली होगी। क्योंकि पिछले दो दशक में यह तेज



गेंदबाज निरंतर रूप से भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा रहा है। भारत के खिलाफ 2006 में एंडरसन की पहली श्रृंखला से लेकर 2024 में आखिरी श्रृंखला तक इस महान तेज गेंदबाज ने भारतीय बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया। वर्ष 2000 के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला, ये सभी यादें लोगों के दिमाग में ताजा हैं। कोहली और एंडरसन दोनों अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं।

जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटिल हैं जिससे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लीड्स में गेंदबाजी की शुरुआत के लिए रिकॉर्ड 704 टेस्ट विकेट चटकाने वाले एंडरसन से गेंदबाजी कराने की कल्पना कर सकते हैं। अगर एंडरसन अपनी विदाई के 12 महीने बाद काउंटी क्रिकेट में वापसी करके संघर्षरत लंकाशर को उबार सकते हैं तो भरोसा करें कि वह इंग्लैंड के कमजोर आक्रमण के लिए भी ऐसा कर सकते हैं। ऐसा होने की संभावना नहीं है लेकिन अपने 21 साल के करियर में अपने प्रदर्शन के दम पर एंडरसन ने भारत-इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास में खुद को अमर कर लिया है। दोनों टीम के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी को उनका और सचिन तेंदुलकर का नाम दिया गया है। एंडरसन ने तेंदुलकर को टेस्ट क्रिकेट में नौ बार आउट किया है।

एंडरसन ना केवल उम्र को चुनौती देते हुए लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे बल्कि उनके करियर की खासियत लगातार सटीक गेंदबाजी और गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता पर बेहतरीन नियंत्रण रहा। एंडरसन 2014 की सीरीज में कोहली की ऑफ स्टंप के आसपास की कमजोरी का फायदा उठाने में सफल रहे जबकि चार साल बाद कोहली ने अपनी मानसिक कमजोरी पर काबू पाकर लंबे प्रारूप में दुनिया के सबसे सफल तेज गेंदबाज पर 'दबदबा' बनाया।

शुक्रवार को लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल की संभावित भारतीय सलामी जोड़ी के सामने एक चुनौती कम होगी कि उन्हें नई ड्यूक्स गेंद के साथ एंडरसन गेंदबाजी नहीं कर रहे होंगे।

भारत के खिलाफ 39 टेस्ट मैच में एंडरसन ने 25.47 की शानदार औसत से 149 विकेट चटकाए। भारत में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा लेकिन एंडरसन ने अपने कौशल की बदौलत विपरीत परिस्थितियों में 17 टेस्ट मैच में 44 विकेट लिए। भारतीय बल्लेबाजी क्रम एंडरसन को मैदान से बाहर देखकर खुश होगा।




भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल, शार्दुल ठाकुर और नितीश कुमार रेड्डी लीड्स अभ्यास सत्र के दौरान। • एजेंसी

**2000** के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला, ये सभी यादें लोगों के दिमाग में ताजा हैं।

## टेस्ट कप्तान के तौर पर पहली श्रृंखला का लुत्फ उठा रहे हैं गिल

**लीड्स, एजेंसी :** पहली बार टेस्ट सीरीज में भारत की अगुआई करने की तैयारी कर रहे शुभमन गिल इंग्लैंड के लगातार बदलते मौसम की चुनौती का सामना कर रहे हैं। सीनियर बल्लेबाज लोकेश राहुल भी इन परिस्थितियों में खेलने को लेकर उतने ही उत्साहित हैं। शुक्रवार को हेडिंग्ले में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला भारतीय क्रिकेट में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है जिसमें गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी अब टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं। इन सभी ने संन्यास की घोषणा कर दी है। सीनियर खिलाड़ियों में रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, राहुल, ऋषभ पंत (उप कप्तान) टीम में बने हुए हैं जो नए नेतृत्व समूह के साथ अनुभव का मिश्रण प्रदान करते हैं। बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो में कप्तान गिल सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने साझा किया कि जब वे इंग्लैंड में खेलने के बारे में सोचते हैं तो उनके दिमाग में क्या आता है। गिल ने कहा ड्यूक बॉल, यह नंबर एक है। मौसम जो हमेशा बदलता रहता है, वह रोमांचक और कठिन है। और दर्शकों का माहौल। राहुल ने कहा यहां टेस्ट क्रिकेट खेलना मुझे उत्साहित करता है। यहां की गर्मियां स्वदेश की गर्मियों से अलग है, यह कुछ ऐसा है जिसमें मुझे क्रिकेट खेलने में मजा आता है। जब सूरज निकलता है तो क्रिकेट खेलना बहुत अच्छा लगता है। तीसरी बात है रेस्तरां और खाने के विकल्प। स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने इसे सरल रखते हुए कहा स्विंग और सीम, भारत यहां काफी मैच जीत रहा है। शुक्रवार को पहले टेस्ट में पदार्पण के दावेदार माने जा रहे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा मौसम, हॉट चॉकलेट, ड्यूक गेंद। आठ साल बाद संभावित वापसी के लिए तैयार करुण नायर ने कहा जज्बा, टेस्ट और संस्कृति। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा मैं कहूंगा ड्यूक गेंद, मौसम, कॉफी। बस शहर में घूमें और कॉफी का आनंद लें। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा सुंदर, लॉर्ड्स और घर। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा, एक तो यहां हरियाली है, कॉफी है, और बेशक मौसम।

## शुभमन चौथे और मैं पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करूंगा : पंत



लीड्स में अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ पंत। • एजेंसी

**लीड्स :** भारत के उप कप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को पुष्टि की कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे जबकि वह कप्तान के बाद पांचवें नंबर पर खेलेंगे। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत को चौथे नंबर पर नया बल्लेबाज ढूंढना होगा और गिल अब इस महत्वपर्ण स्थान पर बल्लेबाजी करेंगे। पंत ने कहा मुझे लगता है कि अब भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि तीसरे नंबर पर कौन खेलेगा। लेकिन चौथे और पांचवें नंबर पर निश्चित रूप से फैसला हो चुका है। मुझे लगता है कि शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और मैं पांचवें नंबर पर ही खेलूंगा और बाकी हम इस पर चर्चा करते रहेंगे। पंत ने कहा कि मैदान के अंदर और बाहर गिल के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैदान के बाहर मेरा और शुभमन का रिश्ता बहुत अच्छा है। अगर आप मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं तो यह रिश्ता आखिरकार मैदान पर भी कायम रहता है। इस बात पर मेरा हमेशा विश्वास रहा है। इंग्लैंड भी अपने संन्यास ले चुके दिग्गज तेज गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के बिना खेलेगा।

## पहले दिन तेज गेंदबाजों को मदद करेगी पिच

**लीड्स, एजेंसी**

लीड्स के मैदान प्रमुख रिचर्ड रॉबिन्सन ने कहा है कि यहां असामान्य रूप से शुष्क मौसम और इंग्लैंड की आक्रामक खेल शैली ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए 'अच्छी सतह' की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

लीड्स आमतौर पर किसी श्रृंखला के बीच में टेस्ट मैच की मेजबानी करता है, लेकिन यहां शुरुआती मैच के आयोजन ने बहुत अधिक ध्यान आकर्षित किया है। रॉबिन्सन 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा वे (इंग्लैंड) बस एक अच्छी सतह चाहते हैं, ताकि हम गेंद की लाइन पर हिट कर सकें। वे यही चाहते हैं। रॉबिन्सन को उम्मीद है कि शुरुआती दिन पिच तेज गेंदबाजों की मदद करेगी, लेकिन अपेक्षित गर्मी के कारण सपाट हो जाएगी। पिच ना केवल इंग्लैंड की बैजबॉल शैली (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की शैली) के अनुकूल होगी बल्कि यह अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मुकाबले में बने रहने का अधिक मौका देगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम में लोकेश राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे। जिन्हें एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में अपने साधारण रिकॉर्ड को देखते हुए काफी कुछ साबित करना होगा।



भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी। • एजेंसी

बल्लेबाजी क्रम में यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं, जो सीनियर टीम के साथ इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर आए हैं। करुण नायर ने पिछली बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था। भारतीय टीम सोमवार को यहां पहुंची जबकि इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जहां दिन के दौरान पिच को ढककर रखा गया था। भारत ने पिछले दो दशक में यहां बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। टीम को 2021 में यहां अपने पिछले मैच में पारी की हार का सामना करना पड़ा था।

## भारतीय टीम में बहुत गहराई : कार्स

**लीड्स :** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बावजूद पांच मैच की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम कड़ी चुनौती पेश करेगी क्योंकि टीम में 'बहुत गहराई' है।

कोहली और रोहित ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी जिसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए शुभमन गिल को नया कप्तान नियुक्त किया। कार्स ने बुधवार को यहां कहा जाहिर है आप जानते हैं कि कोहली और रोहित की अनुपस्थिति उनके बल्लेबाजी क्रम के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

## सूर्यकुमार हर्निया के उपचार के लिए इंग्लैंड रवाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव 'स्पोर्ट्स हर्निया' से संबंधित चोट के इलाज के लिए विशेषज्ञ से परामर्श लेने इंग्लैंड गए हैं और यदि आवश्यक हुआ तो उनकी सर्जरी भी हो सकती है। तैंतीस वर्षीय सूर्यकुमार ने मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 700 से अधिक रन बनाए और इसके तुरंत बाद मुंबई प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट में भी खेले।

यह ज्ञात नहीं है कि क्या मुंबई टी20 लीग के दौरान उनका दर्द बढ़ गया था क्योंकि सूर्यकुमार तीन महीने तक लगातार यात्रा कर रहे थे और खेल रहे थे। इस क्रिकेटर के एक करीबी सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया सूर्या पेट के निचले हिस्से में दाहिनी तरफ स्पोर्ट्स हर्निया से पीड़ित हैं।



## ब्रांड दूत बनीं कंगना रनौत

**नई दिल्ली :** अभिनेत्री कंगना रनौत को बुधवार को सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया।

कंगना ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं।

## भारत पूरी तैयारी के साथ आया है : जो रूट

**लीड्स, एजेंसी**

विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद आए खालीपन के बावजूद इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जो रूट का मानना है कि दौरे पर आई भारतीय टीम ने आगामी टेस्ट सीरीज के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रूट की यह राय हालांकि उनके कुछ हमवतन खिलाड़ियों के विचारों से अलग है।

दोनों टीम शुक्रवार से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में हिस्सा लेंगी। पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रोहित और कोहली की अनुपस्थिति में शुभमन गिल भारतीय टीम की कमान संभालेंगे जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। चौंतीस वर्षीय रूट ने बुधवार को 'स्काई स्पोर्ट्स' के कमेंटेटर और टीम के अपने पूर्व साथी स्टुअर्ट ब्रॉड से कहा, आप केवल उत्साहित हो सकते हैं। ये वे श्रृंखलाएं हैं जिनके लिए आप खेलते हैं। हमारे सामने जो अवसर हैं वे शानदार हैं। उन्होंने कहा आप जानते हैं कि एशेज आ रही है और आपसे इसके बारे में पूछा जाएगा। लोग भारत श्रृंखला में होने वाली घटनाओं को इससे जोड़कर देखेंगे लेकिन आपको एक शानदार टीम के खिलाफ काम करना होगा। रूट ने कहा, आप सभी प्रारूपों में एक टीम के रूप में भारत की प्रगति को देखें और उन्होंने सभी विभागों में काम किया है- शानदार तेज गेंदबाजी आक्रमण, प्रतिभाशाली बल्लेबाज और एक बहुत ही मजबूत स्पिन आक्रमण। उन्होंने कहा वे दुनिया में कहीं भी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं लेकिन घरेलू मैदान पर हमारा रिकॉर्ड शानदार है जो इस श्रृंखला को प्रतिस्पर्धी बनाता है। हम इस श्रृंखला में आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे लेकिन साथ ही उनके लिए बहुत सम्मान के साथ भी उतरेंगे।



इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट। • एजेंसी

## उच्च न्यायालय ने बीसीसीआई की याचिका खारिज की

**मुंबई :** मुंबई उच्च न्यायालय ने बीसीसीआई की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने अब बंद हो चुकी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोच्चि टस्कर्स केरल के पक्ष में 538 करोड़ रुपये से अधिक के मध्यस्थ के फैसले को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति आर चागला ने मंगलवार को पारित आदेश में कहा कि मध्यस्थ के फैसले में कोई 'स्पष्ट अवैधता' नहीं है जिसके लिए अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता हो।

कोच्चि टस्कर्स केरल फ्रेंचाइजी को रोंदिवू स्पोर्ट्स वर्ल्ड (आरएसडब्ल्यू) के नेतृत्व वाले समूह को दिया गया था और बाद में इसे कोच्चि क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित किया गया था। टीम ने 2011 में आईपीएल में भाग लिया लेकिन अगले साल बीसीसीआई ने उनका अनुबंध समाप्त कर दिया था। यह विवाद बीसीसीआई द्वारा इस आधार पर समझौते को समाप्त करने के इर्द-गिर्द है कि केसीपीएल और आरएसडब्ल्यू कथित रूप से अपेक्षित बैंक गारंटी प्रस्तुत करने में विफल रहे। केसीपीएल और आरएसडब्ल्यू ने 2012 में मध्यस्थता की कार्यवाही शुरू की और अनुबंध को इस तरह खत्म करने को गलत बताया। अन्य विवादास्पद मुद्दों में स्टेडियम की उपलब्धता और मैचों की संख्या में कमी से संबंधित मामले शामिल थे। मध्यस्थता पंचाट ने 2015 में उनके पक्ष में फैसला सुनाया।

## पाकिस्तान के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी भारतीय टीम

- महिला टी20 विश्व कप 2026 के पहले मैच में 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ होगा मुकाबला

**दुबई, एजेंसी**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में 14 जून को एजबेस्टन में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और मेजबान इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम घोषित किया जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी।

अगले साल होने वाला यह टूर्नामेंट 24 दिन तक चलेगा जिसकी शुरुआत 12 जून से होगी और समापन पांच जुलाई को होगा। टूर्नामेंट के 33 मुकाबले इंग्लैंड के सात स्थानों पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच 12 जून को एजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होगा जबकि भारत और पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत एजबेस्टन में ही करेंगे। एजबेस्टन के अलावा मैच हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी मैदान और लॉर्ड्स पर खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 30 जून और दो जुलाई को ओवल में होंगे जबकि फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा।

टूर्नामेंट की 12 टीम को छह-छह के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप एक में छह बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया, पिछले चरण की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। वहीं ग्रुप दो में गत विजेता न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, मेजबान इंग्लैंड और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पाकिस्तान के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले के बाद भारतीय टीम 17 जून को क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ अपने मुकाबले के लिए हेडिंग्ले जाएगी और उसके बाद टीम का सामना 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारत 25 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में ग्रुप एक की दूसरी क्वालीफाइंग टीम का सामना करेगा।




भारतीय महिला क्रिकेट टीम। • एजेंसी (फाइल फोटो)

**महिला टी20 विश्व कप**

| | |
|---|---|
| 12 | जून को इंग्लैंड में आगाज |
| 05 | जुलाई को समापन होगा |
| 24 | दिन चलेंगे मुकाबले |
| 33 | मैच कुल खेले जाएंगे |
| 07 | मैदानों पर होंगी टक्कर |
| 12 | टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया |

